लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 245, पृष्ठ 16+4, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

बरेली, रविवार, 21 जुलाई 2024




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, मानसून की विभीषिका से आखिर कैसे बचा जाए व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

**आज का मौसम**

38.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान

आसमान में आंशिक बादल छाए रहेंगे।

सूर्योदय 05 : 27
सूर्यास्त 19 : 02



जेलेंस्की यूक्रेन पर चर्चा के लिए डोनाल्ड ट्रंप से सहमत...14


**FUTURE UNIVERSITY**

Learn · Assimilate · Transcend

**A NEW ERA BEGINS**

Proud to attain Full University Status in Uttar Pradesh,
**Future Group of Institutions is now Future University -**
Just another testament to our commitment for excellence in Higher Education.




| 15000+ | 5000+ | 200+ | 15+ | 500+ |
|---|---|---|---|---|
| Students Enrolled | On Campus Placement | Experienced Faculty Members | Years of Education Experience | Industry Connections for Placement & Internship |

## PROGRAMS OFFERED

**FACULTY OF APPLIED SCIENCE**
- B.Sc. (Honors) in (Physics, Chemistry, Mathematics)
- B.Sc. in (PCM, ZBC, Microbiology, Nutrition & Dietetics, Fashion Design)
- M.Sc. in (Physics, Chemistry, Mathematics, Zoology, Botany)

**FACULTY OF HUMANITIES**
- BA (Economics), Honors
- BA (Psychology), Honors
- BA Political Science (Honors)
- BA in Animation
- BA (Journalism & Mass Communication)

**FACULTY OF BIO-TECHOLOGY**
- B.Sc. in Biotechnology (Honors)

**FACULTY OF PHARMACY**
- B.Pharm.
- D.Pharm.

**FACULTY OF COMMERCE & MANAGEMENT**
- B.Com (Honors)
- B.Com
- B.Com. (Accounting, Auditing & Taxation)
- B.Com. (Honors) Applied Finance & Analytics
- B.Com. (Honors) Banking & Finance
- BBA
- BBA (Business Analytics), Honors
- BBA in Economics & Finance
- BBA (Honors) in E-Commerce & Digital Marketing
- M.Com.

**FACULTY OF AGRICULTURE**
- B.Sc. (Honors) in Agriculture

**FACULTY OF ENGINEERING & TECHNOLOGY**

**Degree Courses:**
- B.Tech. in Computer Science & Engineering
- B.Tech in CSE (Specialization in Artificial Intelligence)
- B.Tech in CSE (Spel. in Cloud Computing & Cyber Security)
- B.Tech CSE (Honors) with Specialization in Machine Learning & Artificial Intelligence
- B.Tech in Electronics & Communication Engineering (Artificial Intelligence & Machine Learning)
- B.Tech in Electronics & Communication Engineering (Advanced Communication Technology)
- B.Tech. in Mechanical Engineering
- B.Tech. in Electrical Engineering
- B.Tech. in Civil Engineering

**Diploma Courses:**
- Diploma in Computer Science & Engineering
- Diploma in Mechanical Engineering (Automobile)
- Diploma in Mechanical Engineering (Production)
- Diploma in Civil Engineering
- Diploma in Electrical Engineering

**Master Degree:**
- M.Tech. in Computer Science & Engineering
- M.Tech. in Mechanical Engineering

**FACULTY OF COMPUTER APPLICATION**

**Bachelor Courses:**
- BCA
- BCA in AI & Cloud Technology
- BCA Specialization in Multimedia & Animation

**Master Degree:**
- MCA

**FACULTY OF MANAGEMENT**
- MBA (Specialization in Marketing, HR, Finance, IB, IT, Retail & Digital Marketing) (Dual Specialization)
- Master of Agribusiness Management (MABM)
- MBA in Analytics
- MBA in Digital Marketing
- MBA in International Business
- MBA in Business Economics

**FACULTY OF MEDICAL SCIENCE**
- BAMS
- B.Sc. (Nursing)
- GNM
- ANM
- Diploma in OT, X-RAY TECH., Optometry, DPT

**FACULTY OF EDUCATION**
- B.Ed.
- D.El.Ed.

**Hurry ! Early Bird CUET Scholarship upto 100%**

100% CUET Based Scholarship
Applicable with CUET Roll Number Only

100% Merit Scholarship
On the basis of 12th Percentage

100% Scholarship for 101 Unique Innovative Ideas

ADMISSIONS OPEN

**Campus: Bareilly-Lucknow Road, Near Faridpur, Bareilly**

www.futureuniversity.in
futuregroupofinstitutions
futuregroupofinstitution
admissions@futureinstitutions.org

Call: 9917480040    Toll FREE: 1800-123-6789

# माइक्रोसॉफ्ट सर्वर में खराबी से बरेली से होने वाली उड़ानों पर असर नहीं

कार्यालय संवाददाता,बरेली




- शनिवार को एयरलाइंस टिकट बुकिंग में कुछ दिक्कतें आईं

**अमृत विचार** : माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर में आई तकनीकी खराबी का असर बरेली एयरपोर्ट से मुम्बई और बेंगलुरु की फ्लाइट पर नहीं पड़ा। दोनों जगहों के लिए उड़ान समय पर हुई।

यहां सप्ताह में चार दिन रविवार, मंगलवार, गुरुवार, शुक्रवार को मुम्बई और तीन दिन सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को बरेली से बेंगलुरु की फ्लाइट है। शुक्रवार के दिन दोनों जगहों के लिए फ्लाइट है। दोपहर करीब 11.30 बजे सभी एयरलाइंस के बोर्डिंग पास काउंटर पर सर्वर डाउन हो गया था। इसको देखते हुए अधिकारी सजग हो गए। शेड्यूल टाइम इंडिगो की फ्लाइट 1.30 बजे आगमन और वापसी में बरेली एयरपोर्ट से 2.30 बजे उड़ान भरने में सफल रही। इस वजह से यात्रियों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। हालांकि, शनिवार सुबह सर्वर में खराबी से एयरलाइंस टिकट बुकिंग में दिक्कतें आईं। इसके वजह से लोगों के टिकट नहीं निकल पाए। एयरपोर्ट निदेशक अवधेश अग्रवाल ने बताया कि बरेली एयरपोर्ट से दोनों जगहों की उड़ना पर कोई असर नहीं पड़ा है। जानकारी मिलते ही सजगता बरती गई। यह स्टाफ के कुशल मैनेजमेंट की देन है।

# अमरोहा में हादसे के बाद 20 ट्रेनें प्रभावित

## अचानक कई ट्रेनें निरस्त होने से बरेली जंक्शन पर परेशान होते रहे यात्री

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : मुरादाबाद-दिल्ली रेलखंड के अमरोहा रेलवे स्टेशन के पास कल्याणपुर रेलवे क्रासिंग पर शनिवार शाम मालगाड़ी पटरी से उतर गई। हादसे के कारण अप और डाउन लाइन पर यातायात रोक दिया गया। इस वजह से 20 से ज्यादा ट्रेनें प्रभावित हुईं। देर रात ट्रेनों को डायवर्ट किया गया। कई ट्रेनें बरेली जंक्शन पर अचानक निरस्त हो गईं। लखनऊ मेल, पद्मावत एक्सप्रेस निरस्त हो गई तो दूसरी तरफ इंटरसिटी जैसी ट्रेनें लेट हो गईं।

- कई ट्रेनें घंटों की देरी से पहुंचीं
- पूछताछ काउंटर पर लगी भीड़

यात्रियों को परेशानी से जूझना पड़ा। ट्रेनों के बारे में जानकारी करने के लिए पूछताछ काउंटर पर यात्रियों की भीड़ लगी रही। तमाम यात्रियों ने दूसरे वाहनों से सफर तय किया।

15274 सत्याग्रह एक्सप्रेस, 19601 उदयपुर सिटी न्यू जलपाई गुड़ी एक्सप्रेस, इंटरसिटी एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें चार से पांच घंटा लेट चल रही थीं, जो देर रात तक जंक्शन नहीं आई थीं। वहीं, 14208 पद्मावत एक्सप्रेस, 12391 श्रमजीवी एक्सप्रेस, 13430 मालदा टाउन एक्सप्रेस को डायवर्ट किया गया था, लेकिन इन्हें बरेली जंक्शन से गुजारा गया। आगे जाकर डायवर्ट होने से यात्रियों को दिक्कत का सामना करना पड़ा।

**डिरेलमेंट के कारण 13 ट्रेन निरस्त:** सबसे ज्यादा दिक्कत उन यात्रियों को हुई, जो बरेली जंक्शन पर ट्रेनों के इंतजार में पहुंचे थे, लेकिन रेल प्रशासन ने इन ट्रेनों को डायवर्ट कर दिया। जिसकी वजह से जंक्शन पर इन ट्रेनों का संचालन निरस्त हो गया। 14206 अयोध्या एक्सप्रेस, 14242 नौचंदी एक्सप्रेस, 22420 सुहेलदेव सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 12230 लखनऊ मेल, 12430 नई दिल्ली लखनऊ एसी एक्सप्रेस, 14205 अयोध्या दिल्ली एक्सप्रेस, 15127 काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस,19408 साबरमती एक्सप्रेस, 12429 लखनऊ नई दिल्ली एसी एक्सप्रेस, 22417 महामना एक्सप्रेस,14241 नौचंदी एक्सप्रेस, 12229 लखनऊ मेल एक्सप्रेस निरस्त की गई थी। वहीं, 22454 राज्य रानी एक्सप्रेस डायवर्ट होने के कारण रविवार को जंक्शन पर निरस्त रहेगी।



ट्रेनों का संचालन प्रभावित होने के बाद बरेली जंक्शन पर परेशान यात्री। • अमृत विचार

### टिकट वापसी के लिए अतिरिक्त काउंटर खोले

स्टेशन अधीक्षक भानु प्रताप सिंह ने बताया कि बरेली जंक्शन से गुजरने वाली 20 से अधिक ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ है। उन्होंने बताया कि जो ट्रेनें निरस्त हुई हैं, उनके यात्रियों का पूरा पैसा काउंटर पर वापस किया गया है। टिकट वापस कराने के लिए अतिरिक्त काउंटर खोले गए हैं।

## आज से 96 ट्रेनों का संचालन प्रभावित, दो सप्ताह यात्रा होगी मुश्किल

**बरेली, अमृत विचार** : रोजा स्टेशन के यार्ड में ब्लॉक की वजह से अगले दो सप्ताह तक 96 ट्रेनों का संचालन प्रभावित होगा। लालकुआं-काठगोदाम और अमृतसर-गोरखपुर एक्सप्रेस का संचालन रविवार से निरस्त हो जाएगा। इसके अलावा बरेली जंक्शन से गुजरने वाली करीब 48 ट्रेनें अगले दो सप्ताह से ज्यादा समय तक निरस्त रहेंगी। रोजा के यार्ड में मरम्मत कार्य की वजह से 7 जुलाई से 5 अगस्त तक ब्लॉक लिया गया है। अब काम तेज होने की वजह से कई ट्रेनों को निरस्त किया जाएगा। इनमें बरेली जंक्शन से होकर गुजरने वाली 14617 जनसेवा एक्सप्रेस 27 जुलाई से 7 अगस्त तक, 14618 जनसेवा एक्सप्रेस 25 जुलाई से 5 अगस्त तक, 12492 मौर ध्वज एक्सप्रेस 26 जुलाई और 2 अगस्त, 12491 मौर ध्वज एक्सप्रेस 28 जुलाई से 4 अगस्त, 15211 जननायक एक्सप्रेस 23 जुलाई से 4 अगस्त, 15212 जननायक एक्सप्रेस 25 जुलाई से 6 अगस्त, 22423 जनसाधारण एक्सप्रेस 22 व 29 जुलाई और 5 अगस्त, 22424 जनसाधारण एक्सप्रेस 21 व 28 जुलाई और 8 अगस्त, 14603 जनसाधारण एक्सप्रेस 26 जुलाई व 2 अगस्त, 14604 जनसाधारण एक्सप्रेस 24 व 31 जुलाई, 22551 अंत्योदय सुपरफास्ट 27 जुलाई व 3 अगस्त, 22552 अंत्योदय एक्सप्रेस 28 जुलाई व 4 अगस्त, 22453 राज्यरानी एक्सप्रेस 2 से 5 अगस्त, 22454 राज्यरानी एक्सप्रेस 3 से 6 अगस्त, 14235 बरेली-वाराणसी एक्सप्रेस 31 जुलाई से 4 अगस्त, 14236 वाराणसी बरेली एक्सप्रेस 1 से 5 अगस्त, 14307 प्रयागराज बरेली एक्सप्रेस 1 से 5 अगस्त तक और 14308 बरेली-प्रयागराज 1 से 5 अगस्त तक निरस्त रहेगी।

### त्रिवेणी एक्सप्रेस समेत ये ट्रेनें भी निरस्त

इसके अलावा 15043 लखनऊ काठगोदाम, 15044 काठगोदाम लखनऊ, 15904 चंडीगढ़ डिब्रुगढ़, 15903 डिब्रुगढ़-चंडीगढ़, 15119 जनता, 15120 जनता, 14241 व 14242 नौचंदी , 15073, 15075, 15076, 15074 त्रिवेणी, 15127, 15128 काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस, 12203, 12204 गरीबरथ, 15910, 15909 अवध असम, 15654 जम्मूतवी गुवाहटी, 15653 गुवाहटी जम्मूतवी, 12588, 12587 अमरनाथ, 15623, 15624 कामाख्या, 15531, 15532 जनसाधारण, 15655, 15656 कामाख्या एक्सप्रेस और 04379, 04380 रोजा बरेली मेमू ट्रेन का संचालन अलग-अलग तिथियों में निरस्त रहेगा।

### 10 ट्रेनें रिशेड्यूल और 13 ट्रेनें रेग्युलेट

: रेल प्रशासन ने छह ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट और शार्ट ओरिजनेट, सात ट्रेनों को डायवर्ट, 10 ट्रेनों को रिशेड्यूल और 13 ट्रेनों को रेग्युलेट कर चलाया जाएगा। इनमें कुंभ, उपासना, राजधानी, श्रमजीवी, सियालदह, हिमगिरी, गंगा सतलुज एक्सप्रेस और पंजाब मेल आदि ट्रेनों शामिल हैं।

# तेज धूप खिलने से चढ़ा पारा, गर्मी से बेहाल हुए लोग

**बरेली, अमृत विचार** : जिले में बारिश न होने और तेज धूप खिलने से तापमान में काफी बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। इसकी वजह से लोग गर्मी में बेहाल हो गए। मौसम विभाग ने सप्ताह भर हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान जताया है। शनिवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 3 .4 डिग्री अधिक 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो शुक्रवार से पांच डिग्री अधिक रहा। वहीं न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 27 .2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस दौरान आर्द्रता सुबह 83 प्रतिशत और शाम को 65 प्रतिशत दर्ज की गई। हवाओं की रफ्तार 5-8 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 21 और 22 जुलाई को मध्यम से भारी बारिश, 23 और 24 जुलाई को हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं।















# हाउस टैक्स के बिलों में गलतियां रोज आ रहीं 90 से अधिक आपत्तियां

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : जीआईएस सर्वे के बाद नगर निगम के कर विभाग का दावा था कि भवनस्वामियों को परेशानी नहीं होगी, लेकिन नए सॉफ्टवेयर से उनकी दिक्कतें कम होने की जगह बढ़ गई है। हाउस टैक्स में गलतियों की भरमार है। अब रोज 90 से अधिक आपत्तियां आ रही हैं। इनकी संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। पहले एक दिन में 10 आपत्तियां आती थीं, लेकिन इस सप्ताह इनकी संख्या बढ़ी है। इसको लेकर कर विभाग के कर्मचारी हैरत में हैं, क्योंकि निराकरण में ही उनका समय गुजर जा रहा है।

- भवनस्वामी समस्या का समाधान कराने के लिए नगर निगम के काट रहे चक्कर

भवनस्वामियों को समय से हाउस टैक्स जमा करने के लिए कई दिनों तक चक्कर लगाना पड़ रहे हैं। करीब 50 फीसदी भवनस्वामी ऐसे हैं, जिनके बिलों में गलतियां हैं। कर विभाग के पास करीब एक सप्ताह के दौरान आई आपत्तियों पर गौर किया जाए तो इनकी संख्या 630 के पार पहुंच गई है। इस हिसाब से निराकरण की गति काफी धीमी है। एक दिन में 30 से 35 का ही निराकरण हो पा रहा है। कर विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सबसे अधिक समस्या एरिया को लेकर आ रही है। छोटा मकान होने के बाद कर अधिक आ गया है। कई बिल ऐसे है, जिनमें वार्ड संख्या गलत है। मिश्रित भवनों को व्यवसायिक दिखाकर टैक्स लगा दिया गया है। इसके कारण लोगों को नगर निगम में बार-बार चक्कर लगाना पड़ रहे हैं।



टैक्स जमा करने के लिए जुटी भीड़। • अमृत विचार

बिल पहले कम आता था, लेकिन जब से नया सर्वे हुआ है, दोगुना हो गया है। बिल जमा करने के लिए दो दिनों से नगर नगर निगम के चक्कर लगा रहा हूं, लेकिन समाधान नहीं हो पा रहा है। **-तस्लीम**

हमारा मकान छोटा है, लेकिन सेटेलाइट से मकान की तस्वीर लेकर एरिया बड़ा दिखा दिया गया है। इसको कम कराने के लिए शिकायत लेकर आया हूं। सोचा था कि ठीक हो जाएगा तो बिल आज जमा कर देंगे। **-हरिशंकर**

हमें जो बिल भेजा गया है, उसमें गलती है। इस कारण टैक्स जमा नहीं हो पाया है। इसके संबंध में मैंने आपत्ति दर्ज करा दी है, जब निराकरण होगा तो बिल जमा करेंगे। **- फरहान**

चार दिन से अवकाश पर हूं। नया सॉफ्टवेयर होने के कारण दिक्कतें हो रही है। नया करदेयक बनाया गया है। इसके कारण आपत्ति अधिक आ रही है। इसका निराकरण किया जा रहा है। इस समसय का निदान करने के लिए कर्मचारियों को लगाया गया है।

**-प्रदीप कुमार मिश्रा**, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी

## बारिश के मौसम में बढ़ी बीटल बाइट्स के मरीजों की तादाद

**बरेली, अमृत विचार** : बारिश के मौसम में कीड़े भी शरीर पर हमला कर रहे हैं। इन्हें बीटल बाइट्स कहा जाता है। 20 दिन से जिला अस्पताल और तीन सौ बेड अस्पताल के त्वचा रोग विभाग में बीटल बाइट्स के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। रोजाना ओपीडी में ऐसे 10 से 12 मरीज पहुंच रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार इसकी अनदेखी करने पर त्वचा में गंभीर संक्रमण हो सकता है।जिला अस्पताल और तीन सौ बेड अस्पताल में लंबे समय से स्थाई त्वचा रोग विशेषज्ञ की तैनाती नहीं हुई है।

- जिला अस्पताल और तीन सौ बेड अस्पताल की ओपीडी में हर रोज 10 से 12 मरीज पहुंच रहे

यहां निजी मेडिकल कॉलेज से प्रशिक्षण लेने आए प्रशिक्षु डॉक्टर मरीजों को इलाज और परामर्श दे रहे हैं। जिला महिला अस्पताल के सीएमएस एवं वरिष्ठ त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. त्रिभुवन प्रसाद ने बताया कि बारिश के मौसम में जहरीले कीड़ों का हमला बढ़ जाता है। इनके काटने से शरीर पर छाले पड़ने लगते हैं और उनमें तेज जलन होती है। शरीर पर यह छाले एक लाइन में होते हैं।

# रामगंगा नगर आवासीय योजना में कॉमर्शियल भूखंडों की हुई नीलामी

- बरेली विकास प्राधिकरण को हुई 75 करोड़ रुपये की आमदनी
- योजना में लखनऊ, कानपुर, मुरादाबाद के उद्यमी करेंगे निवेश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : बरेली विकास प्राधिकरण की रामगंगा नगर आवासीय योजना के तहत विभिन्न सेक्टरों पर कॉमर्शियल भूखंडों की नीलामी शनिवार को की गई। सबसे महंगा भूखंड 1240 वर्गमीटर का रहा। 98 हजार वर्ग मीटर के हिसाब से भूखंड की नीलामी हुई। कॉमर्शियल भवनों के भूखंडों को लेने के लिए लखनऊ, हरदोई, कानपुर और बरेली समेत मुरादाबाद की नामी कंपनियों ने नीलामी में भाग लिया।

रामगंगा नगर आवासीय योजना में बीडीए के नवीन कार्यालय परिसर में नीलामी प्रक्रिया संपन्न हुई। लाटरी ड्रॉ के माध्यम से व्यावसायिक भूखंडों का आवंटन किया गया। बीडीए उपाध्यक्ष मनिकंडन ए ने बताया कि कॉमर्शियल भूखंडों की उच्चतम बोली दो लाख एक हजार रुपये प्रति वर्गमीटर की लगी। रामगंगा नगर आवासीय योजना में कामर्शियल, ग्रुप हाउसिंग, अस्पताल एवं स्कूल के प्लॉट की नीलामी हुई। इन भूखंडों की नीलामी में प्राधिकरण को 75 करोड़ रुपये की आमदनी हुई। ग्रेटर बरेली आवासीय योजना के अंदर आवासीय व व्यवसायिक भूखंडों के अतिरिक्त होटल, अस्पताल, विभिन्न स्तर के शैक्षिक संस्थान व साइबर सिटी, मल्टीप्लैक्स आदि की स्थापना के लिए भी भूखंड विकसित किए जा रहे हैं। बीडीए उपाध्यक्ष मनिकंडन ए ने बताया कि नीलामी में 1240 वर्ग मीटर का कॉमर्शियल प्लॉट नीलामी से उच्चतम बोली लगाकर खरीदा गया। बरेली में निवेश के लिए बाहर की कंपनियां रुचि दिखा रही है। इसका लाभ बरेलीवासियों को मिलेगा। बरेली में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन भी होगा।




रामगंगा नगर आवासीय योजना के भूखंडों की नीलामी के दौरान मौजूद अधिकारी।



















इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, मानसून की विभीषिका से आखिर कैसे बचा जाए व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 245, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



आज का मौसम 37.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 27 सूर्यास्त 19 : 02

बरेली, रविवार, 21 जुलाई 2024

तीन विपक्षी दल ओली के खिलाफ देंगे मत...14

# संसद का मानसून सत्र कल से, बजट 23 को

नई दिल्ली, एजेंसी

- 12 अगस्त को सत्र समाप्त होने तक होंगी कुल 19 बैठकें

संसद का मानसून सत्र सोमवार से शुरू होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 को केंद्रीय बजट पेश करेंगी। इस सत्र के दौरान विपक्ष नीट पेपरलीक और रेल सुरक्षा जैसे मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने की तैयारी में हैं। मानसून सत्र 22 जुलाई से शुरू होकर 12 अगस्त को समाप्त होगा। इस दौरान कुल 19 बैठकें होंगी।

सरकार की ओर से छह विधेयक पेश किए जाने की उम्मीद है, जिनमें 90 साल पुराने विमान अधिनियम को बदलने वाला विधेयक भी है। इस सत्र में जम्मू-कश्मीर के बजट के लिए संसद की मंजूरी भी मिलने की संभावना है।

### नारे न लगाने का अनुरोध

**नई दिल्ली।** सोमवार से संसद सत्र शुरू होने से पहले सांसदों को याद दिलाया गया है कि सभापति के निर्णयों की सदन के अंदर या बाहर सीधे तौर पर या परोक्ष तौर पर आलोचना नहीं की जानी चाहिए। साथ ही सदस्यों को वंदे मातरम, जय हिंद सहित अन्य नारे नहीं लगाने चाहिए।

# मालगाड़ी के 10 डिब्बे पलटे, तीन दिन में दूसरा हादसा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा




अमरोहा में मालगाड़ी के पलटे पड़े डिब्बे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अमरोहा में रेलवे स्टेशन से आगे कल्याणपुरा फाटक के पास शनिवार शाम मालगाड़ी के 10 डिब्बे पटरी से उतरकर पलट गए। घटना के बाद दिल्ली-लखनऊ रेल लाइन पर 16 ट्रेनें का संचालन बाधित हो गया। सूचना के बाद घटनास्थल पर पहुंचे रेलवे के अधिकारियों ने जांच की। पटरी से उतरने की यह तीन दिन के भीतर दूसरी घटना है।

अमरोहा रेलवे स्टेशन अधीक्षक सरदार सिंह ने बताया कि गोंडा कचहरी से गाजियाबाद जा रही मालगाड़ी शनिवार शाम 6:59 बजे अमरोहा रेलवे स्टेशन पहुंची। यहां से मालगाड़ी दिल्ली की ओर आगे बढ़ी तो अतरासी पुल से पहले मालगाड़ी बेपटरी हो गई। ट्रैक से उतरकर आठ कंटेनर, दो टैंकर और छह ट्रॉली (जिनमें कंटेनर रखे जाते हैं) पलट गए। मालगाड़ी अप लाइन पर थी, जबकि पलटने के बाद डिब्बे डाउन लाइन पर पहुंच गए। इससे दोनों रेलवे ट्रैक क्षतिग्रस्त हो गए। तेज धमाके की आवाज सुनकर स्थानीय लोग सहम गए। हालांकि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। बताया गया कि दो डिब्बों में केमिकल भरा था, जबकि अन्य डिब्बे खाली थे। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि इस रूट पर 16 से ज्यादा ट्रेनें प्रभावित हुई हैं।

### 500 मीटर उखड़ गई पटरी

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि 500 मीटर दूर तक रेल पटरी उखड़ गई है। इसके अलावा बिजली की ओवरहेड लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई है। प्रारंभिक जांच में घटना की वजह साफ नहीं हुई है। इस संबंध में डीआरएम मुरादाबाद राजकुमार सिहं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर घटना की जानकारी साझा की। उन्होंने लिखा कि अमरोहा-काफूरपुर स्टेशनों के बीच एक कंटेनर मालगाड़ी के डिरेलमेंट के कारण मुरादाबाद-गजरौला रेलखंड पर रेल संचालन प्रभावित हुआ है।

# मास्टरमाइंड व एमबीबीएस के दो छात्र सीबीआई के हत्थे चढ़े

**नीट-यूजी मामला**

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले के सूत्रधारों में शामिल एनआईटी-जमशेदपुर से एक बी-टेक स्नातक और पैसों के लिए परीक्षा के पेपर कथित तौर पर हल करने वाले एमबीबीएस के दो छात्रों को शनिवार को गिरफ्तार किया। इन गिरफ्तारियों के साथ मेडिकल प्रवेश परीक्षा में कथित अनियमितता से जुड़े छह मामलों में एजेंसी द्वारा अब तक गिरफ्तार किये गए लोगों की कुल संख्या बढ़कर 21 हो गई है। एमबीबीएस के दोनों छात्रों को शनिवार को राजस्थान के भरतपुर के एक मेडिकल संस्थान से गिरफ्तार किया गया। एमबीबीएस के द्वितीय वर्ष के छात्र कुमार मंगलम बिश्नोई और प्रथम वर्ष के छात्र दीपेंद्र शर्मा पांच मई को झारखंड के हजारीबाग में मौजूद थे और कथित तौर पर पंकज कुमार नामक इंजीनियर द्वारा चुराये गए प्रश्नपत्रों को हल किया था। कुमार ने झारखंड के हजारीबाग में एनटीए के एक बक्से से प्रश्नपत्र चुराये थे।

# यूपीएससी अध्यक्ष का इस्तीफा

## पिछले साल अध्यक्ष बने थे मनोज सोनी, पांच साल का कार्यकाल था बाकी

नई दिल्ली, एजेंसी



- बोले- इसका पूजा खेडकर विवाद से संबंध नहीं

यूपीएससी के अध्यक्ष मनोज सोनी ने निजी कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। सोनी का कार्यकाल मई 2029 में समाप्त होना था। सूत्रों के मुताबिक सोनी के इस्तीफे का ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर का मामला सामने आने के बाद संघ लोक सेवा आयोग पर उठ रहे सवालों से कोई लेना-देना नहीं है।

यूपीएससी अध्यक्ष ने निजी कारणों का हवाला देते हुए एक पखवाड़े पहले ही इस्तीफा सौंप दिया था। जिसे अभी तक स्वीकार नहीं किया गया है। प्रख्यात शिक्षाविद सोनी (59) ने 28 जून, 2017 को आयोग के सदस्य के रूप में पदभार संभाला था। उन्होंने 16 मई, 2023 को यूपीएससी अध्यक्ष के रूप में शपथ ली थी और उनका कार्यकाल 15 मई, 2029 को समाप्त होना था।

यह घटनाक्रम इसलिए महत्व रखता है, क्योंकि यूपीएससी ने शुक्रवार को कहा था कि उसने परिवीक्षाधीन आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर के खिलाफ कई कार्रवाई शुरू की हैं, जिनमें फर्जी पहचान दस्तावेज के जरिये सिविल सेवा परीक्षा में शामिल होने के अधिक मौके पाने के आरोप में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराना शामिल है। आयोग ने कदाचार के आरोपों की गहन जांच के बाद खेडकर के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कराया। उसने सिविल सेवा परीक्षा-2022 के लिए उनकी उम्मीदवारी रद करने और भविष्य की परीक्षाओं में शामिल होने से रोकने के लिए उन्हें कारण बताओ नोटिस भी जारी किया। खेडकर द्वारा सत्ता और विशेषाधिकारों के कथित दुरुपयोग का मामला जब से सामने आया है, तब से सोशल मीडिया पर आईएएस और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारियों द्वारा फर्जी प्रमाण पत्रों के इस्तेमाल के दावों और प्रतिदावों की बाढ़ सी आ गई है।

### खरगे बोले- प्रधानमंत्री दें जवाब, घोटालों और इस्तीफे के बीच क्या संबंध है



**नई दिल्ली।** यूपीएससी के अध्यक्ष के इस्तीफे के बाद कांग्रेस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यूपीएससी से जुड़े विवाद पर स्पष्टीकरण देना चाहिए तथा सरकार को यह भी बताना चाहिए कि क्या इतने सारे घोटालों और इस्तीफे के बीच क्या संबंध है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि सोनी के इस्तीफे को एक महीने तक छिपाकर क्यों रखा गया ? पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह सवाल किया कि एनटीए के प्रमुख प्रदीप कुमार जोशी क्यों बचे हुए हैं? यह स्पष्ट रूप से लग रहा था कि यूपीएससी के मौजूदा विवाद को देखते हुए सोनी को बाहर किया जाएगा। वहीं प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि यूपीएससी प्रक्रिया में गड़बड़ी की खबरें चौंकाने वाली हैं।

### यूपीएससी में अध्यक्ष पद की नियुक्ति से पहले कुलपति के रूप में तीन कार्यकाल पूरे किए

यूपीएससी में नियुक्ति से पहले सोनी ने कुलपति के रूप में तीन कार्यकाल पूरे किए थे। उन्होंने एक अगस्त 2009 से 31 जुलाई 2015 तक डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मुक्त विश्वविद्यालय, गुजरात के कुलपति के रूप में लगातार दो कार्यकाल और अप्रैल 2005 से अप्रैल 2008 तक बड़ौदा के महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय (एमएसयू) के कुलपति के रूप में एक कार्यकाल पूरा किया। एमएसयू में नियुक्त होने के दौरान सोनी भारत में किसी विश्वविद्यालय के सबसे कम उम्र के कुलपति बने थे।

# नीट-यूजी के केंद्रवार परिणाम घोषित

- एनटीए ने वेबसाइट पर जारी किए परीक्षा परिणाम

नई दिल्ली, एजेंसी

एनटीए ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर नीट-यूजी के नतीजे शनिवार को शहरवार और केंद्रवार घोषित कर दिए। नतीजे अपनी आधिकारिक वेबसाइट एनटीए.एसी.इन पर जारी किए हैं।

नतीजों में विद्यार्थियों की पहचान उजागर नहीं की गई है। नीट-यूजी मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने 18 जुलाई को एनटीए को निर्देश दिया था कि वह नीट-यूजी के सभी विद्यार्थियों के नतीजे शनिवार को अपराह्न तक अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर जारी करे।

**571 शहरों में 4,750 केंद्रों पर हुई थी परीक्षा :** नीट यूजी की परीक्षा 5 मई को देश के 571 शहरों में 4,750 केंद्रों पर हुई थी। इसमें 23.33 लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए थे। नीट-यूजी की परीक्षा 14 विदेशी केंद्रों पर भी आयोजित की गयी थी, जिसमें लगभग 1,563 उम्मीदवार पुनः परीक्षा के लिए उपस्थित हुए।

### नए नतीजों में बिगड़ गया गणित, लाभान्वित हुए अभ्यर्थियों का प्रदर्शन खराब

**नई दिल्ली।** नीट-यूजी के परिणाम में पेपर लीक और अन्य अनियमितताओं से लाभान्वित हुए अभ्यर्थियों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। एनटीए द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार हरियाणा के झज्जर में हरदयाल पब्लिक स्कूल केंद्र पर नीट-यूजी की संशोधित परीक्षा देने वाले किसी भी अभ्यार्थी को 682 से अधिक अंक नहीं मिले हैं। यह केंद्र उस समय जांच के घेरे में आ गया था, जब पांच मई को वहां मेडिकल प्रवेश परीक्षा देने वाले छह उम्मीदवारों को 720 में से 720 अंक मिले थे। झारखंड के हजारीबाग में ओएसिस स्कूल के प्रधानाचार्य को नीट परीक्षा में कथित अनियमितता के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। इस केंद्र पर 701 उम्मीदवारों में से केवल पांच (0.71 प्रतिशत) ही शीर्ष एक प्रतिशत में पहुंच पाए, जो कि पूरे हजारीबाग के लिए 0.66 प्रतिशत सफलता दर के समान है। नीट-यूजी परिणाम के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला है कि कुल मिलाकर, 30,204 छात्रों ने 650 और उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं, जो कि देश भर में 23.22 लाख उम्मीदवारों का 1.3 प्रतिशत है। वहीं, 79,500 से अधिक छात्रों ने 600 से अधिक अंक हासिल किए हैं। इन अभ्यर्थियों को शीर्ष 30,000 में स्थान मिलेगा और वे सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश ले पाएंगे। इनमें से अकेले सीकर के 2,037 छात्र सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश ले पाएंगे। लखनऊ के एसडीएसएन महाविद्यालय केंद्र के 45 से अधिक छात्रों ने 600 से अधिक अंक प्राप्त किए। इन केंद्रों पर इन छात्रों के अंक 700 से कम थे।










# प्रेमिका से मिलने पहुंचे किशोर की पीटकर हत्या

संवाददाता, दियोरियाकलां (पीलीभीत)

- दियोरियाकलां कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार रात हुई घटना, प्रेमिका के दो चाचा हिरासत में

**अमृत विचारः** प्रेमिका से मिलने पहुंचे किशोर प्रेमी को बंधक बनाकर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने किशोरी के दो चाचा को हिरासत में ले लिया।

दियोरियाकलां कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले 17 वर्षीय किशोर का गांव की 15 वर्षीय किशोरी से प्रेम प्रसंग चल रहा था। शुक्रवार देर रात किशोर प्रेमी अपनी प्रेमिका से मिलने पहुंचा। दोनों बात कर रहे थे। इसी बीच प्रेमिका के परिवार वाले जाग गए। उन्होंने दोनों को पकड़ लिया। प्रेमी को बंधक बनाकर रातभर उसकी पिटाई की। शनिवार सुबह किसी ने सूचना पुलिस को दी। यूपी 112 पुलिस ने गंभीर घायल किशोर को सीएचसी बिलसंडा में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। परिजनों की पिटाई से किशोरी भी घायल हो गई। सीओ बीसलपुर प्रतीक दहिया, कोतवाल राजीव रंजन श्रीवास्तव मौका मुआयना करने पहुंचे। पुलिस ने किशोरी के बयान लिए। उसका कहना था कि वह सो रही थी तभी किशोर आकर चारपाई पर बैठ गया। इसी बीच चाचा ने देख लिया और दोनों की पिटाई की थी।

# बाढ़ प्रभावित जिलों के लिए 120 करोड़

**लखनऊ।** प्रदेश के बाढ़ प्रभावित 40 जिलों में राहत के लिए 120 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। लखीमपुर खीरी, बलरामपुर, कुशीनगर, शाहजहांपुर, बाराबंकी, सीतापुर, गोंडा, बहराइच, सिद्धार्थनगर, बलिया, गोरखपुर, बरेली, आजमगढ़, हरदोई, अयोध्या, बदायूं, फर्रुखाबाद, बस्ती, देवरिया व उन्नाव को 5-5 करोड़ रुपये जारी किया गया है, जबकि महराजगंज, बिजनौर, गाजीपुर, मऊ, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, संतकबीरनगर, पीलीभीत, सहारनपुर, शामली, अलीगढ़, हमीरपुर, गौतमबुद्धनगर, रामपुर, प्रयागराज, बुलंदशहर, मुरादाबाद, वाराणसी, लखनऊ व कासंगज को 1-1 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

# प्रदेश में 36 .51 करोड़ पौधे रोपकर रचा कीर्तिमान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**जनअभियान- 2024 : मुख्यमंत्री ने लखनऊ, प्रयागराज व गोरखपुर में रोपे पौधे**




लखनऊ में कुकरैल नदी तट पर पौधरोपण महाअभियान की शुरुआत करते मुख्यमंत्री।

**अमृत विचार :** पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ जनअभियान-2024 के तहत राज्य सरकार ने इतिहास रचा। प्रदेश में एक दिन में 36.51 करोड़ से अधिक पौधे रोपे गये। शाम छह बजे तक 36,51,45,477 पौधरोपण कर प्रदेश ने कीर्तिमान बनाया। पौधरोपण कार्यक्रम में मंत्री अलग-अलग जिलों में शामिल हुए।

मंत्री एके शर्मा ने मऊ व आजमगढ़, धर्मपाल सिंह ने बरेली व बदायूं, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही अयोध्या, वन मंत्री अरुण कुमार सक्सेना लखनऊ, आशीष पटेल सुल्तानपुर, राकेश सचान हमीरपुर व फतेहपुर, योगेंद्र उपाध्याय इटावा व फर्रुखाबाद, कपिल देव अग्रवाल कानपुर नगर, नरेंद्र कश्यप गाजियाबाद और बुलंदशहर, रजनी तिवारी ने झांसी में पौधरोपण किया।

इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में कुकरैल नदी तट पर 36.50 करोड़ पौधरोपण महाअभियान की शुरुआत की। उन्होंने कुकरैल तट पर हरिशंकरी का पौधा लगाया। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने प्रयागराज व गोरखपुर में भी पौधरोपण किया। पौधरोपण का रिकार्ड बनने पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश के लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पौधरोपण का लोक-कल्याणकारी संकल्प पूर्ण हो गया है।

### सर्वाधिक पौधे शीशम के लगाए गए

पौधरोपण में शीशम के सर्वाधिक 4 करोड़ 33 लाख 38723 पौधे लगे। सागौन के 4 करोड़ 33 लाख, सात हजार 858 पौधे लगे। जामुन के 2 करोड़ 19 लाख 10,650 पौधरोपण हुए। अर्जुन के एक करोड़ 67 लाख, 73913 और आंवला के 95 लाख, 32 हजार 275 पौधे लगाए गए।

# बरेली कॉलेज: स्नातक की 66 फीसदी सीटें फुल, 1516 बचीं

## 4480 में से 2964 सीटों पर हुए प्रवेश, जल्द जारी होगी अगली मेरिट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में स्नातक प्रथम वर्ष बीए, बीएससी और बीकॉम की 66 फीसदी सीटों पर प्रवेश हो गए हैं और सिर्फ 34 फीसदी सीटें रह गई हैं। इनमें भी अधिकांश सीटें बीएससी गणित और बीकॉम की हैं, इनमें सीटों से कम ही आवेदन आए हैं। वहीं जीव विज्ञान और बीए की काफी कम सीटें ही बची हैं और अभी तृतीय मेरिट के प्रवेश हो रहे हैं।

मुख्य प्रवेश नियंत्रक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि कॉलेज में बीए, बीएससी जीव विज्ञान, बीएससी गणित और बीकॉम की 4480 सीटें हैं। इनमें बीए की 1840 सीटों में 1432 पर प्रवेश हो गए हैं और 408 बची हैं। इसी तरह बीकॉम की 1040 सीटों में से 594 पर प्रवेश और 446 शेष, बीएससी जीव विज्ञान की 720 सीटों में 527 पर प्रवेश और 193 शेष और बीएससी गणित की 880 सीटों में 441 पर प्रवेश और 469 शेष रह गई हैं।



सेमिनार कक्ष में प्रवेश संबंधी जानकारी लेते छात्र। ● अमृत विचार

### बीबीए की तीसरी मेरिट भी हुई जारी

बरेली कॉलेज ने बीबीए प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए तीसरी मेरिट जारी कर दी है। मेरिट में शामिल छात्रों को 22 और 23 जुलाई को सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक विभाग में पहुंचकर प्रवेश लेना होगा। इसके अलावा बीसीए और बीकॉम ऑनर्स की मेरिट में शामिल छात्र जो प्रवेश लेने से छूट गए हैं, उन्हें 21 जुलाई को प्रवेश का अंतिम मौका दिया जाएगा। तीसरा मेरिट इंडेक्स ओपन–72 .636–71 .600, सामान्य महिला–66 .423–64 .213, ओबीसी–67 .485–65 .031, ओबीसी महिला–63 .190–62 .372 रहा है। एससी, एसटी, एफएफ, डीएफ, पीएच और ईडब्ल्यूएस के सभी छात्रों को प्रवेश मिलेगा।

### अवंतीबाई महाविद्यालय में छात्राएं 25 तक लें प्रवेश

**बरेली, अमृत विचार :** रानी अवंतीबाई महिला महाविद्यालय में बीए, बीएससी गणित और बीकॉम प्रथम वर्ष में प्रवेश् के लिए जिन छात्राओं ने आवेदन किया है, वह 22 से 25 जुलाई तक महाविद्यालय में साक्षात्कार में उपस्थित होकर प्रवेश जरूर ले लें। छात्राएं कॉलेज की वेबसाइट से आवेदन डाउनलोड कर महाविद्यालय में जमा कर सकती हैं।

## बीएसए ने संकुल शिक्षकों के त्यागपत्र अस्वीकार किए

**बरेली, अमृत विचार:** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) ने पांच सौ से अधिक संकुल शिक्षकों के त्यागपत्र अस्वीकार कर दिया। उन्होंने सभी को पहले की तरह अपनी जिम्मेदारी संभालने के निर्देश दिए हैं।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा 8 जुलाई से जिले के सभी परिषदीय स्कूलों में ऑनलाइन उपस्थिति लागू करने के आदेश दिया था। इसके विरोध में शिक्षकों ने धरना-प्रदर्शन किया था और अलग-अलग ब्लॉक के पांच सौ से अधिक संकुल शिक्षकों ने त्यागपत्र दिया था। बीएसए संजय सिंह ने शनिवार को पत्र जारी कर बताया कि डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया शासन की ओर से अग्रिम आदेशों तक स्थगित कर दी गई है। किसी भी संकुल शिक्षक का त्यागपत्र स्वीकार नहीं किया गया है। संकुल शिक्षकों को त्रैमासिक बैठक में प्रतिभाग करने को कहा गया है।

# कोटेदारों के कमीशन का एक सप्ताह में कराया जाए भुगतान



सर्किट हाउस में बैठक करते खाद्य एवं रसद आयुक्त। ● अमृत विचार

● खाद्य एवं रसद आयुक्त सौरभ बाबू ने सर्किट हाउस में की समीक्षा

**बरेली, अमृत विचार :** खाद्य एवं रसद आयुक्त सौरभ बाबू ने शनिवार को सर्किट हाउस में बैठक के दौरान बरेली मंडल में विपणन एवं आपूर्ति शाखा की समीक्षा की। इसमें संबंधित विभागों से जुड़े अधिकारियों से उन्होंने सवाल-जवाब किए। भारतीय खाद्य निगम में 108.56 मीट्रिक टन गेहूं संप्रदान नहीं होने पर उन्होंने नाराजगी जताई। इसके साथ ही जल्द से जल्द शेष गेहूं एफसीआई गोदामों पर पहुंचाने के निर्देश संबंधित क्रय संस्थाओं को दिए। इसके साथ ही कहा कि कोटेदारों का कमीशन एक सप्ताह में दिया जाना चाहिए।

इस दौरान उन्होंने ई-श्रम पोर्टल पर दर्ज व्यक्तियों का सत्यापन कर उन्हें राशनकार्ड जारी करने के लिए चिह्नित करने, प्रचलित राशनकार्डों के मुखिया एवं उनमें दर्ज यूनिटों का ई-पॉश मशीन से शत प्रतिशत सत्यापन किए जाने के निर्देश दिए। ई-पॉश मशीन के माध्यम से बरेली में 81.26 प्रतिशत, बदायूं में 72.99 प्रतिशत, पीलीभीत में 84.75 प्रतिशत व शाहजहांपुर 82.14 प्रतिशत खाद्यान्न का वितरण हो चुका है। दो दिनों के अंदर वितरण पूरा कराने को कहा। पूर्ति विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि कोटेदारों का मई व जून का भुगतान प्रक्रिया में है। इस दौरान आरएफसी मनिकंडन ए, आरएमओ सचिन कुमार, डीओ कोऑपरेटिव राजेश कुमार, जिलापूर्ति अधिकारी नीरज सिंह, डिप्टी आरएमओ कमलेश पांडेय आदि उपस्थित रहे।

## एमए, एमएससी और एमकॉम की प्रयोगात्मक परीक्षाएं अब 25 तक होंगी

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एमए, एमएससी और एमकॉम सम सेमेस्टर की सत्र 2023-24 की प्रयोगात्मक और आंतरिक परीक्षाओं की तिथि 25 जुलाई तक बढ़ा दी है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार ने सभी महाविद्यालयों को निर्देश दिए हैं कि निर्धारित तिथि के बाद अंक स्वीकार नहीं किए जाएंगे और परीक्षाफल घोषित नहीं किया जाएगा।

## 890 विद्यार्थियों ने दी कंपार्टमेंट और इंप्रूवमेंट परीक्षा

**बरेली, अमृत विचार :** हाईस्कूल की कंपार्टमेंट और इंप्रूवमेंट तथा इंटर की कंपार्टमेंट परीक्षा पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज में शनिवार को संपन्न हुई। सुबह पहली पाली में इंटर की कंपार्टमेंट परीक्षा के दौरान पंजीकृत 625 के सापेक्ष 552 छात्रों ने परीक्षा दी, 33 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में हाईस्कूल की परीक्षा में 357 के सापेक्ष 338 छात्र उपस्थित रहे। 19 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी। जिला विद्यालय विद्यालय निरीक्षक देवकी सिंह ने निरीक्षण किया। परीक्षा के दौरान कुल 22 कक्ष निरीक्षकों और केंद्र व्यवस्थापकों को नियुक्त किया गया था।

Leading you to blossoming health
खुशलोक हॉस्पिटल
मल्टी सुपर स्पेशियेलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर
सिन्धी मार्केट, निकट पुलिस चौकी मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, बरेली
फोन : 7500875003
0581-2530800/700
HELPLINE : 9760701234
गुर्दा एवं मूत्र रोग विभाग
डॉ. सौरभ गुप्ता
एम.डी., डी.एम. (नेफ्रोलॉजी)
नेफ्रोलॉजी एवं किडनी ट्रान्सप्लान्ट विशेषज्ञ
ओपीडी का समय
प्रातः 10 से सायं 4 बजे तक
● यूरिया/क्रिएटिनिन का अधिक बढ़ जाना।
● शरीर पर सूजन/सूजी हुई आँखें।
● अनियमित ब्लड प्रेशर की शिकायत
● किडनी की बीमारी
● गुर्दे की बीमारी के साथ मधुमेह की शिकायत होना।
● किडनी में सिस्ट का होना।
● गम्भीर गुर्दे की बीमारी
● गुर्दे में इन्फेक्शन
उपलब्ध सुविधायें
● ए.वी. फिस्टुला बनना
● रक्त प्लाज्मा को निकालना
● किडनी बायोप्सी
● डायलिसिस सुविधा
● पर्मकैथ की सुविधा
आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
24 घण्टे इमरजेन्सी
आई.सी.यू. व वेंटिलेटर की सुविधा उपलब्ध
Website : www.khushlokhospital.com
Email : khushlokhospital@rediffmail.com

डॉ. कुलदीप गंगवार
M.B.B.S M.D (Pediatrics)
शिशु रोग विशेषज्ञ
गंगवार हॉस्पिटल
चौकी चौराहा निकट महिला थाना, बरेली
मो. 9411088493
9457096487
इमरजेंसी 24 घण्टे
प्रतिदिन ओपीडी
प्रातः 10 बजे से 02 बजे
सायं 8 बजे से 9 बजे तक
अत्याधुनिक विदेशी मशीनों से युक्त
शिशु एवं बच्चों का सर्वश्रेष्ठ गहन चिकित्सा केन्द्र
OMPC सोसाइटी
चैरिटेबिल ओ.पी.डी.
मंगलवार एवं शुक्रवार
समय : प्रातः 10 से 11 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 200 रुपये
आर्थिक रूप से असहाय रोगियों हेतु विशेष सहयोग
दिन मंगलवार एवं शुक्रवार
कैंट जनरल अस्पताल, बरेली
समय दोपहर 2 से 4 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 100 रुपये
Mob. 5812970135
ऑवला
IFFCO HOSPITAL
मंगलवार
समय 4.30 से 6.30 बजे तक
नवजात शिशुओं में खतरनाक लक्षण
1. शिशु का किन्हाना या कराहना
2. शिशु का दूध का कम पीना या न पी पाना
3. दूध पीने पर ओंछू या फंदा लगना
4. सांस की गति प्रति मिनट 60 या उससे अधिक होना
5. छाती के निचले भाग में गढ्ढे पड़ना
6. सांस के साथ नथूने फूलना
7. नाल से या कान से मवाद आना, आंख से कीचड़ आना, त्वचा में फोड़े-फुंसी होना
8. शिशु की सांस का अनियमित होना या सांस रोकना
9. तलुआ (AF) फूलना
10. शिशु का सुस्त या बेहोश हो जाना (शिशु द्वारा हाथ पैर का कम चलाना)
11. खून की कमी से शिशु का सफेद होना
12. आक्सीजन की कमी से शिशु का नीला पड़ना
13. शिशु के शरीर का रंग स्टलेटी व त्वचा का सख्त होना
14. शिशु के नाल, उल्टी या टट्टी में खून आना
15. नवजात शिशुओं में पीलिया
● 24 घंटे के अन्दर
● 14 दिन के बाद भी
● हथेली व तलुवे का भी पीला होना
● Bilirubin का 20 से अधिक होना
16. शिशु को दौरे पड़ना
17. शिशु को बुखार या तापमान का कम होना
18. पेट फूलना व टट्टी, पेशाब का न आना
19. शिशु को 24 घण्टे के बाद भी पेशाब व टट्टी न होना
20. लगातार व हरे रंग की उल्टियां होना व मुँह से झाग आना
21. शिशु का सफेद मुंआ होना
22. शिशु का सात दिन के बाद भी वजन न बढ़ना
23. शिशु का बहुत अधिक रोना
(EMO Doctors)
डा. प्रवीण गंगवार (तिलहर)
डा. परमजीत सिंह (खीरी)

MAXLIFE SUPERSPECIALITY HOSPITAL
मैक्सलाइफ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर
डॉ. अनीस बेग
M.B.B.S., D.C.H.
Child Specialist
डॉ. फैहमी खान
M.B.B.S., D.G.O D.M.A.S., F.M.A.S
Gyanaecologist, Ivf Specialist
हृदय रोग विभाग
स्थायी/अस्थायी पेसमेकर इम्प्लांटेशन
बैलून माइट्रल वाल्वोटॉमी
2डी ईको कार्डियोग्राफी
टी.एम.टी.
24 Hrs हॉल्टर मॉनिटरिंग
ई.सी.जी.
डिजिटल एक्स-रे
अनुभवी कार्डियोलॉजिस्ट द्वारा संचालित कैथ लैब
कोरोनरी एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी
लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
एडवांस आई.सी.यू.
एडवांस एन.आई.सी.यू.
मॉड्यूलर ऑपरेशन
24×7 सुविधा उपलब्ध
निकट ईसाइयों की पुलिया, सिन्धु नगर, सैटेलाइट बरेली
0581-2990926
0581-2990928

कृतिका ग्रुप ऑफ कॉलेज
मान्यता एवं सम्बद्धता (आयुर्वेद) : भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (NCISM) नई दिल्ली एवं एम.जी.जी.यू.ए. गोरखपुर उ.प्र.
मान्यता एवं सम्बद्धता (फार्मेसी) : फार्मेसी काउंसिल ऑफ इण्डिया नई दिल्ली
डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टैक्निकल यूनिवर्सिटी लखनऊ। बोर्ड ऑफ टैक्निकल एजुकेशन, लखनऊ।
मान्यता एवं सम्बद्धता (नर्सिंग) उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ।
ADMISSION OPEN
AYURVED
B.A.M.S.
अवधि : 4-1/2 वर्ष, योग्यता : NEET Qualified
PHARMACY
B. Pharma
बी. फार्मा
अवधि : 4 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
D. Pharma
डी. फार्मा
अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
PARA MEDICAL
Diploma O.T.
डिप्लोमा इन ओ.टी. टैक्निशियन
अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
Dip Lab. Technician
डिप्लोमा इन लैब टैक्निशियन
अवधि : 2 वर्ष योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
NURSING
B.Sc. Nursing
बी.एससी. नर्सिंग
अवधि : 4 वर्ष आयु 17 वर्ष, योग्यता : 10+2 बायोलॉजी
A.N.M.
डिप्लोमा महिला हेल्थ वर्कर
अवधि : 2 वर्ष आयु 17-35 वर्ष, योग्यता : 10+2 किसी भी विषय में
सुविधायें
♦ आयुर्वेदिक अस्पताल ♦ औषधियों युक्त हर्बल गार्डन ♦ शैक्षिक भवन एवं लाईब्रेरी ♦ पूर्ण सुसज्जित लैब ♦ वाई-फाई कैम्पस ♦ बस सुविधा ट्रेनिंग के लिए 100 बेड का पूर्ण व्यवस्थित स्वयं का आधुनिक कोपल अस्पताल ♦ छात्र- छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास ♦ छात्रवृत्ति एवं शिक्षा ऋण (लोन) की सुविधा ♦ शव विच्छेदन की सुविधा (Cadaver)
कैम्पस : खाई खेड़ा, निकट काण्डू का पुल, पीलीभीत रोड, रिठौरा, बरेली (उ.प्र.) पिन : 243122
सम्पर्क सूत्र
8171489611, 7248343676
9027510784, 8218234755
सिटी आफिस : कोपल हॉस्पिटल, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत रोड, बरेली (उ.प्र.) पिन-243006
सम्पर्क सूत्र
9758519405, 9457697581
Visit us : www.kritikaayurvedcollege.in, www.kritikapharmacycollege.in, www.kritikanursing.com

KOPAL HOSPITAL BAREILLY
NABH PRE ACCREDITED
कोपल अस्पताल
AN ISO-9001-2008 CERTIFIED HOSPITAL
डा. के.पी. गंगवार
एम.एस. (आर्थो)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
12.30 pm to 5.30 pm
डा. स्मृति गंगवार
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ.
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
12.00 pm to 3.00 pm, 6.30 pm to 7.30 pm
डॉ. मनोज गुप्ता
एम.एस. (जनरल सर्जन)
लैप्रोस्कोपिक सर्जन
12:00 pm to 2:00 pm
डॉ. एस.के. जौहरी
एम.डी.,
गहन चिकित्सा रोग विशेषज्ञ
3:30 pm to 5:00 pm, 6:00 pm to 9:00 pm
डॉ. आकाश गुप्ता
एम.डी.
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए निःशुल्क ऑपरेशन एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध
पीलीभीत बाईपास रोड, सुरेश शर्मा नगर, बरेली
Ph.: 0581-2525711, 2525038
HELPLINE No. 9758519405


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ♦ घबराहट ♦ छाती में दर्द या भारीपन ♦ सांस फूलना ♦ पैरों में सूजन ♦ हाई ब्लडप्रेशर ♦ हाई कोलेस्ट्रोल ♦ डाइबिटीज (शुगर) ♦ सीने या पेट में जलन या दर्द ♦ हार्ट अटैक ♦ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव
प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई



गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

ASHOKA FOAM
WOW SALE
UP TO 50%



Men's Wear
Women's Wear
Kids Wear
EMPORIO
106/8 Civil Lines, Opp. Mission Hospital Bareilly, Uttar Pradesh, India 243001
Tel.: +91 9720031000 | www.ashokafoam.com


### आज का मौसम

तेज हवा के साथ बारिश का अनुमान

37.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान

### शहर में आज

- सीबीगंज स्थित सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में अखिल भारतीय उत्तराखंड महासभा द्वारा हरेला महोत्सव सुबह 10 बजे।
- जंक्शन रोड स्थित होटल स्वर्ण टॉवर में आर्ट ऑफ लिविंग बरेली द्वारा सत्संग और भजन संध्या शाम 6 बजे।
- मठ नाथ स्थल तुलसीदास पर गुरु पूजन सुबह 9 बजे।
- तपेश्वर नाथ मंदिर में राष्ट्रीय जागरण उद्योग व्यापार मंडल द्वारा पौधरोपण दोपहर 3:30 बजे।
- सीबीगंज स्थित होटल कंफर्ट में सेंट्रल यूपी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री सोसाइटी द्वारा संगोष्ठी रात 9 बजे।

# महिला की हत्या कर शव रेलवे ट्रैक के पास फेंका

## सीबीगंज में मढ़ी पर गई थी महिला, पोस्टमार्टम में गला दबाने की पुष्टि, दुष्कर्म की भी आशंका

संवाददाता, बरेली/ सीबीगंज


**अमृत विचार :** सीबीगंज के गांव खड़ौआ में रेलवे ट्रैक किनारे एक महिला का शव झाड़ियों में पड़ा मिला है। महिला एक मढ़ी पर गई थीं। पुलिस अधिकारियों ने फील्ड यूनिट के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की। पुलिस ने मढ़ी पर रहने वाले साधु को भी हिरासत में लिया है। पुलिस ने बेटे की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। पोस्टमार्टम में महिला की गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई है।

गांव खड़ौआ में शनिवार सुबह साढ़े 10 बजे रेलवे लाइन और हाईवे के बीच में अरुण गुप्ता के खाली प्लॉट में झाड़ियों में ग्रामीणों ने महिला का शव देखा। महिला के कपड़े अस्त-व्यस्त थे। सीबीगंज इंस्पेक्टर राजबली सिंह, फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और साक्ष्य एकत्र किए। एसपी राहुल भाटी और सीओ द्वितीय संदीप सिंह भी मौके पर पहुंचे। महिला के शरीर पर चोट के निशान भी थे। वहीं गले पर भी निशान थे।

पुलिस ने जब महिला की शिनाख्त कराई तो पता चला कि वह किला के कटघर निवासी निकलीं। पुलिस ने मृतका के बेटे को बुलाकर शिनाख्त कराई। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार महिला की हत्या गला दबाकर की गई है। दुष्कर्म की आशंका के चलते स्लाइड तैयार की गई है। बेटे की तहरीर पर थाना सीबीगंज पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।



घटनास्थल पर जांच करते एसपी सिटी राहुल भाटी। ● अमृत विचार



इसी मढ़ी पर आई थी महिला।

### सिगरेट चढ़ाने जाते हैं लोग

स्थानीय लोगों का कहना है कि बाबा की मढ़ी पर अधिकांश लोग मन्नत पूरी होने पर सिगरेट चढ़ाने जाते हैं। वहां चिलम पीने वाले भी कई लोग बैठे रहते हैं। आशंका जताई जा रही है कि उन लोगों में से कोई हो सकता है, या आसपास के गांव का कोई व्यक्ति हो, जिसने हत्या की होगी।

हत्या किसने की है क्या वजह है पता किया जा रहा है। बाबा को हिरासत में लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है।
**– राजबली सिंह**, इंस्पेक्टर सीबीगंज

### साधु को पुलिस ने लिया हिरासत में

जिस अवस्था में महिला का शव के कपड़े अस्तव्यस्त पड़े थे। इससे आशंका जताई जा रही है कि महिला के साथ किसी ने दुष्कर्म की कोशिश की होगी। विरोध करने पर मारपीट करके हत्या कर दी होगी। उसके बाद शव को फेंक दिया होगा। मढ़ी पर रहने वाला साधु को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। दुष्कर्म की आशंका के चलते तीन डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया गया है और वीडियोग्राफी भी कराई गई है।

### पुलिस ने टरकाया, कहा- अगले दिन आना

बेटे बताया कि उनकी मां अंधविश्वासी थीं। वह पिछले 16 साल से मढ़ी और मंदिर पर झाड़-फूंक कराने जाती थीं। वहीं पर पूजा-अर्चना करती थीं। उनकी मां शुक्रवार को सुबह 10 बजे घर से मंदिर जाने को कहकर निकली थी। इसके बाद शाम 6 :45 बजे मां ने घर पर अपनी बेटी को फोन किया कि वह मंदिर से निकल रही हैं। वह देर शाम तक घर नहीं पहुंची तो उन्होंने मां को फोन मिलाया तो नंबर बंद था। उन्होंने तलाश की और मंदिर पर जाकर बाबा से पूछा। बाबा ने बताया कि वह शाम को करीब 7 बजे यहां से निकल गई हैं। इसके बाद परिजन पहले बाकरगंज चौकी पहुंचे और बाद में किला थाना पर गए मगर पुलिस ने अगले दिन आने की बात कहकर टहला दिया। महिला की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# नशे में हंगामा करने पर हेड कांस्टेबल को एसएसपी ने किया निलंबित

संवाददाता, बरेली/फतेहगंज पूर्वी

- **आए दिन करता था थाना में बवाल विभागीय जांच के भी आदेश**

**अमृत विचार :** थाना फतेहगंज पूर्वी में तैनात हेड कांस्टेबल मोहम्मद आदिल ने शराब के नशे में जमकर हंगामा किया। विरोध पर लोगों के साथ गाली-गलौज भी की। मामला बढ़ता देख फतेहगंज पूर्वी इंस्पेक्टर मदन मोहन चतुर्वेदी ने उसका मेडिकल परीक्षण कराया, जिसमें शराब पीने की पुष्टि हुई। इस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

मुख्य आरक्षी मोहम्मद आदिल फतेहगंज पूर्वी थाने में तैनात है। जो शराब पीने का आदी है। बताते हैं कि वह आए दिन नशे की हालत में थाने में बवाल करता रहता था। शनिवार को भी उसने वैसा ही किया। इसके साथ ही ड्यूटी से बार-बार अनुपस्थित हो रहा था। सरकारी कार्य को सुचारू रूप से संपादित नहीं करने, शराब पीने का आदी होने, पुलिस की छवि धूमिल करने, कर्तव्यपालन में लापरवाही, अनुशासनहीनता, उद्दंडता के आरोप में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने उसे निलंबित कर दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि सिपाही को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही विभागीय जांच के भी आदेश दिए गए हैं। दूसरी ओर पुलिस के अनुसार इस थाने में ही तैनात सिपाही दो दिन पूर्व एक बस्ती में अवैध उगाही के लिए पहुंचे थे। उन्हें बस्ती वालों ने दौड़ा दिया था। उनके साथ अभद्रता भी की गई थी। इंस्पेक्टर ने दोनों सिपाहियों का हल्का बदल दिया है।

## सिपाही समेत तीन पर 15-15 हजार रुपये का इनाम घोषित

**बरेली, अमृत विचार :** थाना भमोरा में छेड़छाड़ के दर्ज मुकदमे में फरार चल रहे सिपाही सुरेंद्र शर्मा, उसके पिता सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी देवेंद्र शर्मा और आरेंद्र पाल सिंह पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने 15-15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। थाना भमोरा क्षेत्र के गांव लंगूर निवासी सुरेंद्र शर्मा, उनके पिता और आरेंद्र पाल सिंह निवासी रायपुर थाना बिलवाल के खिलाफ छेड़छाड़ समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। तीनों मामले में लंबे समय से फरार चल रहे थे। तीनों आरोपियों के खिलाफ 82 की कार्रवाई भी हो चुकी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

# नदी किनारे गोशाला के लिए भूमि चिह्नित करने पर लेखपाल निलंबित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **किच्छा नदी से दो सौ मीटर की दूरी पर गोशाला का भेजा था प्रस्ताव**
- **बाढ़ में गोवंशीय पशुओं के डूबने के बाद जांच में पाई गई लापरवाही**

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार के निर्देश पर उपजिलाधिकारी बहेड़ी ने गोशाला के लिए नदी के किनारे भूमि चिह्नित करने वाले लेखपाल मनोज भारती को निलंबित कर दिया गया है। लेखपाल ने जलभराव वाले क्षेत्र को चिह्नित कर प्रस्ताव भेजा था।

उपजिलाधिकारी बहेड़ी के मुताबिक नायब तहसीलदार बहेड़ी ने 19 जुलाई को रिपोर्ट दी कि विकास खंड बहेड़ी के गांव अंबरपुर परगना कावर में ग्राम सभा की 1.164 हेक्टेयर भूमि का वृहद गोशाला के निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजा गया था। भूमि का स्थलीय और अभिलेखीय निरीक्षण किया गया। स्थलीय निरीक्षण में पाया गया कि जिस गाटा संख्या पर गोशाला बनी है, वह किच्छा नदी से लगभग 200 मीटर दूर स्थित है और बहेड़ी-शेरगढ़ मार्ग से करीब 300 मीटर दूरी पर है। इसके अलावा सड़क से लगभग 10 फुट गहराई में स्थित है। यह जमीन बाढ़ के दृष्टिगत गोसंरक्षण के लिए सुरक्षित नहीं है।

तत्कालीन लेखपाल मनोज भारती ने बाढ़ की स्थिति को नजरअंदाज करते हुए वृहद गोशाला के लिए भूमि प्रस्तावित की। 8 जुलाई को बाढ़ आने पर वृहद गोशाला जलमग्न हो गयी। इससे प्रशासन की छवि धूमिल हुई और शांति व्यवस्था की भी समस्या हुई। इसमें तत्कालीन लेखपाल मनोज भारती की प्रथम दृष्टया लापरवाही मिली है। उप जिलाधिकारी बहेड़ी ने जांच रिपोर्ट के बाद लेखपाल मनोज भारती को निलंबित कर दिया।

# किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म में दो दोषियों को 20 वर्ष कैद

**विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार :** किशोरी को बहलाकर ले जाने बाद सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट-तृतीय उमाशंकर कहार ने फतेहगंज पश्चिमी के गांव बल्लिया पूर्वी निवासी सचिन और प्रेमपाल को परीक्षण में दोषी पाते हुए 20-20 वर्ष कारावास और प्रत्येक को 14 हजार 500 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

- **कोर्ट ने प्रत्येक पर 14 हजार 500 रुपये का जुर्माना भी लगाया**

सरकारी वकील राजीव तिवारी के अनुसार वर्ष 2017 में पीड़िता के पिता ने थाना फतेहगंज पश्चिमी में बेटी को बहलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विवेचना में पीड़िता संग गैंगरेप की बात सामने आई थी। पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म, बहलाकर ले जाने और पॉक्सो एक्ट के तहत आरोप पत्र कोर्ट में भेजा था।

# गोसगंज में पथराव करने वाले 33 गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **पुलिस ने 65 उपद्रवियों के खिलाफ दर्ज की बलवा की रिपोर्ट**

**अमृत विचार :** थाना शाही क्षेत्र के गांव गोसगंज में महिला पर लेजर लाइट मारने और अभद्रता करने के विरोध पर पथराव करने के मामले में पुलिस ने 50 नामजद और 15 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने दबिश देकर 33 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

गांव गोसगंज के रहने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि शुक्रवार रात 8 बजे घर में बैठी एक महिला के चेहरे पर अब्दुल बार-बार लेजर लाइट जला रहा था। उसने अभद्रता की। वहां मौजूद हीरा लाल, रुपचंद्र, लालता प्रसाद, रेवीराम, मनोहर लाल ने विरोध किया तो अब्दुल गाली-गलौज करने लगा और 50 से ज्यादा लोगों को बुलाकर दोबारा आया। सभी लोगों ने लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला बोल दिया। हीरा लाल ने बताया कि किसी तरह से छत पर चढ़कर बराबर वाले घर में छिपकर जान बचाई।

पुलिस ने इस मामले में 50 नामजद और 15 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। नामजद आरोपी अब्दुल, अफसर अली, इमरान, मुख्तयार अली, अब्दुल सलाम, निजाकत अली, इरफान, जीशान अली, नासीर, हसनैन, असगर, दिलशाद, राशिद, हसनैन, बख्तावर, मुस्तफा अहमद, यासीन, गुड्डू, राशिद, फईम, यूसुफ, मोहम्मद हनीफ समेत अन्य लोग शामिल हैं। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश के लिए दबिश दे रही है। गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए फोर्स तैनात की गई है।



एसपी देहात के साथ घटनास्थल पर पहुंचे सांसद छत्रपाल गंगवार। ● अमृत विचार

पुलिस ने 33 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। गांव में पुलिस फोर्स लगाई गई है।
**-अनुराग आर्य**, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

### सांसद छत्रपाल पहुंचे घटना स्थल पर

सांसद छत्रपाल गंगवार शनिवार दोपहर को पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के साथ गांव गौसपुर पहुंचे। उन्होंने पीड़ितों और ग्रामीणों से मुलाकात की और कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### सावन से पहले बवाल ने बढ़ाई पुलिस की चिंता

सावन से पहले शाही के गौसगंज गांव में हुए बवाल ने पुलिस के माथे पर बल ला दिया है। बारादरी के जोगी नवादा, आंवला और खेलम गांव में पूर्व के बरसों में सावन महीने के दौरान ही विवाद हुआ था। ऐसे में इस बार पुलिस के साथ खुफिया विभाग भी अलर्ट हो गया है। पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मानुष पारीक रात में थाना क्षेत्र में डेरा डाले हुए हैं।

# कांवड़ सेल जत्थादारों और प्रधानों से संवाद स्थापित करेगी

**बरेली, अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने शनिवार को पुलिस लाइन में कांवड़ सेल और पुलिस अधीक्षक नगर राहुल भाटी, पुलिस अधीक्षक यातायात शिवराज के साथ बैठक की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि यह सेल जत्थादारों औ ग्राम प्रधानों से संवाद स्थापित करेगी। जनपद के बॉर्डर पॉइंट पर लगे पुलिस बल से समन्वय स्थापित कर सेल की ओर से 24 घंटे मानिटरिंग की जाएगी। हेल्पलाइन नंबर 0581-2990450 को 24 घंटे चालू रखा जाएगा। एसएसपी ने चौपुला चौराहा और बदायूं की सीमा तक कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया। एसएसपी ने बिजली विभाग से समन्वय स्थापित कर खंभों और ट्रांसफार्मरों की फेंसिंग पर प्लास्टिक कवर लगवाने के निर्देश दिए।

# पुलिस ने मुठभेड़ में तीन पशु तस्कर किए गिरफ्तार

संवाददाता, बरेली/बहेड़ी

- **बहेड़ी क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में एक तस्कर और दो दरोगा घायल**

**अमृत विचार :** बहेड़ी क्षेत्र में शुक्रवार देर रात मुठभेड़ में पुलिस ने तीन पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है। एक तस्कर के पैर में गोली लगी है और दो दरोगा भी गोली लगने से घायल हुए हैं। गिरफ्तार तस्करों की पहचान बहेड़ी के गांव सिली जागीर निवासी घायल शाकिर, खलील और ताहिर के रूप में हुई है, जबकि दरोगा सन्नी चौधरी और अवधेश कुमार भी घायल हो गए। तीनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के मुताबिक शुक्रवार देर रात बहेड़ी पुलिस टीम को सिंगोती पुल के पास एक बाइक पर तीन लोग आते दिखाई दिए। पुलिस को देखकर कच्चे रास्ते पर भागने के दौरान गिर गए। बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग की। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। एक गोली शाकिर के पैर में लगी। वहीं दरोगा सन्नी चौधरी और अवधेश कुमार भी घायल हो गए। दो तस्कर मौके से भागकर झाड़ियों में छिप गए, जिन्हें पुलिस ने बाद में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों से एक तमंचा, आठ जिंदा जिन्दा कारतूस और एक खोखा कारतूस और एक चोरी की बाइक बरामद की है। शाकिर कुरैशी बहेड़ी में छह, खलील और ताहिर के खिलाफ तीन- तीन मुकदमे दर्ज हैं।

पुलिस मुठभेड़ में तीन पशु तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें एक तस्कर के पैर में गोली लगी है।
**-अनुराग आर्य**, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

# कांवड़ यात्रा : 35 सौ पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बनाई आठ क्यूआरटी**
- **जिले से अलग-अलग घाटों पर जल लेने पहुंचेंगे 897 जत्थे**

**अमृत विचार :** सावन में सुरक्षा के लिए जिले में 35 सौ पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। पुलिसकर्मियों की मंदिरों और कांवड़ रूट पर ड्यूटी लगाई गई है। पुलिसकर्मी अलग-अलग घाटों से जल लेकर आने वाले 897 जत्थों की सुरक्षा व्यवस्था देखेंगे।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने कांवड़ सेल का गठन कर हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। यहां पांच पुलिसकर्मियों की टीम जत्थेदारों से वार्ता कर फीडबैक लेगी। इस पर लोग भी समस्या बता सकते हैं। हेल्पलाइन नंबर 0581-2990450 और आपात सेवाओं के लिए 112 जारी किया गया है। इसके अलावा पिछले साल जोगीनवादा में कांवड़ यात्रा के दौरान हुए बवाल को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने इस बार पहले से तैयारी की है। सोमवार से सावन शुरू होने के साथ कांवड़ यात्रा भी शुरू हो रही है। हजारों लोग जिले से कछला और दूसरे घाटों पर जल लेने जाते हैं।

उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कांवड़ियों के रूट को पहले से ही देख लें। यहां सड़क किनारे होटल, फड़, ठेले पर मालिकों का नाम लिखा होना चाहिए। जत्थों की पूरी सुरक्षा हो। कांवड़ियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिले में 15 सौ सिपाही, एक हजार हेड कांस्टेबल, 400 महिला सिपाही, 535 दरोगा और 70 इंस्पेक्टरों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा आठ क्यूआरटी बनाई गई है। आरएएफ व पीएसी की एक-एक कंपनी को बुलाया गया है।

जिले में किस थाना क्षेत्र से कितने जत्थे निकलेंगे इसकी सूची तैयार करा ली गई है। जिसे ध्यान में रखते हुए भारी संख्या में पुलिस कर्मियों की तैनाती किया गया है। जिले में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ किसी भी हाल में नहीं करने दिया जाएगा।
**- अनुराग आर्य**, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

### जिले से 530 जत्थे जाएंगे कछला, 305 हरिद्वार

पुलिस ने कांवड़ियों के जत्थों की सूची बनवा ली है। पूरे जिले से 897 जत्थे जाएंगे। सबसे अधिक 530 जत्थे कछला घाट जाएंगे, इनमें सबसे अधिक 56 जत्थे कैंट क्षेत्र के हैं। इसके अलावा 54 जत्थे फरीदपुर से रवाना होंगे। इसके अलावा हरिद्वार के लिए 305 जत्थे रवाना होंगे जबकि गढ़ के लिए सिर्फ 11 जत्थे जाएंगे। इसके अलावा 51 अन्य जत्थे विभिन्न जगहों को जाएंगे।

# दुकानों पर दुकानदार का नाम लिखने के आदेश को ठीक तो किसी ने बेतुका बताया



बरेली-बदायूं रोड पर दुकानों पर नहीं लिखे गए दुकानदारों के नाम। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **दुकानदारों और ग्राहकों ने दीं अलग-अलग प्रतिक्रियाएं**
- **अभी नए आदेश का कांवड़ मार्ग पर नहीं दिखा असर**

**अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा के रास्तों पर दुकानों के आगे दुकानदार के नाम लिखने के प्रदेश सरकार के आदेश पर दुकानदार और ग्राहकों ने अलग अलग प्रतिक्रिया दी है। कोई आदेश को ठीक तो कोई बेतुका बता रहा है। फिलहाल, कांवड़ मार्ग बरेली-बदायूं रोड पर इस आदेश का दुकानदार पालन करते नहीं दिखे।

बरेली-बदायूं रोड से महेशपुरा रेलवे क्रासिंग तक स्थाई और अस्थाई छह सौ अधिक दुकानें हैं। इनमें ठेला वाले भी शामिल हैं। दुकानों पर नाम लिखे जाने के बारे में दुकानदारों से बात की तो कुछ ने कहा कि यह आदेश सुरक्षा के लिहाज से ठीक है। वहीं, कुछ दुकानदारों की राय इससे जुदा थी। उनका कहना था कि इससे व्यापार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

### बोले दुकानदार और ग्राहक

यह आदेश बेतुका है। पिछली बार भी सावन में कुछ ऐसे ही नियम लागू किए गए थे। **-रिंकू सिंह**, दुकानदार

सरकार ने यह कदम कांवड़ियों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर उठाया है। इससे विवाद की स्थिति पैदा नहीं होगी। **-ज्योति**, ग्राहक

व्यापार को धर्म-जाति से ऊपर माना जाता है, लेकिन अगर सरकार का ऐसा नियम है तो उसे मानना चाहिए। **-शिवम**, दुकानदार

इस आदेश का स्वागत होना चाहिए। कांवड़ियों की आस्था और शुचिता को ध्यान में रखकर यह कदम उठाया गया है। **–विशाल**, ग्राहक

# सड़क पर दौड़ रहे 80 हजार से अधिक अवैध वाहन

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में 80 हजार से अधिक चार और दो पहिया वाहनों के पंजीयन का समय पूरा हो गया है। उसके बाद भी वाहन मालिक पंजीयन नहीं करा रहे हैं। अब परिवहन विभाग की ओर से इसको लेकर उन्हें नोटिस भेजे गए हैं। उसमें कहा गया है कि अगर उन्होंने एक महीने में पंजीयन नहीं कराया तो वाहन सड़क पर चलता मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

- **बिना पंजीयन सड़क पर दौड़ता मिला वाहन तो विभाग करेगा कार्रवाई**
- **परिवहन विभाग ने नोटिस भेजकर चालकों से पंजीयन कराने को कहा**

मौजूदा समय में जिले में अवैध तरीके से लगभग 80 हजार प्राइवेट वाहन दौड़ रहे हैं। आरटीओ में पंजीकृत वाहन (निजी वाहन दो/चार पहिया), जिनकी पंजीयन वैधता 30 जून को समाप्त हो चुकी है। उसके बाद भी संबंधित वाहन स्वामियों ने पंजीयन का नवीनीकरण नहीं कराया है। केंद्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 39 में किए गए प्रावधान के अनुसार कोई भी वाहन को बिना पंजीयन के किसी भी सार्वजनिक स्थान पर संचालित नहीं किया जा सकता है। ऐसे में विभाग द्वारा ऐसे वाहनों को अवैध माना जा रहा है। पंजीयन समाप्त हो चुके वाहन सड़क पर संचालित होने पर जब्त बन सकते हैं। एआरटीओ प्रशासन मनोज सिंह ने बताया कि बिना पंजीयन के वाहन सड़क पर चलता मिला तो कार्रवाई की जाएगी।

# सावन से पहले गिरे अंडे के भाव, मांस की खपत भी हुई कम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **बांसमंडी में सोमवार से एक माह तक नहीं लगेगा मांस बाजार**
- **शुक्रवार को 80 किलो हुई खपत**

**अमृत विचार :** सावन के पहले सोमवार से ठीक एक दिन पहले बाजार में अंडे के दामों में गिरावट दर्ज की गई। मांस की खपत में भी 30 प्रतिशत की गिरावट आई है। हालांकि इसके दामों में अभी गिरावट नहीं आई है, लेकिन मांस व्यापारियों के अनुसार सोमवार से निश्चित रूप से दामों में गिरावट दर्ज होगी।

बरेली में अंडों की सर्वाधिक बिक्री शहामतगंज मंडी में होती है। यहां छोटी-बड़ी करीब 14-15 दुकाने हैं, जहां होलसेल व रिटेल के दामों में अंडे की बिक्री की जाती है। यहां के थोक अंडा व्यापारी बाबू ने बताया कि अभी वैसे प्रतिदिन करीब ढाई लाख अंडों की खपत रहती है। सावन की शुरुआत से एक-दो दिन पहले दुकानदारों की ओर से अंडा हटाने की वजह से यह खपत लुढ़क कर करीब डेढ़ लाख प्रतिदिन तक रह जाती है।



सर्दी के मौसम पर यह बढ़कर साढ़े तीन से चार लाख प्रतिदिन तक पहुंच जाती है। रिटेल अंडा व्यापारी समर ने बताया कि शनिवार से ही रिटेल में अंडे के दाम सात रुपये प्रति अंडे से गिरकर छह रुपये पर आ गये, जबकि थोक में अंडा 5 रुपये में मिल रहा है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को अंडे की एक क्रेट 210 रुपये व पेटी, जिसमें 7 क्रेटें होती हैं, 1120 रुपये में बिकी थी। शनिवार को वह पेटी 1080 रुपये में बिकी। सावन में रेट और गिरने की संभावना है।

### शुक्रवार को सर्वाधिक बिका मांस

बांसमंडी में थोक रेट पर लगने वाली मांस की मंडी में शनिवार को इक्का-दुक्का खरीददार दिखाई दिये। यहां के थोक मांस व्यापारी अब्दुल ने बताया कि यहां करीब 8-10 दुकानदारों की ओर से मांस की बिक्री की जाती है। रोजाना करीब 50 किलोग्राम चिकन की खपत है। शुक्रवार को यहां अंतिम दिन होने से करीब 80 किलोग्राम तक चिकन बिका। शनिवार को बाजार बिलकुल मंदा रहा। सोमवार से बांस मंडी में मांस की दुकानें बंद रहेंगी। उन्होंने बताया कि जिले में रोज करीब 50 क्विंटल से अधिक मांस की बिक्री होती है, जो अब घटकर 30-40 क्विंटल तक रह गई है। वर्तमान में ब्रॉयलर 220 और देसी मुर्गा 400 रुपये किलो के हिसाब से बिक रहा है।

### केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान में भी घटेंगे दाम

सावन में केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान में भी दामों में कटौती की जाएगी। यहां 100 किलो अंडा और मांस की खपत है। इसके दामों को कम करने के लिए प्रबंधन की बैठक सोमवार को आयोजित की जाएगी। कैरी में सावन में स्लॉटर भी बंद कर दिया जाता है। पूरे माह सिर्फ अंडे की बिक्री की जाती है।

# सावन में मीट की दुकानों पर मांस की बिक्री पर लगे रोक

**बरेली, अमृत विचार :** नाथ नगरी सुरक्षा समूह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट पर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देकर सावन में मीट की दुकानों और होटलों पर मांस की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की है। साथ ही दुकानों पर दुकानदारों का नाम लिखने के आदेश का कड़ाई से पालन कराने को कहा है। नाथ नगरी सुरक्षा समूह के दुर्गेश गुप्ता ने ज्ञापन में कहा कि सावन में मांस की दुकानों को बंद रखा जाए। गोपाल शर्मा, हर्ष भारद्वाज, सिद्धार्थ सक्सेना, संजय शर्मा, रोहिताश राठौर, जितेंद्र यादव, अजय यादव, मनीष माथुर, अमन भारद्वाज आदि मौजूद रहे।



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते नाथ नगरी सुरक्षा समूह के पदाधिकारी।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



ISO 9001:2008 Trademark Certified Clinic

डॉ.आर.एस. सिंह
B.A.M.S.(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic

पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरुष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।

चिकित्सा जानकारी

● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मदीना-कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।

नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें

Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।

डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक:- 21 जुलाई 2024, रविवार
04 अगस्त 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल
काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर
स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी
(I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षो का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश



हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
Dr.M. Nadeem ®
(BUMS)
यूनानी चिकित्सक
Reg. No. 19709

पुरुषों एवं महिलाओं के समस्त गुप्त रोग
जो व्यक्ति बचपन की नादानी के कारण जिनको धातु स्वप्नदोष, नामर्दी का होना, जोश, शीघ्रपतन, गलत विचारों से वीर्य का निकलना, शुक्राणु का कम होना, पेशाब में जलन होना, ज्यादा आयु वाले मर्दों का सैक्स पॉवर खत्म होना, व बहने सफेदी का आना (ल्यूकोरिया) नलों पर सूजन होना, माहवारी का होना निसंतान दम्पत्ति मिलें।

बवासीर, खूनी व बादी भगन्दर, गठिया, जोडों का दर्द, पेट की समस्या रोगों का इलाज

Sugar (मधुमेह) जैसे जानलेवा बीमारी का आयुर्वेदिक और यूनानी दवाइयों द्वारा इलाज, जोड़ों में दर्द रहना। कोलेस्टॉल का खराब होना, लीवर का बार-बार खराब हो जाना, ऐसे जटिल से जटिल समस्याओं का इलाज बिना किसी साइड इफेक्ट्स के यूनानी और आयुर्वेदिक उपचार...

शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे इस्लामिया मैदान के सामने, बरेली
9634499693
9837338306

# निगम कर्मी से धोखाधड़ी में बैंक प्रबंधक समेत दो पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- लोन स्वीकृत होने के बाद एसबीआई के प्रबंधक ने कर्मी के खाते से ट्रांसफर किए थे दो लाख

**अमृत विचार :** नगर निगम की महिला कर्मचारी का लोन स्वीकृत होने के बाद खाते से एसबीआई के शाखा प्रबंधक ने दो लाख रुपये ट्रांसफर कर लिए। नगर निगम कर्मी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत की थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर थाना कोतवाली पुलिस ने शाखा प्रबंधक समेत दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

प्रेमनगर के जाटवपुरा निवासी सुमन ने बताया कि वह नगर निगम में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं। उनका खाता भारतीय स्टेट बैंक की शाखा सिविल लाइंस में है। एक साल पहले सिटी सब्जी मंडी बिहारीपुर निवासी अभय ने पर्सनल लोन के संबंध में जानकारी दी। अभय ने कर्ज की पूरी प्रक्रिया कराने के बाद 12 लाख रुपये का कर्ज स्वीकृत करा दिया। 24 जनवरी 2023 को उनके खाते में 12 लाख रुपये ट्रांसफर किए गए। उनके खाते में रकम पहुंचने के तुरंत बाद भारतीय स्टेट बैंक की शाखा सिविल लाइंस के प्रबंधक के खाते में दो लाख रुपये भेज दिए गए। जब उन्हें इसका पता चला तो उन्होंने बैंक से जानकारी मांगी। इस पर शाखा प्रबंधक ने भगा दिया। पूछने पर अभय ने धमकी दी और दोबारा पूछने पर मना किया। शाखा प्रबंधक और अभय ने साठगांठ करके फर्जी तरीके से रुपये उनके खाता से ट्रांसफर किए गए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने शाखा प्रबंधक और अभय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## रिश्वत लेने वाले करगैना चौकी इंचार्ज को भेजा जेल

**बरेली, अमृत विचार :** रिश्वत लेने के आरोपी करगैना चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र देशवाल को शनिवार को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। चौकी इंचार्ज को शुक्रवार को भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम ने जीजीआईसी रोड निवासी आदर्श से 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था। चौकी इंचार्ज ने एक मुकदमे से आदर्श के मामा विजय पाठक का नाम निकालने और धाराएं कम करने के बदले में एक लाख रुपये मांगे थे।

## सड़क हादसे में रिटायर्ड फौजी की मौत

**बरेली, अमृत विचार :** सेना के अस्पताल में दवा लेने के लिए जा रहे सेवानिवृत्त सैनिक की बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घायल सैनिक को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि पीलीभीत के थाना बिलसंडा के गांव सोहेड़ निवासी रामबहादुर (64) सेना में थे। वह तबीयत खराब होने पर शुक्रवार को बाइक से बरेली स्थित सेना के अस्पताल आ रहे थे। भुता के पास तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में रामबहादुर गंभीर रूप से घायल हो गए। भुता पुलिस ने रामबहादुर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां शनिवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## सेटेलाइट बस अड्डे के पास से सवारी भर रहीं सात ईको सीज

**बरेली, अमृत विचार :** परिवहन विभाग ने शनिवार को सेटेलाइट बस अड्डे के पास डग्गामार वाहनों पर कार्रवाई की। इस दौरान सात ईको को सीज कर दिया गया। सेटेलाइट बस अड्डे से पीलीभीत, बीसलपुर और पूरनपुर के लिए सेटेलाइट बस अड्डे के अंदर से ईको चालक सवारियां भरकर ले जाते हैं। कई बार विरोध करने पर रोडवेज के चालक और परिचालकों से डग्गामार वाहनों के चालक मारपीट कर चुके हैं। पिछले दिनों रुहेलखंड डिपो के एआरएम अरुण कुमार वाजपेई ने आरटीओ को पत्र लिखकर डग्गामार वाहनों पर कार्रवाई करने को कहा था। शनिवार को आरटीओ प्रवर्तन दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर सेटेलाइट बस अड्डे के पास से सवारी भरने वाली डग्गामार वाहनों पर कार्रवाई की गई। जिसमें सात ईको को सीज किया गया और एक का चालान किया गया गया। इसके अलावा स्कूली वाहनों की भी चेकिंग की गई।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
150 बेड का विश्वस्तरीय कैंसर हॉस्पिटल
RADIOTHERAPY
TRUE BEAM STX LINAC
यह SRS, SBRT, IGRT, IMRT, VMAT और 3D CRT जैसी फोटॉन थेरेपी (6 Mv, 10Mv, 15Mv) पद्धतियाँ प्रदान करने में सक्षम है।

BRACHYTHERAPY
24 Channel

PET CT SCAN
बरेली मंडल की एक मात्र मशीन

FDG -PET CT
PSMA- PET CT (प्रोस्टेट कैंसर)
सोडियम फ्लोराइड बोन पीईटी
DOPA -PET CT (पार्किंसंस आवर्तक ब्रेन ट्यूमर, आदि)
द्वितीय पीढ़ी की मशीन जिससे कैंसर के स्टेज का पता चलता है
Immunotherapy & Chemotherapy
Dedicated Cancer Modular OT's
आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का इलाज
हमारे विशेषज्ञ
डॉ. अर्जुन अग्रवाल (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. लक्ष्मण पांडे (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. आमिर मलिक (हेड एंड नेक कैंसर सर्जन)
डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा (क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. संदीप (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. चीना गर्ग (ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट)
डॉ. अंकित कुमार (न्यूक्लियर मेडिसिन ऑन्कोलॉजिस्ट)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 92581 16087, 78912 35003
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# बंटवारे के वक्त नफरत के खात्मे को आगे आए थे मुफ्ती-ए-आजम हिंद

## दरगाह आला हजरत पर अदा हुई उर्स-ए-नूरी की रस्म, दिन भर आते रहे जायरीन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** आला हजरत के छोटे बेटे मुफ्ती आजम हिंद का 44 वां एक दिवसीय उर्स- ए-नूरी शनिवार को बेहद अदब के साथ दरगाह परिसर में मनाया गया, जिसमें उलमा ने मुफ्ती-ए-आजम का किरदार बयां किया। बताया कि देश में जिस वक्त बंटवारे की उथल-पुथल मची थी, तब मुफ्ती-ए-आजम ने इस खाई को पाटने का काम किया था। वह नफरत के खात्मे को आगे आए थे। देर रात कुल की रस्म के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इससे पहले दिन भर दरगाह पर हाजिरी देने के लिए जायरीन आते रहे।

दरगाह आला हजरत के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि सभी कार्यक्रम दरगाह प्रमुख सुब्हानी मियां की सरपरस्ती और सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां की सदारत में हुए व देखरेख सैयद आसिफ मियां ने की। मगरिब की नमाज के बाद हाजी गुलाम सुब्हानी ने मिलाद का नजराना पेश किया। निजामत कारी यूसुफ रजा ने की। इसके बाद मुख्य कार्यक्रम का आगाज देर रात मौलाना जहीम मंजरी ने कुरान की तिलावत से किया। उलमा ने तकरीर और शायरों ने कलाम पेश किए। मुफ्ती सलीम नूरी ने कहा कि मुफ्ती-ए-आजम हिंद ने आला हजरत के मिशन को आगे बढ़ाया। जिस वक्त देश बंटवारे की आग में जल रहा था और उथल पुथल मची थी। तब उन्होंने समाज को जोड़ने का काम किया। उनके पास से हिंदू-मुसलमान कोई खाली नहीं लौटा।

मौलाना मुख्तार बहेड़वी, मुफ्ती आकिल रजवी, मुफ्ती अय्यूब नूरी, मुफ्ती सैयद कफील हाशमी, कारी अब्दुर्रहमान कादरी, मौलाना डॉ. एजाज अंजुम आदि ने तकरीर की। सैफी मियां, फारूक मदनापुरी, महशर बरेलवी, आसिम नूरी आदि ने नात और मनकबत पेश की। देर रात 1 :40 बजे कुल शरीफ की रस्म अदा की गई।


दरगाह आला हजरत पर उमड़ी जायरीन की भीड़। • अमृत विचार

- उर्स में उलमा ने की तकरीर और शायरों ने पेश किए कलाम

### जिल्द का किया विमोचन

वहीं, दरगाह प्रमुख हजरत सुब्हानी मियां ने मदरसा मंजर-ए-इस्लाम के प्रिंसिपल मुफ्ती आकिल रजवी द्वारा लिखी इमदादुल कारी शरहा बुखारी की छठी जिल्द का विमोचन किया। जिसका अनुवाद अरबी में किया गया है। मुफ्ती आकिल रजवी ने बताया कि इस कार्य लगातार जारी है। कुल 22 जिल्द आनी हैं। 7 जिल्द उर्स-ए-रजवी में आएगी।

### नूरी गेस्ट हाउस व खलील स्कूल में हुआ कार्यक्रम

**बरेली, अमृत विचार :** उर्से नूरी की महफिल का आयोजन दरगाह आला हजरत स्थित नूरी गेस्ट हाउस परिसर में भी किया गया। देर रात सजी महफिल में उलमा ने तकरीर व नात मनकबत पढ़ी। देर रात 1 बजकर 40 मिनट पर मुफ्ती आजम हिंद के कुल की रस्म अदा की गई। कुल के दौरान जरूरतमंदों को थर्मस बांटे गए। इस दौरान तौसीफ रखां, बरेली हज सेवा समिति के पम्मी खान वारसी, हाजी इकरार नूरी, गौहर अली खां, मोहम्मद मुस्तफा रजा खां, मौलाना अहमद रजा नूरी, फारूख रजवी, जुनैद रजवी, दानिश रजवी, सिद्दीक रजवी, अनस अली, सलीम रजवी आदि रहे। उर्स-ए-नूरी कॉफ्रेंस का आयोजन खलील सायर सेकंड्री स्कूल में ईशा की नमाज के बाद तौसीफ रजा खां की सरपरस्ती में हुआ। रजा एकेडमी के सईद नूरी को मुफ्ती-ए-आजम अवार्ड से नवाजा गया। इस दौरान मुफ्ती फैज रजा, अब्दुल सत्तार हमदानी, मुफ्ती शय्यान रजा, मुफ्ती खुर्शीद आलम आदि ने तकरीर की।

# हजरत इमाम हुसैन के पैगाम को दुनिया में फैलाने की जरूरत


ऐवान-ए-नियाजिया में कार्यक्रम के दौरान मौजूद अकीदतमंद। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- इमाम हुसैन के किरदार को उलमा ने किया बयां
- इमाम हुसैन के बताए रास्ते पर चलने की हिदायत

**अमृत विचार :** फैजान-ए-नियाजिया वेलफेयर सोसाईटी की ओर से ऐवाने नियाजिया ख्वाजा कुतुब में गमे हुसैन व मोहब्बते हुसैन विषय पर तकरीरी जलसे का आयोजन हुआ। सोसाइटी के संस्थापक डॉ. कमाल मियां नियाजी ने कहा कि इस दौर में किरदारे इमाम हुसैन को समझने और उनके पैगाम को पूरी दुनिया में फैलाने की जरूरत है।

कहा कि उन्होंने कर्बला में शहादत देकर लोगों को बता दिया कि आतंकवाद व जुल्म से कभी डरना नहीं चाहिए। इमाम ने कलमा-ए-हक और दीने मुस्तफा बताने के लिए अपनी व अपने साथियों की कुर्बानी देकर दीने इस्लाम को जिंदा किया और इस्लाम का सिर बुलंद कर दिया। सोसाइटी के अध्यक्ष हमजा मियां नियाजी ने कहा कि इमाम हुसैन के पैगाम व सीरत से दुनिया में अमन व शांति कायम हो सकती है। इससे पूर्व जलसे का आगाज हाफिज साजिद नियाजी ने कुरान की तिलावत से किया। सैयद मुबारक नियाजी ने बारगाहे रसूल में नात व मनकबत का नजराना पेश किया।

जलसे की निजामत यूसुफ हुसैन फहमी ने की। इसके अलावा फैज नियाजी, फरीद नियाजी, हसीन नियाजी, मुस्लिम नियाजी, हाफिज साजिद नियाजी, अशरफ नियाजी, मुजाहिद नियाजी, चांद नियाजी, जैद नियाजी, उजैफ नियाजी सैयद कैफी नियाजी, हसीब नियाजी, शुजा नियाजी, वसीम नियाजी, रूफी नियाजी ने भी खिताब किया।

जड़ से इलाज
तुरन्त आराम
नाइस चिकित्सालय
बच्चेदानी में गांठ, रसौली, फाइब्राइड, ब्रेस्ट में गांठ का इलाज मात्र 40 दिनों में
जोड़ों में दर्द, जोड़ ज्वाइन्ट का जाम होना, कमर दर्द, सर्वाइकल, साइटिका का जड़ से इलाज मात्र 10 मिनट में आराम पायें
इलैक्ट्रो होम्योपैथी द्वारा जड़ से इलाज किया जाता है।
परामर्श निःशुल्क
डायबिटीज | पित्त की पथरी | गुर्दे की पथरी
को जड़ से खत्म किया जाता है।
मिलने का समय : सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक
पीलीभीत बाईपास डोहरा रोड जे.पी. नगर कॉलोनी निकट चंद्रपुर गांव बरेली।
डॉ. प्रवीन कुमार (BEMS, MD.EH)
सम्पर्क करें : 8630450312, 8979543136

# चालक और परिचालक रोडवेज की रीढ़

**बरेली, अमृत विचार :** चालक और परिचालक निगम की रीढ़ हैं। चालक के हाथों में 30 लाख की बस और 51 यात्रियों का सुखद सफर होता है। वो जिम्मेदारी से बस चलाएंगे तो सड़क पर चलने वालों का भी जीवन सुरक्षित रहेगा और जनता का भी विश्वास बढ़ेगा। ये बातें परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने शनिवार को क्षेत्रीय कार्यशाला में ड्राइवर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के उद्घाटन के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति में कुछ न कुछ कमी होती है। स्टेयरिंग पर बैठकर ईमानदारी से काम करेंगे तो ईश्वरी शक्ति भी आपके साथ रहेगी। सड़क पर चलने पर चालकों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। सीमित संसाधन में कार्यशाला में अनुपयोगी सामान से चालकों के इंस्टीट्यूट का निर्माण करने पर उन्होंने सेवा प्रबंधक धनजी राम की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 12 हजार बसें चल रही हैं और ये चलती-फिरती दुकान है। यात्री हमारे लिए लक्ष्मी का स्वरूप हैं। ऐसे में यात्री रोडवेज की बस देखकर हाथ दें तो उसे बैठा जरूर लें। क्षेत्रीय प्रबंधक दीपक चौधरी ने एमडी का स्वागत किया। इसके बाद सेटेलाइट बस अड्डे का निरीक्षण भी किया। कार्यक्रम में एआरएम अरुण बाजपेयी, संजीव श्रीवास्तव, एआरएम (वित्त) राम अग्रवाल, सहायक लेखाधिकारी संतोष कुमार, संतोष तिवारी, ज्ञान चंद गुप्ता, हरी राम, राजीव सक्सेना, रमेश कुमार, निर्भय गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



- परिवहन निगम के एमडी ने ड्राइवर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का किया उद्घाटन


मलेरिया विभाग में हुए जलभराव में पनप रहे मच्छर के लार्वा। • अमृत विचार

# मलेरिया की विभाग की चौखट पर ही लार्वा



**बरेली, अमृत विचार :** एक ओर जिले में मच्छर जनित रोगों की रोकथाम के लिए 1 जुलाई से संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है तो दूसरी ओर मलेरिया विभाग की चौखट यानी कार्यालय के बाहर गंदे पानी में लार्वा पनप रहे हैं, लेकिन इस ओर अफसरों का ध्यान नहीं है, जबकि दावा घर घर जाकर लार्वा नष्ट करने का किया जा रहा है। जिला महिला अस्पताल परिसर में मलेरिया विभाग के कार्यालय में भीषण गंदगी पसरी हुई है। मुख्य द्वार पर गंदा पानी भरा है, जिसमें मच्छरों के लार्वा पनप रहे हैं। सुबह से लेकर शाम तक अधिकारी और कर्मचारियों का यहां आवागमन होता है, लेकिन किसी की नजर इस ओर नहीं जा रही है। एंटी लार्वा दवा के डिब्बों से उठ रही दुर्गंध : विभाग के कार्यालय में रखे एंटी लार्वा दवा से भरे डिब्बों से भीषण दुर्गंध उठ रही है। इससे वहां बैठने में कर्मचारियों को भी दिक्कत हो रही है, लेकिन अधिकारियों के डर से कर्मचारी खामोश हैं।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
- बी.ए. (जर्नलिज्म)
- बी.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (अंग्रेजी)
- एम.ए. (मनोविज्ञान)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- बी.कॉम. (ऑनर्स)
- बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन)
- बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
- एम.कॉम.
- एम.बी.ए.
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202)
श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404)
श्री अतुल बाबू (7409998289)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

### उत्कृष्ट निबंध लिखने पर बच्चों को किया पुरस्कृत



**बरेली, अमृत विचार :** टाटा कंसलटेंसी सर्विस की ओर से आयोजित निबंध प्रतियोगिता में नकटिया स्थित जनता इंग्लिश इंटर कॉलेज के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 6 से 12 वीं तक के विद्यार्थियों में इल्मा, प्राची, सोफिया आरिश, अरशेनूर आदि को पुरस्कृत किया गया। छात्रों ने कचरे से बना आर्मी रोबोट, स्ट्रीट लाइट आदि विषय पर विचार प्रस्तुत किए। प्रबंधक हाजी इकबाल, एमडी काशिफ रजा, प्रधानाचार्य जैनब, शिवम मिश्रा, गरिमा सक्सेना, जितेंद्र कश्यप आदि उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य शिविर में 1200 मरीजों को निशुल्क परामर्श दिया



**बरेली, अमृत विचार :** बेग हॉस्पिटल की ओर से धौराटांडा में शुक्रवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें 1200 मरीजों को निशुल्क परामर्श दिया गया। अस्पताल के निदेशक डॉ. हिरा सुलेमान ने बताया कि जांच में सबसे अधिक लोग गुर्दा और कान संबंधी बीमारियों से ग्रसित मिले। उन्होंने धौराटांडा क्षेत्र में ही एक नया अस्पताल स्थापित करने की भी बात कही और मरीजों के लिए फ्री बस सेवा संचालित करने का आश्वासन दिया। डॉ. आरिफ, डॉ. संजय सिंह, डॉ. शाकिर, डॉ. शाजिया, डॉ. कुंदन और मैनेजर आमिर खान का विशेष सहयोग रहा।

### शिविर में 60 बच्चों की हुई आंखों और दांतों की जांच



**बरेली, अमृत विचार :** रोटरी क्लब ऑफ बरेली हाइट्स ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष अल्पित अग्रवाल के नेतृत्व में शनिवार को सिंधु नगर स्थित बालजती कन्या इंटर कॉलेज शिविर आयोजित किया, जिसमें 60 से ज्यादा बच्चों की आखों एवं दांतों का परीक्षण किया गया। डॉ. संजीव कोहली और डॉ. दीप श्री की टीम ने जांच की। सचिव भरत अग्रवाल ने आभार जताया। चार्टर अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल, शेखर अग्रवाल, राघव अग्रवाल, तुषार अग्रवाल, क्षितिज अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, शैलभ, प्रशांत, संचित आदि मौजूद रहे।

### शिक्षकों ने डीआईओएस को सौंपा 16 सूत्रीय ज्ञापन

**बरेली, अमृत विचार :** यूपी माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने शनिवार को पुरानी पेंशन योजना बहाली आदि की मांगों को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन सौंपा। पदाधिकारियों ने बताया कि ज्ञापन में अमेलित विषय शिक्षकों को 2005 से पूर्व के विज्ञापन के आधार पर पुरानी पेंशन योजना में शामिल करने, वित्त विहीन शिक्षकों की सेवा नियमावली तैयार कर न्यूनतम मानदेय देने, तदर्थ शिक्षकों को विनियमित करने, सिटीजन चार्टर लागू करने आदि समेत 16 मांगें रखी गई हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश रस्तोगी, प्रदेश कोषाध्यक्ष महेश चंद्र शर्मा, प्रदेश मंत्री जितेंद्र वार्ष्णेय, मंडल मंत्री संजय सिंह, बृजेश शर्मा, प्रदीप पटेल, श्याम शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### श्री त्रिवटी नाथ मंदिर में श्रीराम कथा 22 से

**बरेली, अमृत विचार :** श्री त्रिवटी नाथ मंदिर में 22 से 30 जुलाई तक श्रीरामचरितमानस कथा का आयोजन होगा। मंदिर समिति के मीडिया कोऑर्डिनेटर संजीव औतार अग्रवाल ने बताया कि वाराणसी के कथाव्यास पं. प्रभाकर त्रिपाठी संगीतमय कथा सुनाएंगे। कथा प्रतिदिन शाम 5 से 7 बजे तक आयोजित की जाएगी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मेरा हाई स्कूल वर्ष 2002 अनुक्रमांक 0567114 एवं इंटरमीडिएट वर्ष 2004 अनुक्रमांक 0253186 का अंकपत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **ज्योति गंगवार पुत्री भूप किशोर गंगवार, निवासी फेस-II, गांधीपुरम, निकट गुप्ता नर्सरी, बरेली**

सूचना
आम जनता को सूचित किया जाता है कि संजय नगर, निकट आम का पेड़ बरेली स्थित मेरे मकान से सम्बंधित मूल विक्रय पत्र संख्या 9108/2010 जो मेरे नाम है, वास्तव में कहीं गुम हो गया है। भविष्य में इस कागजात का दुरूपयोग न हो इसलिए सभी को सूचित किया जा रहा है कि किसी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था को यदि आपत्ति हो तो इस प्रकाशन के दिनाँक से सात दिन के अंदर मेरे समक्ष प्रस्तुत करें।
पार्वती पत्नी हरीश, निवासी संजय नगर, आम के पेड़ के पास, बरेली, हाल निवासी- ग्राम अहमद नगर जागीर, पनवड़िया, रामपुर (उ.प्र.)


**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# संस्कृतिः हमारे समाज का मूल

संस्कृति समाज का मूल होती है। संस्कृति और सभ्यता का विकास मनुष्य के अपने प्रयत्नों का परिणाम है, लेकिन पीछे कुछेक वर्षों में आधुनिकता के नाम पर सुस्थापित जीवन मूल्यों को कमतर देखा जा रहा है। भारत में प्रचलित आधुनिक सभ्यता पश्चिमी देशों की जीवनशैली की नकल है। शब्द आधुनिकता कालबोधक है। इतिहास के सम्यक अध्ययन के लिए काल विभाजन जरूरी होता है। जैसे प्राचीन काल, मध्यकाल और आधुनिक काल। यह विभाजन सामान्य है। इसके पहले प्रागैतिहासिक काल भी है। इसी तरह वैदिक काल और उत्तर वैदिक काल जैसे विभाजन भी हैं। आधुनिक काल स्थिर इकाई नहीं है। आधुनिक काल विदा होता रहता है और मध्यकाल में समाता रहता है। भारत का आधुनिक काल भारत के ही मध्यकाल का विस्तार है। इसी तरह मध्यकाल भी। वैदिक काल व प्रागैतिहासिक काल मध्यकाल में प्रकट होते हैं। जीवन विकास के प्रारंभिक चरण से लेकर आधुनिक काल तक समाज में बड़े परिवर्तन आए हैं।

संप्रति हम लोग भारत के आधुनिक काल में सक्रिय हैं। हमारी अनुभूति, सामाजिक मूल्य, जीवन के प्रति हमारा दृष्टिकोण और सोच विचार में पूर्ववर्ती सामाजिक मूल्यों की ही पुनर्प्रतिष्ठा है। आज का समाज बीते काल के समाज का विस्तार है। भारत की आधुनिकता हमारी प्राचीनता का ही प्रसाद है। पश्चिमी देशों ने भारत के प्राचीन समाज के मूल्यों को अपमानित करने का प्रयास किया है। ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले यहां सबको आनंदित करने वाली विश्ववरेण्य संस्कृति थी। तब से लेकर आधुनिक काल तक यहां लगातार सांस्कृतिक निरंतरता है। भारत की आधुनिकता इसी सांस्कृतिक निरंतरता का परिणाम होनी चाहिए।

संस्कृति और सभ्यता जाग्रत मनुष्यों के कर्मतप का विकास है। संस्कृतियां कभी-कभी व्यापक रूप में दूसरे समाज को भी प्रभावित करती हैं और प्रभावित होती भी हैं। भारतीय संस्कृति में विश्व को एक परिवार जानने और तद्नुसार व्यवहार और आचरण करने की प्रकृति है। संस्कृति में विश्व के सभी प्राणियों का लोकमंगल आराध्य है। इसलिए भारतीय संस्कृति का प्रभाव दुनिया के अनेक देशों पर पड़ा। भारतीय संस्कृति का प्रवाह नेपाल, भूटान, श्रीलंका, कंबोडिया, चंपा और मलेशिया तक व्यापक था। इंडोनेशिया दुनिया की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाला देश है। इंडोनेशियाई आज भी भारतीय संस्कृति के प्रति अनुरागी हैं। जापान, कोरिया, मंगोलिया, साइबेरिया, इंग्लैंड, आयरलैंड, मिस्र और ऑस्ट्रेलिया जैसे राज्य भारतीय संस्कृति के प्रशंसक रहे। दक्षिण अफ्रीका, फिजी, मॉरीशस, गुयाना, सूरीनाम, त्रिनिदाद आदि देश इस प्रभाव के साक्षी हैं। भारतीय संस्कृति का अध्ययन राष्ट्र राज्य की सीमाओं से बंधकर नहीं किया जा सकता। संस्कृति विचारधारा से नहीं बनती। अरस्तू, प्लेटो और अलेक्जेंडर का ग्रीक राष्ट्र कहां है? ग्रीक में दर्शन था। सुंदर विचार पद्धति थी। योग्यता थी, लेकिन सांस्कृतिक राष्ट्रभाव नहीं था। रूस के साथ भी यही बात लागू है। रूस एक राज्य था। जार राज्य था। राज्यव्यवस्था कम्युनिस्ट हो गई। सांस्कृतिक राष्ट्रभाव नहीं था। सोवियत रूस बिखर गया। रूस बचा है। चीन में दार्शनिक समृद्धि थी। 'ताओ ते चिंग' जैसा दार्शनिक ग्रंथ लाओत्सु ने लिखा था। कम्युनिस्ट राज्यव्यवस्था के कारण चीन राष्ट्र नहीं बन सका। कम्युनिस्ट पंथ के जन्मदाता कार्ल मार्क्स ने दुनिया के सामने अपना विशेष दृष्टिकोण रखा था। उन्हीं मार्क्स ने भारत को यूरोपीय मूल्य की भाषाओं और पंथों का जन्म स्थान मानते हुए 1853 में लिखा था, "हम निश्चयपूर्वक न्यूनाधिक सुदूर अवधि में उस महान और दिलचस्प देश को पुनर्जीवित होते देखने की आशा कर सकते हैं"। जहां के सज्जन निवासी राजकुमार सालितकोव के शब्दों में, "इटालियन लोगों से अधिक चतुर और कुशल हैं। यहां के निवासियों की अधीनता भी एक शांत गरिमा से संतुलित रहती है और जिन्होंने अपने सहज आलस्य के बावजूद अंग्रेज अफसरों को अपनी वीरता से चकित कर दिया। इस सज्जन निवासियों का देश हमारी भाषाओं और हमारे धर्म का उद्गम है और जहां पर प्राचीन जर्मन का स्वरूप जाट में और प्राचीन यूनानियों का स्वरूप ब्राह्मण में प्रतिबिंबित है।" (मार्क्स: एंजेल्स-दे फर्स्ट इंडियन वॉर ऑफ इंडिपेंडेंस-पृष्ठ 37) मार्क्स जैसे चिंतक ने भारत की प्रशंसा की थी और अपने पंथों का स्रोत बताया था, उसी भारत में पश्चिमी देशों की सभ्यता आधुनिकता के बहाने समाज की गुणवत्ता समाप्त कर रही है। संप्रति भारत के लोगों में आधुनिक हो जाने की जल्दबाजी है।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> समाज के गठन की मूल इकाई परिवार है। इस परिवार में पति और पत्नी परस्पर एक दूसरे की प्रसन्नता के लिए काम करते हैं। वैदिक साहित्य में पत्नी को घर का सम्राट बताया गया है। घर की प्रीति प्राचीन काल में सबको खींचती थी। घर का मतलब ही है, जहां बार-बार लौटने का मन करे वह घर है।

समाज के गठन की मूल इकाई परिवार है। इस परिवार में पति और पत्नी परस्पर एक दूसरे की प्रसन्नता के लिए काम करते हैं। वैदिक साहित्य में पत्नी को घर का सम्राट बताया गया है। घर की प्रीति प्राचीन काल में सबको खींचती थी। घर का मतलब ही है, जहां बार-बार लौटने का मन करे वह घर है। परिवार के सभी जन परस्पर प्रेम करते हैं और अपना घर का काम भी मिलजुल कर करते हैं। पति-पत्नी का साहचर्य अद्भुत है। ऋग्वेद में बताते हैं कि पति और पत्नी मिलकर सोमरस तैयार करते हैं। पति और पत्नी मिलकर अपने घर भद्र जनों को निमंत्रण देते हैं। पति और पत्नी अलग-अलग नहीं हैं। दोनों मिलकर एक हैं। भारतीय परंपरा में दोनों के जोड़े को मिलाकर दंपति कहा गया है। दंपति में स्त्री पुरुष दोनों समाहित हैं। दो को एक देखने की दृष्टि दांपत्य में है। दांपत्य जैसा शब्द दुनिया की किसी भाषा में नहीं है। वेदों में भी धरती और आकाश के लिए मिलाजुला एक शब्द है 'रोदसी'। ऋग्वेद में बताते हैं, "धरती और आकाश पहले मिले हुए थे और एक थे। मरुदगणों ने धरती और आकाश को अलग कर दिया।" विशेष संस्कृति के कारण भारतीय विवाह स्थाई रहते हैं। वैवाहिक संबंध टूटने की ज्यादातर घटनाएं पश्चिमी सभ्यता के प्रभाव में हुई हैं और होती हैं। विदेशी सभ्यता के प्रभाव में बिना विवाह के स्त्री पुरुष का साथ-साथ रहना है। अंग्रेजी भाषांतर में इसे 'लिव इन' कहा गया। 'लिव इन' भारतीय धारणा नहीं है। 'लिव इन' विदेशी उधार की आधुनिकता का परिणाम है। तरुणाई में ऊर्जा का अतिरेक होता है। अनुभव कम होते हैं। इसलिए 'लिव इन' की घटनाएं होती हैं। 'लिव इन' टूटता है। स्त्री और पुरुष दोनों ठगे-ठगे रह जाते हैं।

भारत में विवाह के समय अग्नि के सात चक्कर लगाना अनिवार्य किया गया है। भारत की विवाह पद्धति, पारिवारिक नेह और स्नेह, घर चलाने का अनूठा संविधान है। इसे पश्चिमी सभ्यता के हमले से बचाना चाहिए। ऋग्वेद में सूर्य पुत्री सूर्या के विवाह का वर्णन है। बताते हैं कि गांव नगर के सभी वरिष्ठ बहू के स्वागत के लिए एकत्रित होते हैं। वरिष्ठ जनों के आशीष का भाव बार-बार पढ़ने लायक है। ऋषि कहते हैं कि यह बहू पूरे परिवार के सुख का कारण बने। सास ससुर की सेवा करें। सब पर नियंत्रण करें। घर में इसी बहू का राज्य चले। यह बहू अखंड सौभाग्यवती हो। इसके बच्चे परिवार की प्रतिष्ठा बढ़ाएं। पश्चिम के विवाह में भारतीय संस्कृति नहीं है। पश्चिमी जीवनशैली में व्यक्तिवाद है। भारत के जीवन में सामूहिकता है। उधार की आधुनिकता व्यक्तिवाद बढ़ाती है। व्यक्तिवाद में माता-पिता और परिवार के सदस्य अपनी उपयोगिता के अनुसार सम्मान पाते हैं। यहां माता-पिता की उपयोगिता नहीं देखी जाती। भारतीय जीवनशैली में समूह का हित, समाज का हित और राष्ट्रहित मिलते हैं। संस्कृति में सत्य, शिव और सुंदर का प्रवाह है।

# संन्यास का अर्थ संसार को त्यागना नहीं

अंबानी परिवार में अभूतपूर्व शादी के किस्से कम हो चले हैं, लेकिन अपने शंकराचार्यों द्वारा नव विवाहित दंपति को आशीर्वाद देने के लिए वहां जाना अब भी चर्चा का विषय बना हुआ है। कुछ लोग इस विषय को जानबूझकर जीवंत बनाए रखना चाहते हैं।

इनमें से बहुत से ऐसे लोग हैं, जो अनंत की प्रारंभिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की पृष्ठभूमि में इस शादी को यादगार बनाने के लिए लगभग पांच हजार करोड़ के व्यय को सर्वथा जायज मानते हैं। उनका तर्क है कि साधारण परिवार के लोग अपने बच्चों की शादी में अपनी जमापूंजी का लगभग दस-पंद्रह प्रतिशत खर्च करते हैं, जबकि अंबानी परिवार ने इस शादी में अपनी पूंजी का एक प्रतिशत से भी कम खर्च किया है, जो लोग स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ चुके अनंत के अरमान को पूरा करने के लिए इतनी बड़ी धनराशि के व्यय को उचित बताते हैं, वही लोग शंकराचार्यों द्वारा इस दंपति की कुशलता हेतु आशीर्वाद देने के लिए अंबानी परिवार में जाने पर आपत्ति जता रहे। यह तो स्पष्ट ही होगा कि कोई भी शंकराचार्य ससम्मान निमंत्रण के बिना वहां नहीं गए होंगे और अगर आमंत्रित होकर उन्होंने अपने स्नेहसिक्त आशीर्वाद से नवदंपति को अभिभूत करने का निर्णय लिया, तो इसमें आपत्तिजनक क्या है? वैसे व्यक्तिगत रूप से मैं यह समझता हूं कि अगर अंबानी परिवार शादी के कार्यक्रम के पश्चात इन धर्माचार्यों के पास नवदंपति को आशीर्वाद दिलाने स्वयं गए होते, तो यह अंबानी परिवार की प्रतिष्ठा में ही वृद्धि करता।

कहा जा रहा है कि संन्यासी को गृहस्थ के यहां नहीं जाना चाहिए। हम भूल जाते हैं कि वर्णाश्रम व्यवस्था में ब्रह्मचर्य, वानप्रस्थ एवं संन्यास- यह तीनों आश्रम गृहस्थाश्रम पर ही आश्रित रहे हैं। इसीलिए गृहस्थ आश्रम को सर्वश्रेष्ठ कहा गया है।

आदि शंकराचार्य ने संन्यास ग्रहण करने के पश्चात अपनी माता को दिए गए वचन के पालन हेतु घर पहुंचकर उनका अंतिम संस्कार किया था, जो संन्यास आश्रम की मान्यताओं के विपरीत है। भगवान बुद्ध संन्यासी होते हुए अपनी पत्नी के पास भिक्षा मांगने गए थे। संन्यास का अर्थ संसार को त्यागना नहीं है, बल्कि सांसारिकता की आसक्ति पर विजय पाना है। विदेह राज जनक गृहस्थ व राजा होते हुए भी एक संन्यासी के रूप में समादृत हैं। आदि शंकराचार्य ने अपने जीवन के अंतिम दिनों में स्वयं राजा सुधंवा का आतिथ्य ग्रहण किया था। शंकराचार्य जी ने अपने अंतिम संदेश में कहा था कि केवल आत्मज्ञान ही संन्यासियों के लिए यथेष्ट नहीं है, अपितु वर्णाश्रम धर्म के संस्थापक और संरक्षण का गुरु-दायित्व भी उन्हें वहन करना होगा।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

मठाधीश एक स्थान में न रहकर धर्म प्रचार के लिए विभिन्न स्थानों में परिभ्रमण करें तथा साधारण जनता वर्णश्रम धर्म के पालन द्वारा क्रमशः उच्चतर और महत्तर लाभ के लिए प्रयत्न पारायण हो, इस पर भी मठाधीशों की सावधान दृष्टि रहे। जहां तक हमारे द्वारा अपने धर्म गुरुओं के मान-सम्मान का प्रश्न है, उल्लेखनीय है कि जब कुछ धर्माचार्यों ने अर्धकुंभ को कुंभ व महाकुंभ बनाए जाने का विरोध किया, तब यही लोग उनका समर्थन करने के बजाय उनकी कमी निकालने लगे। इसी प्रकार जब आधे-अधूरे निर्मित श्रीराम मंदिर के उद्घाटन पर शंकराचार्यों ने शास्त्र सम्मत आपत्तियां कीं, तो पुनः उनको सुनने अथवा उनका साथ देने के बजाय उनकी विभिन्न प्रकार से आलोचना की जाने लगी। दरअसल ऐसे लोगों को हमारे धर्म गुरुओं से न कोई लगाव है और न कोई समस्या। उनकी मूल समस्या है हीरो-वर्शिप, व्यक्ति पूजा। कूपमंडूकता किसी भी व्यक्ति पूजक की प्राथमिक योग्यता है।

# नन्हे-मुन्नों का विकास और राष्ट्रीय शिक्षा नीति

6 से 8 वर्ष की आयु बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास की यह अति महत्वपूर्ण आयु मानी गई है। बच्चों के मस्तिष्क का 85 प्रतिशत विकास प्रारंभिक 6 वर्ष की आयु में ही हो जाता है। राज्य में बहुत सारे बच्चे ऐसे है, जो 6 वर्ष से पूर्व किसी संस्थान से औपचारिक रूप से नहीं जुड़ पाते हैं, अर्थात उन्हें गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा एवं देखभाल के पर्याप्त अवसर मुहैया नहीं हैं। 3 वर्ष की आयु से बच्चे अपने घर एवं परिवार से प्रारंभिक भाषायी दक्षताओं को प्राप्त करना आरंभ कर लेते हैं। ये बेहद अनौपचारिक एवं असंगठित प्रक्रियाओं द्वारा किया जाता है, जिसे आगे बढ़ाने एवं नियोजित ढंग से औपचारिक एवं संस्थागत करने हेतु संस्थाओं का उपयोग अत्यंत आवश्यक हो जाता है। यदि हम प्ले स्कूलों एवं वर्तमान संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों पर दृष्टि डालें, तो पाते हैं कि वे उस स्तर पर नहीं हैं, जिस स्तर पर उन्हें होना चाहिए। राज्य में बहुत सारे बच्चे 6 वर्ष तक की आयु पूर्ण कर सीधे कक्षा 1 में प्रवेश पाते है, जिससे ऐसे बच्चे अपने बाल्यावस्था शिक्षा एवं देखभाल के शुरुआती 3 वर्ष गैर संस्थागत एवं गैर प्रणालीगत तरीके से पूर्ण करते हैं, जो कि किसी भी दशा में उचित नहीं है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का लक्ष्य देश के विकास की अनिवार्य आवश्यकताओं को सुनिश्चित करना है। यह नीति प्रत्येक व्यक्ति में निहित रचनात्मक क्षमताओं के विकास पर विशेष बल देती है। प्रारंभिक बाल्यावस्था में बच्चों का स्वास्थ्य एक महत्वपूर्ण कारक है, जो सीधे बच्चों के सीखने को प्रभावित कर सकता है। इस अवस्था में यह भी आवश्यक है कि प्रारंभिक बाल्यावस्था के बच्चे स्वस्थ एवं स्वच्छ वातावरण में सीख रहे हों, बढ़ रहे हों। इस आयु में बच्चों के पोषण एवं देखभाल की सबसे अधिक आवश्यकता महसूस की जाती है, क्योंकि इस आयु में बच्चे अत्यंत शीघ्रता के साथ सीख एवं बढ़ रहे होते हैं। सीखने की इस प्रक्रिया में संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका हो जाती है। इससे पूर्व 3 वर्ष तक की आयु में अपने अनुभवों से, देखकर, दोहराकर या नकल करके या जिज्ञासा के आधार पर बच्चे जो कुछ भी सीखते हैं, वह ढांचागत या प्रणालीगत नहीं होता है। उन सारे सीखने के अनुभवों को एक स्थान पर एकत्र कर सीखने की प्रक्रिया को ढांचागत तरीके से आगे बढ़ाने में संस्था की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। राष्टीय शिक्षा नीति - 2020 में कहा गया है कि संस्थाएं ऐसी हों जहां प्रत्येक छात्र का स्वागत किया जाता हो, उसकी देखभाल की जाती हो। जहां बच्चा स्वयं को सदैव सुरक्षित महसूस करें।



डॉ. अनिल चौबे
सदस्य, राज्य संदर्भ समूह
मिशन प्रेरणा उत्तर प्रदेश

> नैतिक गुणों के विकास हेतु किसी ज्ञान अथवा उपदेश को थोपने या सीधे प्रदान करने की आवश्यकता नहीं, बल्कि वे उनमें व्यवहारिक प्रक्रिया द्वारा स्वयं से विकसित होने चाहिए।

3 वर्ष की आयु से पूर्व बच्चों में बातचीत, खेलना, छूकर अनुभव आदि के अधिक अवसर दिए जाने चाहिए, जिससे 3 वर्ष के पश्चात उनका शारीरिक और गत्यात्मक, सामाजिक भावनात्मक, संज्ञानात्मक, संप्रेषण घर की भाषा में एवं संख्या ज्ञान की मौखिक शुरुआती समझ आदि पर विकास संभव हो सकेगा। 3 वर्ष में शुरुआती सीखने की यह गतिविधियां बच्चों को अनुभव के आधार पर निश्चित रूप में आरंभ हो जानी चाहिए। जैसे-जैसे बच्चे 4-5 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे होंगे, वे अपनी संस्था में समूह में कार्य करना, अपना विचार बनाना तथा व्यक्त करना (राय देना), नेतृत्व प्रदान करना, अच्छी आदतों में विकास की शुरूआत आदि सीख रहे होंगे। यहां हम बच्चों को नैतिक गुणों में विकास हेतु कुछ अनुभव एवं वातावरण उपलब्ध करा सकते हैं। नैतिक गुणों के विकास हेतु किसी ज्ञान अथवा उपदेश को थोपने या सीधे प्रदान करने की आवश्यकता नहीं, बल्कि वे उनमें व्यवहारिक प्रक्रिया द्वारा स्वयं से विकसित होने चाहिए। खेल आधारित शिक्षा का आरंभ भी इसी आयु में हो जाता है। खेल आधारित शिक्षा से बच्चों में उनकी जिज्ञासा, सृजनात्मकता, टीम भावना का विकास, सहानुभूति-समानुभूति, समावेशिता, आस-पास का वातावरण एवं साथियों के साथ समावेशन की क्षमताओं का विकास संभव हो पाता है। इन्हीं गतिविधियों से बच्चों की जन्मजात प्रवृत्तियों एवं क्षमताओं का पता भी लगाया जा सकता है।

इस आयु में बच्चे खेल से बहुत तीव्रता से सीखते हैं। खेल एकल अथवा सामूहिक हो सकते हैं। जहां तक संभव हो संस्थागत ढांचे में उन की आयु के समूहों के खेलों को प्राथमिकता प्रदान करें। संस्था के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों द्वारा बच्चों में संवैधानिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करते हुए अत्यंत व्यावहारिक रूप से, उनमें नैतिक मूल्यों के विकास की प्रक्रिया आरंभ की जानी चाहिए। 3 से 8 वर्ष की आयु में संस्थाएं ऐसा वातावरण विकसित करें कि सीखने-सिखाने की प्रक्रिया केवल संस्था तक सीमित न रहे, बल्कि यह बच्चों के घर-परिवार एवं समाज तक जाएं। बच्चे विद्यालय में, विद्यालय से बाहर, परिवार में कहीं भी बेझिझक सवाल कर रहे हों, अपनी जिज्ञासाएं उजागर कर रहे हों। शिक्षक और अभिभावक कभी भी बच्चों को इसके लिए रोकें नहीं, उन्हें चुप न कराएं। बच्चों के शिक्षकों एवं अभिभावकों आदि सभी का दायित्व रहेगा कि वे बच्चों जिज्ञासाएं शांत करने को निरंतर प्रयासरत रहें तथा उन्हें किए गए प्रश्नों के उत्तर के नजदीक तक ले जाएं। इस आयु में अभिभावक, शिक्षक एवं स्वयं बच्चों का भी दायित्व रहेगा कि वे सीखने की इस औपचारिक एवं अनौचपारिक प्रक्रिया पर निरंतर समालोचनात्मक एवं सकारात्मक दृष्टिकोण रखें। इस दौरान यह भी आवश्यक है कि बच्चों के क्रियाकलापों, उनके उत्तरों, प्रश्नों एवं व्यवहारों द्वारा ही जानने की प्रगति का पता लगाएं। उनके अनुभवों, विचारों को तवज्जो दें तथा अपने विचारों से सरल भाषा में उन्हें अवगत कराएं। इसी से सीखने का पता लगाया जाना चाहिए तथा उन्हें आवश्यकतानुसार आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया जाना चाहिए।

# रेत का किला

व्यवहार की जो पद्धति समाज के साथ हमको भी आगे ले जाए, वह नीति है। नीति शब्द से नैतिक और नैतिकता शब्द बनते हैं। यह नैतिकता ही संस्कार या चरित्र है, जिसके संबंध में बहुत बातें कही जाती हैं। यदि नैतिकता न हो तो व्यक्ति का क्षरण हो जाता है, परिवार का क्षरण हो जाता है, दल या संगठन का क्षरण हो जाता है तथा राज्य संस्था का क्षरण हो जाता है।

नैतिकता एक मर्यादा है और मर्यादा राजा की भी होती है और प्रजा की भी होती है, समुद्र कितना प्रबल है? किंतु मर्यादा को वह भी मानता है। राज्य विश्वास पर टिका है, भय पर नहीं, केवल सैन्यबल पर राज्य स्थिर नहीं रह सकता। आप एक सीमा तक लोगों को जेल या यातना से डराकर चुप कर सकते हैं, लेकिन जब लोग समझने लगेंगे कि यहां अपराधी नहीं, सज्जन डरा हुआ है। सामान्य जन भयभीत है, अपराधी से समझौता है। लोग सच कह नहीं पा रहे हैं। असत्य को डरना चाहिए, किंतु सच डर रहा है। दंडव्यवस्था अनैतिक है, दुष्ट निर्भय हैं। असामाजिक को डरना चाहिए, किंतु यहां तो समस्त डर लोकतंत्र को ही चुप करना चाहता है, तब लोग जान जाएंगे कि राजा डरा हुआ है, वह नैतिकबल को खो चुका है। वह अनैतिक है, क्योंकि झूठ बोलता है। अविश्वसनीय है। विश्वास यह नहीं समझता कि आप क्या कहते रहते हैं? विश्वास दिन और रात यह देखता रहता है कि आप करते क्या हैं? आपके आचरण को आपके घर की दीवारें देख रही हैं, घर की छत आपके आचरण की परीक्षा कर रही होती है। आप समझ रहे होते हैं कि मुझे कोई नहीं देख रहा, किंतु सच यह है कि आप किसी को नहीं देख पा रहे हैं और आपको सबने देख लिया है। विश्वास एक प्रचंड शक्ति है, उसके सामने सैन्यशक्ति भी निस्तेज हो जाती है। विश्वास सैन्य बल पर नहीं, सत्य पर टिका हुआ है, सत्य नहीं तो विश्वास नहीं और विश्वास नहीं तो कुछ भी नहीं। लोक विश्वास के बिना राज्य संस्था कुछ समय तक भरम के रूप में धुंए की तरह रह सकती है, किंतु अंततः वह निस्तेज हो जाती है। रेत के किले की तरह अपने आप ढह जाती है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

# गुरु के प्रति कृतज्ञता का उत्सव

भारत पूरे विश्व में अपनी संस्कृति, आचरण व शिष्टाचार से जाना जाता है। गुरु पूर्णिमा भगवान शिव द्वारा स्थापित ऐसा ज्ञानपर्व है, जिसमें व्यास परंपरा की जीवंतता है। यह ज्ञान की आराधना का पर्व है और सरल शब्दों में कह सकते हैं कि ज्ञानी अर्थात गुरु के प्रति निष्ठा और श्रद्धा समर्पण का पर्व है।

हमारे जीवन में प्रज्ञा और श्रद्धा की दो धाराएं अनवरत एक साथ चलती हैं। इसलिए जो प्रज्ञावान हैं, हम उनका भी सम्मान करें और जो श्रद्धावान हैं वह भी हमारी धरोहर हैं। गुरु पूर्णिमा इस श्रद्धावान और प्रज्ञावान के संबंधों के पुनर्जागरण का दिन होता है। गुरु सामान्यतः महामानव होते हैं, जिनकी कृपा से मानव यथार्थ जीवन संपन्नता प्राप्त करता है, आत्मिक पवित्रता प्राप्त करता है, प्रखरता प्राप्त करता है। इसलिए ऋषि व्यास जो महानतम ज्ञानी हैं "व्यासस्य रूपाय विष्णवे" उनकी वंशावली में, व्यास पूर्णिमा 'गुरु पूर्णिमा कहलाती' है। हमारे यहां कहा गया है, "गुरु बिनु भवनिधि तरइ न कोई। जउ बिरंचि संकर सम होई।। अर्थात गुरु सबके लिए अनिवार्य हैं। वह गुरु जो सत-असत, ज्ञान-अज्ञान का विभेद कर सके, उसका विस्तृत ज्ञान इतना हो कि वह संपूर्ण परिस्थितियों का जानने वाला हो तभी जाकर वह मार्गदर्शक बन सकता है।



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

गुरु तथा देवता में समानता के लिए एक श्लोक में कहा गया है कि जैसी भक्ति की आवश्यकता देवता के लिए है वैसी ही गुरु के लिए भी। शास्त्रों में गुरु अज्ञान के अंधकार को दूर करके ज्ञान का प्रकाश देने वाला कहा गया है। गुरु हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले होते हैं। गुरु की कृपा से ईश्वर का साक्षात्कार संभव हो पाता है और गुरु की कृपा के अभाव में कुछ भी संभव नहीं हो पाता।

# प्रश्नों की बौछार

चौहत्तर वर्षीय सोना देवी को दस वर्षों से डायबिटीज थी। उसका थोड़ा-बहुत असर अब हृदय पर भी पड़ चुका था, जिसके चलते अब उन्हें ज्यादा मेहनत या श्रम करने पर छाती में दर्द या जलन होती थी, साथ में ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल भी बढ़ा हुआ था। इसीजी करने पर पता कि उन्हें दिल का हल्का दौरा पड़ चुका है। गर्दन की हड्डियां भी कमजोर पड़ गई थी, जिसके चलते उन्हें गर्दन और दोनों बाजुओं में दर्द की शिकायत थी। उनका शरीर खाया-पिया था। वजन भी अच्छा-खासा था। शारीरिक गठन सूचकांक 29.6 था, जो सामान्य से काफी अधिक था। दोनों कानों से कम सुनाई देता था।

इतनी बीमारियों के बावजूद सोना देवी की जीवंतता और खाने पीने में रुचि कम नहीं पड़ी थी। अच्छा खाना-पीना, सलीके से रहना, घूमना -फिरना उनकी प्रबल इच्छाओं में था। मुझे बहुत अच्छी तरह से याद है कि जब वे पिछली बार सर्वप्रथम मुझे दिखने आईं थीं तब उनके दो प्रमुख प्रश्न थे क्या मैं संगम के किनारे मिलने वाली गुड़ खा सकती हूं? अपने फैली हथेलियों के संकेत से एक बड़े कटोरे के बराबर खीर खा सकती हूं।



डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

> इतनी बीमारियों के बावजूद सोना देवी की जीवंतता और खाने पीने में रुचि कम नहीं पड़ी थी। अच्छा खाना-पीना, सलीके से रहना, घूमना -फिरना उनकी प्रबल इच्छाओं में था।

जिसे दस वर्षों से अधिक की डायबिटीज हो, ब्लड प्रेशर हो उसे रोज खीर खाने को मैं कैसे अनुमति देता? मैंने उन्हें बहुत समझ-बुझाकर गुण-दोष बताकर एक छोटी कटोरी कभी- कभार लेने की इजाजत दी थी।

आज करीब छह महीने बाद जब वह ओपीडी में आईं तब कुशलक्षेम के बाद उन्होंने कहा डाक्टर साहब कमजोरी बहुत है। क्या मैं गुड़ की जलेबी खा सकती हूं? पकौड़ी, कढ़ी, कटहल की सब्जी खा सकती हूं? और हां डॉक्टर साहब क्या मैं उड़द की दाल या दम आलू खा सकती हूं? इसके पहले कि मैं उन्हें कुछ जवाब दूं उनका आगामी प्रश्न था क्या मैं दही माठा से रोटी खा सकती हूं? और हां डाक्टर बाबू क्या मैं पहले की तरह राजमा -छोला खा सकती हूं की नहीं? कहो डाक्टर साहब क्या चना उबाल कर खा सकती हूं? पेप्सी मेरे लिए मना तो नहीं है? आजकल लोग नारियल का पानी खूब पीते हैं क्या हमहूं इसे पी सकते हैं? मैंने कहा बिल्कुल मां। गांव में मेरे खेत में एक बहुत सुंदर आम का पेड़ हैं। सिंदूर के रंग का उसका आम बहुत मीठा होता है। हम लोग उसे सेनहुरवा आम बोलते हैं। सेनहुरवा की बात करते-करते वह अत्यंत लालायित भाव से बोली क्या वह आम अब मैं खा सकती हूं की नहीं।

डॉक्टर साहब मैं अपने घर के तीसरे महला पर खटाखट चढ़ जाती थी, पर अब दूसरी मंजिल पहुंचते-पहुंचते सांस फूल जाती हैं। ऐसा क्यों है डॉक्टर साहिब? ऐसा कहते समय उनके चेहरे पर बाल सुलभ सरलता, मुस्कराहट और कौतूहल था। खाने-पीने से संबंधित उनके अनेक प्रश्न मेरे लिए थोड़े कौतूहल पूर्ण थे। पहले मेरा मन हुआ कि मैं इन्हें चिकित्सालय की डायटीशियन के पास शंका-समाधान के लिए भेज देता, लेकिन मेरे अंतःकरण ने यह गवारा नहीं किया, क्योंकि उनकी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से डायटीशियन की समझ शायद ही मेल खाती। यह ध्यान में रखकर मैंने स्वयं यह जिम्मेदारी निभाने का निश्चय किया।

मेरा उत्तर संक्षिप्त और सरल था- आप सब चीजों का आनंद लें पर ज्यादा चिकनाई, तले-भुने, अधिक नमक, मैदे से बनी चीजें और जंक पदार्थों से बचने की कोशिश करें। कहते है न जीभ तो 'स्वाद लेहि भीतर गई, भोगत हृदय अपार'। यहां यह बात सोलहों आने सच थी। इसी चटोरी जीभ के कारण उन्हें डायबिटीज, हृदयाघात, चिकनाई दोष जैसी समस्याएं घेरे हुएं थी, पर उनका चटपटे भोजन के प्रति लगाव कम नहीं हुआ था। पता नहीं मैं उसके तमाम प्रश्नों का समाधान कर पाया या नहीं, पर जाते समय उसके चेहरा जिस प्रकार प्रसन्नता से खिला हुआ था और उसके नेत्रों में कृतज्ञता के भाव परिलक्षित हो रहे थे तथा अभिवादन में जो नमन दृष्टिगत हो रहा था वह किसी भी चिकित्सक को अंदर से विचलित करने के लिए पर्याप्त था।

# ऐसे भी होते हैं मुस्लिम

इन दिनों उत्तर प्रदेश में कावड़ियों के मार्ग की दुकानों और होटलों से लेकर ठेलियों तक पर स्वामी के नाम का पट लगाए जाने के शासकीय आदेश की खबर गरम है। इसके पीछे की भावना यह है कि इन शिव भक्तों को हिंदू-मुस्लिम विक्रेता की पहचान हो सके। हालांकि इन नाम पटों की सत्यता की पुष्टि करने का कावड़ियों के पास कोई उपाय नहीं है और न इतने वृहत पैमाने पर सरकारी तंत्र इसे सत्यापित ही कर सकता है, जो लिखा है उसे मुख मूल्य पर स्वीकार करना होगा।

तथ्य यह भी है कि तमाम नाम कामन होते हैं, जो हिंदू मुसलमान दोनों रखते हैं। ऐसा इस समय क्यों किया गया? लोकसभा चुनावों में यूपी में भाजपा को मिली करारी शिकस्त के परिणामस्वरूप मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर आलोचना की बौछारें हो रही हैं। उनके अपने दोनों उप मुख्यमंत्री इसमें सबसे आगे हैं, शायद हाई कमान के इशारे पर। इसी बीच प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव भी होने हैं, जिनके परिणामों से योगी की प्रतिष्ठा जुड़ी होगी और शायद कुर्सी भी। ऐसे में नाम पट दर्शित करने वाली योजना वोटों के सांप्रदायिक ध्रुवीकरण करने का प्रयास है। अब इसमें कितनी सफलता मिलती है, यह समय बताएगा। वैसे मेरा मानना है कि कोई भी समूह या संप्रदाय अपनी संपूर्णता में अच्छा या बुरा नहीं होता। मिश्रण होता है। यहां वेद पुराण की बात नहीं करेंगे, क्योंकि तब तो हिंदू-मुस्लिम था ही नहीं। इतिहास में मंसूर, सरमद, फैजी, रहीम, रसखान और मलिक मोहम्मद जायसी जैसे नाम हैं, जिनको इंगित करके भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने कहा था, "इन मुसलमान हरिजनन पै कोटिन हिंदू वारिये"। कृष्ण भक्तिन ताज बीबी की कब्र आज भी वृंदावन की रमण रेती में हिंदुओं की श्रद्धा का केंद्र है और उनके स्वर "नंद के कुमार कुरवान तेरी सूरत पै, हौं तो मुगलानी हिंदुवानी ह्वै रहौंगी मैं" लोक मानस में घर किए हुए हैं।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हमारी पुत्री शारदा शुक्ला की विद्यार्थी जीवन की घनिष्टा सखी रूही सिद्दीकी उच्च न्यायालय की लखनऊ खंड पीठ में सरकारी वकील है। अभी कश्मीर यात्रा पर गई थी, तो श्रीनगर के प्रसिद्ध शिव मंदिर भी गई, जिसे शंकराचार्य जी ने प्रतिष्ठित किया था। मेरे गृह कार्य की प्रभारी 'गुड़िया' नामक महिला है। वह मुसलमान है। शुरू में उससे पूछा गया था कि "तुम्हारा कोई मुसलमानी नाम भी होगा?" तो उसने कहा नहीं यही एक नाम है। अब इस नाम का यदि पट लगा हो तो कैसे जानेंगे कि यह हिंदू है या मुसलमान? मेरे परिवार वालों का आश्चर्य तब और बढ़ा, जब उसकी किशोरी बेटी एक दिन घर आई और उसका नाम पूजा बताया गया। कारण पूछने पर गुड़िया कहती हैं "आप लोगों के जो देवी पूजा के दिन होते हैं, उनके आखिरी दिन की इसकी पैदाइश है, इसलिए पूजा नाम रख दिया"। यानी एक पहलू यह भी है।

## सार-संक्षेप

### वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में रोपे पौधे



**बरेली, अमृत विचार** : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने पुलिस लाइन स्थित ग्राउंड में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधरोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पेड़ लगाने के बाद अक्सर लोग उसे भूल जाते हैं। पेड़ लगाने का फायदा तब ही है, जब उसकी देख-रेख कर उसे बड़ा किया जाए। उन्होंने इस अभियान को सफल बनाने के लिए लोगों से अपील भी की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नगर राहुल भाटी, पुलिस अधीक्षक यातायात शिवराज आदि उपस्थित रहे। इसके अलावा जिले के समस्त थानों और चौकियों में भी फलदार व छायादार पौधे लगाए गए।

### असेसमेंट कैंप में 39 दिव्यांग बच्चों के बने प्रमाण पत्र



**बरेली, अमृत विचार** : फरीदपुर के नव निर्मित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में शनिवार को दिव्यांग बच्चों के लिए मेडिकल असेसमेंट कैंप का आयोजन हुआ, जिसमें परिषदीय स्कूलों के 39 दिव्यांग बच्चों के प्रमाण पत्र बनाए गए। दृष्टि बाधित बच्चों को चिकित्सकीय जांच के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी तौसीफ अहमद, विशेष शिक्षक संजीव त्रिपाठी, विजय त्रिपाठी, ललित मोहन आदि उपस्थित रहे।

### आरोग्यम शिविर में 606 छात्रों की हुई जांच



**बरेली, अमृत विचार** : रोटरी क्लब इज्जतनगर ने मेगा हेल्थ चेकअप कैंप आरोग्यम का आयोजन पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय एनईआर में किया। तीन दिन तक चले इस निशुल्क शिविर में कक्षा तीन से आठ तक के 606 छात्र-छात्राओं की आंख, दांत और रक्त की जांच की गई। परीक्षण डॉ. भ्रमरेश शर्मा, डॉ. डीके द्विवेदी, डॉ. दिशा नरेश, डॉ. बबिता अग्रवाल, डॉ. अरविंद सिंह, डॉ. विजय झालानी व डॉ. वीके गंगवार की टीम ने किया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य सुबोध अग्निहोत्री, रोटरी क्लब इज्जतनगर के एके मेहरा, संदीप गुप्ता, एसपी तेजपाल व अर्जुन अग्रवाल, सुजाता आदि उपस्थित रहे।

### यूटा ने एडी बेसिक का किया स्वागत



**बरेली, अमृत विचार** : मुरादाबाद जिले के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रहे अजीत कुमार ने मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (एडी बेसिक) का कार्यभार संभाल लिया है। शनिवार को यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) के जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने नवागत एडी बेसिक का स्वागत किया। पदाधिकारियों ने उनके समक्ष शिक्षकों की विभिन्न समस्याएं भी रखीं। उपाध्यक्ष सत्येंद्र पाल सिंह, हेमंत कुमार, राज पल्याल, रमेश मौर्य, जसवीर, अभिषेक, अंकित राज, प्रदीप कुमार वर्मा, अंकित आदि मौजूद रहे।

### परिवहन निगम के एमडी ने वर्कशॉप में किया पौधरोपण



**बरेली, अमृत विचार** : परिवहन निगम के एमडी मासूम अली सरवर ने क्षेत्रीय वर्कशॉप परिसर में आम का पौधा लगाया। उनके साथ ही क्षेत्रीय प्रबंधक दीपक चौधरी और सेवा प्रबधंक धनजी राम ने भी अमरुद और आम के पौधे रोपे। इस अवसर पर वर्कशॉप के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### पौधे रोपकर ली पर्यावरण संरक्षण की शपथ

**बरेली, अमृत विचार** : पौधरोपण जन अभियान में स्वास्थ्य विभाग ने भी शनिवार को भागीदारी निभाई। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह, डिप्टी सीएमओ डॉ. लईक अहमद अंसारी, डॉ. अमित, डॉ. पवन कपाही आदि ने 300 बेड अस्पताल के परिसर में पौधरोपण किया। इसके साथ ही जिला अस्पताल में मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. एलके सक्सेना और जिला महिला अस्पताल में सीएमएस डॉ. त्रिभुवन प्रसाद सहित अन्य स्टाफ ने फल एवं छायादार पौधों का कर पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी ली।

### ग्रेशिया प्रदर्शनी में लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया

**बरेली, अमृत विचार** : रोटरी क्लब ऑफ बरेली ग्रेस ने शनिवार को एक बैंकट हाल में ग्रेशिया प्रदर्शनी का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत पीलीभीत नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ. उमेश गौतम और पारुल मलिक रहीं। प्रदर्शनी में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान लकी ड्रा के साथ विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं। निधि अग्रवाल, सचिव मेघा कृष्ण, नितिका, अकांशा, रिचा अग्रवाल, रिचा मेहरोत्रा, नेहा रस्तोगी, नीतू, राखी, सुमन बघेल, सतरूपा मौजूद रहीं।

### लर्निंग लैब में बदले 75 में से 39 आंगनबाड़ी केंद्र

**बरेली, अमृत विचार** : जिले में 75 ग्रामीण आंगनबाड़ी केंद्रों को लर्निंग लैब में बदलने का टारगेट मिला था। इसमें 52 प्रतिशत केंद्रों का काम पूरा हो चुका है। जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार ने जिला पोषण समिति की बैठक में बताया कि 75 ग्रामीण आंगनबाड़ी केंद्रों में से 39 का काम पूरा हो चुका है। इन लर्निंग लैब को बनवाने के लिए 15-16 मानक निर्धारित किए गए हैं।

### एनएसएस स्वयंसेवकों ने किया पौधरोपण



**बरेली, अमृत विचार** : बरेली कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवकों और एनसीसी कैडेट ने रामगंगा नगर स्थित ब्रह्मपुत्र पार्क में पौधरोपण किया। इस दौरान एनएसएस के जिला नोडल अधिकारी डॉ. राजीव यादव, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विकास पटेल, एनसीसी अधिकारी डॉ. रितेश चौरसिया मौजूद रहे।

# मां की तरह करें वृक्षों का सम्मान-संरक्षण

## रामगंगा नगर में ब्रह्मपुत्र पार्क में पौधरोपण कार्यक्रम में बोले मंत्री धर्मपाल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- वन विभाग ने 84 और अन्य विभागों ने 20 हजार स्थानों पर लगाए पौधे
- 44.72 लाख पौधे लगाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए 27 विभागों ने बहाया पसीना



कार्यक्रम में पौधरोपण करते मंत्री धर्मपाल सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : पौधरोपण जन अभियान के तहत जहां जिले को 44.72 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य मिला था, वहीं शनिवार को इस लक्ष्य को हासिल करने को 27 विभाग पसीना बहाते नजर आए। 'एक पेड़ मां के नाम' थीम पर मुख्य आयोजन रामगंगा नगर के ब्रह्मपुत्र पार्क में किया गया। जहां मुख्य अतिथि पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि जिस तरह मां का सम्मान करते हैं, उसी तरह वृक्षों से प्रेम कर उनका संरक्षण करना होगा। वन विभाग ने 84 स्थानों पर और अन्य विभागों ने 20 हजार से ज्यादा स्थानों पर पौधरोपण किया।

मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि कोरोना काल में हमें पेड़ों की अहमियत ठीक से पता चली। तब लोग पीपल के पेड़ के नीचे बैठकर ऑक्सीजन लेते थे। तुलसी का पौधा और एक देसी गाय हर घर में होनी चाहिए। फैसला आपको करना है कि पेड़ लगा कर प्राकृतिक ऑक्सीजन लेंगे या सिलेंडर से सांसें चलेंगी। अब जो पेड़ लगाए जा रहे हैं, उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी हमारी है। मंत्री ने पीपल के पौधे का रोपण तमाम जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ किया। यहां रामायण वाटिका में आयुक्त खाद्य व रसद एवं नोडल अधिकारी सौरभ बाबू ने पौधरोपण किया। उन्होंने कई स्थानों पर अभियान का जायजा लिया। सांसद छत्रपाल गंगवार, एमएलसी बहोरन लाल मौर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, महापौर डॉ. उमेश गौतम, विधायक डॉ. श्यामबिहारी लाल, डॉ. डीसी वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन शर्मा, समाजसेवी अनिल कुमार, जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी दीक्षा भंडारी, बीडीए वीसी मनिकंदन ए आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के आखिर में पौध भंडारण किया गया।

### जिले के पहले किसान को कार्बन क्रेडिट से मिला पैसा

प्रभागीय वनाधिकारी दीक्षा भंडारी ने बताया कि कार्बन क्रेडिट स्कीम के तहत बहेड़ी की ग्राम पंचायत खुंद्रा निवासी प्रेम शंकर कार्बन क्रेडिट योजना के तहत खाते में पैसा पाने वाले जिले के पहले किसान बने हैं। उनके खाते में 7824 रुपये कार्बन क्रेडिट स्कीम के तहत डाला गया है। वहीं, कार्यक्रम के दौरान मुख्य वन संरक्षक विजय सिंह ने कहा कि 35 हजार किसानों को कार्बन क्रेडिट योजना में शामिल किया गया है। जो किसान अपनी मेड़ों पर यूकेलिप्टिस आदि के पेड़ लगा रहे हैं, उनको इसके बदले भुगतान किया जाएगा। उन्होंने मिशन छाया, एक मार्ग-एक प्रजाति, घर-घर तुलसी हर घर तुलसी कार्यक्रम की जानकारी भी दी।

### अपर पुलिस महानिदेशक ने किया पौधरोपण



**बरेली, अमृत विचार** : अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जोनल कार्यालय में पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने फल एवं छायादार पौधों का रोपण कर अन्य लोगों से भी अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। इस अवसर पर कार्यालय के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पुलिस महानिरीक्षक ने रेंज कार्यालय में लगाए पौधे



**बरेली, अमृत विचार** : एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पुलिस महानिरीक्षक डॉ. राकेश सिंह ने रेंज कार्यालय में पौधरोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भावी पीढ़ियों को प्रदूषणमुक्त और सुरक्षित जीवन प्रदान करने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना बहुत जरूरी है। हम सब को प्रकृति के प्रति सकारात्मक रवैया अपनाकर पौधे लगाने चाहिए। उन्होंने रेंज के जिलों बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर व पीलीभीत में भी पुलिस कार्यालय, पुलिस लाइन सहित सभी थानों में पौधरोपण करने के निर्देश दिए। इस दौरान परिक्षेत्रीय कार्यालय में तैनात समस्त अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश




कॉलेज परिसर में पौधरोपण करते केशलता ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमैन डॉ. केशव अग्रवाल। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : केशलता ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स की ओर से केशलता कॉलेज ऑफ नर्सिंग/स्कूल ऑफ नर्सिंग, केशलता इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज और केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी में शनिवार को पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम का आरंभ सुबह 10 बजे किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित संस्थान के चेयरमैन डॉ. केशव अग्रवाल और उपाध्यक्ष गोपाल अग्रवाल ने पौधारोपण किया। उन्होंने हर छात्र से पौधे लगाने और उनकी स्वयं देखभाल करने को कहा।

नर्सिंग कॉलेज की प्रधानाचार्य, पैरामेडिकल व फार्मेसी विभाग के प्रधानाचार्य, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने नीम, बरगद, अर्जुन, पीपल, आम, नीबू, लैवेंडर, जटामासी, लौंग, तुलसी, हल्दी, हरसिंगार, अशोक, अमरूद, आंवला और जामुन आदि के पौधे लगाए। सचिव डॉ. लता अग्रवाल ने बताया कि पौधरोपण का मुख्य उद्देश्य न केवल परिसर को हरा-भरा बनाना, बल्कि पर्यावरण की सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाना है। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी देवेंद्र खंडेलवाल, अन्य अधिकारी व स्टाफ उपस्थित रहा।

### परिसर के बाहर सार्वजिनक स्थलों पर भी रोपे पौधे



बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग, बीआईयू कॉलेज ऑफ फार्मेसी व फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज में भी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने परिसर के अंदर पौधे लगाने के साथ ही बाहर सार्वजनिक स्थानों पर भी पौधारोपण किया। मुख्य अतिथि रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तसलीम खान रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. प्रियंका ए मसीह, उप प्रधानाचार्या डॉ. अनीथा पी ने की। प्रोफेसर वेल्लादुरई नारायनन, एसोशिएट प्रोफेसर प्रिन्सीया डिसूजा, नर्सिंग ट्यूटर उत्कर्षा कुशवाह, बबिता शर्मा और अंकित शर्मा का विशेष सहयोग रहा।

### रुहेलखंड विश्वविद्यालय में कुलपति ने किया पौधरोपण



**बरेली ,अमृत विचार** : रुहेलखंड विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ. एके वर्मा, कुलपति प्रो. केपी सिंह और डॉ. क्षेत्रपाल गंगवार ने पौधरोपण किया।

### गुरुपूर्णिमा पर भजन संध्या का किया आयोजन

**बरेली, अमृत विचार** : गुरुपूर्णिमा के उपलक्ष्य में शनिवार को सिविल लाइंस स्थित निजी हॉल में गुरु पूजा और भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गायकों ने सुमधुर स्वर में भगवान का गुणगान किया तो श्रद्धालु आंनदित हो झूम उठे। कार्यक्रम में शमा गुप्ता, सीपता अग्रवाल, ज्योति सक्सेना, कोमल निहलानी, स्वाति चौधरी, यातिका चौधरी, माधवी अग्रवाल, शालिनी तिवारी व नीलम जायसवाल आदि उपस्थित रहीं।

### आजमनगर में आठ, नवादा में सात किलोवाट की चोरी पकड़ी

**बरेली,अमृत विचार** : विजिलेंस की टीम ने शनिवार को आजमनगर में अभियान के दौरान कपड़ा व्यापारी के घर में आठ किलोवाट की बिजली चोरी पकड़ी। चोरी की बिजली से एसी और अन्य उपकरण चलाए जा रहे थे। वहीं नवादा शेखान में तीन जगहों पर सात किलोवाट की बिजली चोरी पकड़ी गई। बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। कोतवाली क्षेत्र के आजमनगर में शनिवार सुबह अभियान के दौरान कपड़ा कारोबारी के मकान में कटिया डालकर बिजली चोरी की जा रही थी। कारोबारी के खिलाफ आठ किलोवाट की बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। चेकिंग करने वाली टीम में इंस्पेक्टर ताहिर हुसैन, अवर अभियंता इंद्रराज, मुख्य आरक्षी विनोद कुमार और नरेश सागर रहे। फरीदपुर में शनिवार को चेकिंग के दौरान मोहल्ला मिर्धान में मीटर से पहले कट लगाकर बिजली चोरी कर आरओ प्लांट चलाया जा रहा था। परिसर से छह किलोवाट की बिजली चोरी मौके पर पकड़ी गई। इसके अलावा फरीदपुर में अन्य जगह पर सात किलोवाट की बिजली चोरी पकड़ी गई। सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

### जिपं अध्यक्ष ने कार्यालय के प्रांगण में किया पौधरोपण



**बरेली, अमृत विचार** : जिला पचांयत कार्यालय के प्रांगण में अध्यक्ष रश्मि पटेल और उनके प्रतिनिधि प्रशांत पटेल ने एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। इस अवसर पर अध्यक्ष के साथ एएमए डॉ. नीतू सिंह सिसौदिया, विकास मेहरोत्रा, रविंद्र यादव, शुभम कुर्मी, शिव कुमार, अनूप सक्सेना आदि उपस्थित रहे। अध्यक्ष ने बताया कि जिला पंचायत की ओर से करीब ढाई हजार पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने अन्य लोगों से भी अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की।

### रानी अवंतीबाई महाविद्यालय में रेंजर्स ने रोपे पौधे



**बरेली, अमृत विचार** : रानी अवंतीबाई महिला महाविद्यालय में मदर टेरेसा रेंजर्स यूनिट ने जामुन, आंवला और नीम आदि के पौधे रोपे। इस दौरान अदिति सक्सेना, संजना मौर्य, अर्पिता श्रीवास्तव, सोनम दिवाकर, शगुन यादव, निदा, अंजू, हिमानी, नेहा, अंजलि कश्यप और शशि श्रीवास्तव मौजूद रहीं।

### राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में लगाए पौधे



**बरेली, अमृत विचार** : राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सीबीगंज में शनिवार को विभिन्न प्रजातियों के 367 पौधे लगाए गए। इस दौरान मुख्य रूप से आम, अमरूद, जामुन, नींबू, शमी, करौंदे व सागौन आदि के पौधे रोपे गए। नोडल प्रधानाचार्य शिव कुमार शर्मा ने कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर राम सिंह, बबिता, विशाल अवस्थी, सिब्ते अब्बास, कमल किशोर, राकेश, दीपक, अपूर्वा, निधि व अन्य उपस्थित रहे।

### जिला सहकारी विकास संघ की भूमि पर पौधरोपण



**बरेली, अमृत विचार** : भोजीपुरा के पीपलसाना में जिला सहकारी विकास संघ की भूमि पर संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबंधक राजेश कुमार के नेतृत्व में पौधरोपण किया गया। इस दौरान आम, अमरूद, नाशपाती, आंवला आदि पौधे रोपे गए। इसके साथ ही विचार गोष्ठी भी की गई, जिसमें पौधरोपण की महत्ता पर परिचर्चा की गई। इस अवसर पर एआर कोऑपरेटिव बृजेश सिंह परिहार आदि उपस्थित रहे।

### बेसिक स्कूलों में लगाए गए 21 हजार पौधे



**बरेली, अमृत विचार** : एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत 2483 परिषदीय स्कूलों में शनिवार को 21 हजार पौधे लगाए गए। इस दौरान हरितिमा एप नहीं खुलने से शिक्षकों को फोटो व अन्य जानकारियां अपलोड करने में परेशानियों का सामना करना पड़ा। शहर व ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में विभिन्न किस्मों के फलदार, छायादार, व खुशबूदार फूलों के पौधे लगाए गए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह ने बताया कि जिले भर में विभाग की ओर से विभिन्न किस्मों के 26 हजार पौधे लगवाए जा रहे हैं। 80 प्रतिशत से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं।

# कैंसर के जोखिम को कम करने में इम्यूनोथेरेपी की भूमिका अहम



आईएमए की ओर से आयोजित क्लिनिकल बैठक में उपस्थित विशेषज्ञ। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- क्लिनिकल बैठक में रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट के विशेषज्ञों ने अनुभव किए साझा

**अमृत विचार** : आईएमए की ओर से शनिवार को कैंसर से बचाव कैसे करें एवं कैंसर में इम्यूनोथेरेपी की भूमिका पर क्लिनिकल बैठक आयोजित की गई, जिसमें रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट के विशेषज्ञों ने अनुभव साझा किए।

आईएमए भवन में आयोजित बैठक में बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट के वरिष्ठ चिकित्सक सिद्धार्थ अरोरा और डॉ. संदीप ने कैंसर में इम्यूनोथेरेपी की भूमिका पर प्रकाश डाला और बताया कि कैसे इससे जोखिम को कम किया जा सकता है।

अध्यक्ष डॉ. राजीव गोयल, सचिव डॉ. गौरव गर्ग, कोषाध्यक्ष डॉ. निकुंज गोयल, उपाध्यक्ष डॉ. राज कुमारी मित्तल, डॉ. सुदीप सरन, डॉ. विमल भरद्वाज, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, डॉ. अर्जुन अग्रवाल, डॉ. रितु भूटानी, डॉ. विनोद पगरानी, डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी आदि मौजूद रहे।

# ईमानदारी-निष्ठा से सेवा की ली शपथ

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मानव सेवा क्लब की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित
- 19 वें स्थापना दिवस पर मानव दर्पण के वार्षिक अंक का विमोचन किया




रोटरी भवन में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : मानव सेवा क्लब ने शनिवार को रोटरी भवन में 19 वें स्थापना दिवस पर नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया। इस मौके पर पदाधिकारियों ने पूरी निष्ठा, लगन और ईमानदारी के साथ सेवा करने की शपथ ली। मानव दर्पण के वार्षिक अंक का विमोचन किया गया।

अध्यक्षता करते हुए संस्थापक अध्यक्ष एपी गुप्ता ने नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। महासचिव सत्येन्द्र सक्सेना ने रिपोर्ट पढ़ी। कार्यवाहक महासचिव मुकेश सक्सेना ने आगामी कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा ने कहा कि क्लब ने इस सत्र में 90 सेवा के कार्य करके कीर्तिमान स्थापित किया है। प्रो. एनएल शर्मा, अजय अग्रवाल और चेतना सक्सेना को समाज सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। क्लब अध्यक्ष, संस्थापक अध्यक्ष एपी.गुप्ता, नरेश मलिक, पूर्व अध्यक्ष सीए राजेन विद्यार्थी ने उन्हें स्मृति चिह्न प्रदान किया। मधु वर्मा, सुनीता अग्रवाल, अरुणा सिन्हा, शकुन सक्सेना, शोभा सक्सेना, कल्पना सक्सेना, प्रकाश चंद्र आदि मौजूद रहे।

### यह है नई कार्यकारिणी

नई कार्यकारिणी में सुरेन्द्र बीनू सिन्हा को अध्यक्ष, प्रदीप माधवार को महासचिव, सत्येन्द्र सक्सेना को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मुकेश कुमार सक्सेना और राजेश सक्सेना को उपाध्यक्ष, सीएस अंकित अग्रवाल को कोषाध्यक्ष, डॉ. एमएम. अग्रवाल और प्रकाश चंद्र सक्सेना को संयुक्त सचिव, अखिलेश कुमार को ऑडिटर बनाया गया है। निदेशक मंडल में डॉ. अजय गुप्ता, सीए राजेन विद्यार्थी, इं. केबीअग्रवाल, एएल गुप्ता, जसवंत सिंह भाकुनी, डीडी शर्मा, अनिल सक्सेना, सुधीर मोहन, इंद्रदेव त्रिवेदी, नरेश मलिक,प्रीति सक्सेना, कल्पना सक्सेना, जितेन्द्र सक्सेना, संजय सक्सेना,अभय भटनागर,सुनील कुमार शर्मा, एएस अग्रवाल, मधु वर्मा और चित्रा जौहरी को शामिल किया गया है।

## जीएसटी और रिटर्न भरने की तिथि बढ़ाने की मांग

**बरेली, अमृत विचार** : जीएसटी दाखिल करने की अंतिम तिथि 24 और इनकम टैक्स रिटर्न भरने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। इनकम टैक्स का पोर्टल सुस्त चल रहा है, जिससे जीएसटी भरने में दिक्कतें आ रही हैं। परेशानी के कारण व्यापारियों ने अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग की है। इनकम टैक्स बार एसोसिएशन के सचिव मुकेश मिश्र बताते हैं कि 10 सेक्टरों में व्यापारी हैं। एक सेक्टर में लगभग डेढ़ से दो हजार व्यापारी जीएसटी में पंजीकृत हैं। जीएसटी आर 3बी का त्रैमासिक रिर्टन भरने की अंतिम तिथि 24 जुलाई है। अलग-अलग व्यापारी कई तिथियों में जीएसटी भरते हैं। सीए, वकील, लेखाकार आदि उनका रिटर्न भरने के साथ जीएसटी भी भरते हैं। व्यापारियों का ऑनलाइन जीएसटी तय समय पर नहीं भरा जाता है तो विलंब शुल्क के साथ उस पर ब्याज भी पड़ता है।

# जीएसटी में पंजीकृत व्यापारियों को सरकार दे पेंशन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जीएसटी में एक स्लैब हो और टैक्स देने की व्यवस्था का सरलीकरण हो

**अमृत विचार** : सरकार व्यापारी की तरह काम कर रही है, जबकि उसे राजा की तरह काम करना चाहिए और जनता को टैक्स के बोझ तले नहीं दबाना चाहिए। सरकार ने यदि शेयर बाजार को ध्यान में रखकर बजट तैयार किया तो इसका लाभ जनता और कारोबारियों को कम ही मिलेगा। उद्योग और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए सरकार को ऐसा बजट लाना चाहिए ताकि लोग ज्यादा खर्च करें। बाजार में पैसा आएगा तो आर्थिक विकास होगा। व्यापारी वर्ग भी सरकार से राहत भरी उम्मीद लगाए है। व्यापारियों का मानना है कि ऐसा बजट हो कि रोजगार और कारोबार बढ़े। कारोबारी माल मंगाएंगे तो खपत बढ़ेगी। टैक्स कम हो और सुविधाएं दी जाएं।



व्यापारी वर्ग सबसे ज्यादा टैक्स देता है। वह बिजली भी महंगी खरीदता है लेकिन भरपूर बिजली नहीं मिलती। सड़क पर टोल टैक्स भी ज्यादा चुकाना पड़ता है। सरकारी विभागों के चक्कर लगाने पड़ते हैं लेकिन राहत नहीं मिल रही है। ऑनलाइन कारोबार ने भी व्यापार को कम कर दिया है।

**-अनुज अग्रवाल**, व्यापारी



जीएसटी में 12 और 18 फीसदी के ऊपर का स्लैब खत्म होना चाहिए। आयुष्मान योजना से मध्यम श्रेणी के व्यापारियों को लाभांवित करना चाहिए। जीएसटी रजिस्ट्रेशन वालों को इस तरह के लाभ मिलेंगे तो जीएसटी में व्यापारी ज्यादा से ज्यादा रजिस्ट्रेशन कराएंगे।

**- नवीन अग्रवाल**, अध्यक्ष प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल



जीएसटी के सभी स्लैब खत्म करके एक स्लैब हो ताकि व्यापारी को भी ज्यादा लिखा-पढ़ी न करनी पड़े। महंगाई ज्यादा है। लोगों की हिम्मत टूट गई है। जो थोड़ा व्यापार होना चाहिए, उसे ऑनलाइन कारोबार खत्म कर दे रहा है। सरकार को छोटे कारोबारियों के बारे में भी सोचना चाहिए।

**-आशीष डुडेजा** , व्यापारी



व्यापारी सरकार का टैक्स कलेक्टर है लेकिन उसका बुढ़ापा सुरक्षित नहीं है। 60 साल तक व्यापारी जितना राजस्व दे उसी अनुपात में उसे पेंशन देना चाहिए। जीएसटी देने वाले व्यापारी का कुछ अंश एक कोष में जमा किया जाए और उसी से पेंशन मिलनी चाहिए। इससे ज्यादा लोग जीएसटी में पंजीकृत होंगे और सरकार का राजस्व भी बढ़ेगा।

**-राजेश जसोरिया**, महामंत्री, उद्योग व्यापार मंडल



सरकार टैक्स स्लैब को बढ़ाकर राहत दे सकती है। 10 लाख तक की आय टैक्स मुक्त होनी चाहिए। इनकम टैक्स भरने की प्रक्रिया का सरलीकरण होना चाहिए। कारोबार में प्रतिस्पर्धा बढ़ती जा रही है लेकिन सरकार की तरफ से छोटे व्यापारियों को राहत नहीं मिल रही। जीएसटी में भी चार स्लैब हैं, इन्हें अधिकतम 12 और 15 कर देना चाहिए।

**-ऋषभ बाजपेयी**, व्यापारी



मध्यम वर्गीय व्यापारी पहले ही इनकम टैक्स, जीएसटी, हाउस टैक्स और बिजली से अधमरा हो चुके हैं। ऑनलाइन कारोबार ने भी कमर तोड़ दी है। सरकार को बजट में मध्यम वर्गीय व्यापारियों के हित के लिए नीति बनाकर उनको राहत देना चाहिए, नहीं तो उनकी दशा और ज्यादा खराब हो जाएगी।

**-जफर बेग**, प्रदेश उपाध्यक्ष, उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल

# सुभाषनगर में बदमाशों ने एक ही रात में तीन लोगों को लूटा

## सुभाषनगर पुलिया और मढ़ीनाथ पुलिया के पास की घटनाएं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सुभाषनगर क्षेत्र में बदमाशों के आतंक के सामने पुलिस बौनी साबित हो रही है।

एक ही रात में कुछ लुटेरों ने अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों के साथ लूटपाट की घटनाओं को अंजाम दिया। तीनों पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर दी, जिस पर थाना सुभाषनगर में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष की बेटी का पर्स लूटने की कोशिश

**बरेली, अमृत विचार :** प्रेमनगर क्षेत्र में भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष डॉ. केएम अरोड़ा की बेटी से लुटेरे ने पर्स लूटने की कोशिश की। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मॉडल टॉउन निवासी निकिता अरोरा ने बताया कि वह शुक्रवार दोपहर 1:30 बजे धोबी चौराहा के पास पाल डेयरी पर काम से गईं थीं। वापस कार की ओर पैदल आ रही थीं और उनके हाथ में पर्स था। इसी दौरान स्कूटी पर सवार एक युवक पीछे से आया और पर्स छीनने की कोशिश की लेकिन छीन नहीं सका। सामने से दो बाइक सवार आ रहे थे, ऐसे में पकड़े जाने के डर से वह भाग गया। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। सीसीटीवी में आरोपी पहले से उनकी रेकी करता दिख रहा है। जब वह डेयरी पर गईं थी, तब वह उनकी कार से करीब सौ मीटर दूर खड़ा दिख रहा है। वीडियो में आरोपी उनके पीछे से स्कूटी से आता दिख रहा है। प्रेमनगर इंस्पेक्टर आशुतोष रघुवंशी ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

### तीन बदमाशों ने मोबाइल और रुपये लूटे

हाफिजगंज थाना क्षेत्र के रिठौरा कस्बा निवासी उमेंद्र ने बताया कि 18 जुलाई को वह रात 11.45 बजे ट्रेन से आए थे। ट्रेन से उतरकर वह मढ़ीनाथ पुलिया के पास से जा रहे थे। इस दौरान उन्हें तीन युवकों ने रोक लिया। आरोपियों ने मारपीट करके उनसे मोबाइल और 340 रुपये छीन लिए। शिकायत पर सुभाषनगर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### लूट का विरोध करने पर चाकू मारकर किया घायल

सुभाषनगर के कुंवरपुर निवासी देवांश कसोधन ने बताया कि वह गुरुग्राम से इंटरव्यू देकर आए थे। जंक्शन से उतरने के बाद वह पैदल ही घर जा रहे थे। रास्ते में सुभाषनगर से थोड़ा आगे दो युवकों ने उन्हें घेर लिया। आरोप है कि दोनों ने चाकू दिखाकर उनसे 540 रुपये और मोबाइल छीन लिया। विरोध पर चाकू मारकर घायल भी कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### बाइक सवार लुटेरे छीन ले गए मोबाइल

बदायूं रोड गंगानगर कॉलोनी निवासी अनुज ने बताया कि 18 जुलाई को वह घर से मेडिकल स्टोर पर दवा लेने के लिए जा रहे थे। वापस आते वक्त उनके मित्र की कॉल आ गई, तो वह बात करने लगे। इस दौरान एक बाइक पर सवार दो युवक आए और मोबाइल छीनकर फरार हो गए। शिकायत पर सुभाषनगर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## नशेड़ी युवक ने न्यायालय परिसर में किया उपद्रव



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

**बरेली, अमृत विचार :** न्यायालय परिसर में शनिवार दोपहर एक युवक ने गाली-गलौज करते हुए उपद्रव करना शुरू कर दिया। लोगों ने उसे समझाने का प्रयास किया, लेकिन उसने किसी की नहीं सुनी। इस दौरान तमाम अधिवक्ताओं ने भी उसे समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह फिर भी नहीं माना। इसके बाद कुछ लोगों ने उसे पकड़ कर पीट दिया। इस दौरान वहां आए पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ा तो वह पुलिसकर्मियों से भी उलझ गया। पुलिस के अनुसार वह बिशारतगंज का रहने वाला सद्दाम है। कोतवाली प्रभारी दिनेश शर्मा ने बताया कि आरोपी शराब के नशे में धुत था। वह किसी केस की पैरवी के लिए अधिवक्ता से मिलने के लिए आया था। उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## एमओआईसी ने रोका था पीबीआई का बजट

- सीएचओ-एमओआईसी के बीच छिड़ी रार में सीएचओ को साधने में लगे अफसर

**बरेली ,अमृत विचार :** बहेड़ी एमओआईसी डॉ. अजमेर सिंह और ब्लॉक में तैनात सीएचओ के बीच छिड़ी रार में भले ही विभागीय अफसर चुप्पी साधे हुए हैं, लेकिन मामले में रोज नई परतें सामने आ रही हैं। सूत्रों के अनुसार कार्य में उदासीनता का तर्क देकर एमओआईसी की ओर से बीते कई माह से रोका गया सभी सीएचओ का पीबीआई बजट भी गुपचुप तरीके से शुक्रवार को देर शाम अचानक जारी कर दिया गया।

शुक्रवार को पीबीआई जारी होने के साथ ही एक और चौंकाने वाला मामला सामने आया। जिन सीएचओ ने बहेड़ी एमओआईसी पर गंभीर आरोप लगाए हैं, वे सब शुक्रवार को ही जांच टीम से भी मिलने पहुंचे थे। हालांकि विभागीय अफसरों का तर्क है कि जांच के चलते सीएचओ को बयान लेने के लिए यहां बुलाया गया था। इस संबंध में सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि सभी साक्ष्यों और शिकायत में दिए गए बिंदुओं के आधार पर टीम जांच कर रही है। रिपोर्ट के आधार पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**सीएचओ कर रहे बैठक, हंगामा :** पांच दिन पहले बहेड़ी एमओआईसी और सीएचओ का नोट गिनते फोटो वायरल होने के बाद शनिवार को एक ऑडियो वायरल हो रहा है। मामले में जांच बैठने के बाद ब्लॉक के सभी सीएचओ में खलबली मची हुई है। वायरल ऑडियो बैठक के दौरान का है। इसमें एक सीएचओ अन्य को दबंगई भरे शब्दों का प्रयोग करते हुए बीते दिनों सीएचओ के व्हाट्सएप ग्रुप की चैट वायरल करने को लेकर धमका रहा है। हालांकि अधिकारी इस प्रकार के ऑडियो के वायरल होने की जानकारी से इन्कार कर रहे हैं।

## भाजपा नेता को जान से मारने की दी धमकी

**बरेली, अमृत विचार :** दबंगों ने भाजपा नेता और उनकी पत्नी को जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित ने शनिवार को एसएसपी को शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। बारादरी के रोहली टोला मदीना शाह इमामबाड़ा निवासी शारिक अब्बासी ने बताया कि उनकी पत्नी वार्ड 71 से भाजपा से पार्षद का चुनाव लड़ चुकी हैं। चुनाव के चलते साजिद सकलैनी, रईस, सब्बीर, नफीज, नजीब आदि उनसे रंजिश मानते हैं। आरोपी उनकी पत्नी और बच्चों के साथ मारपीट कर चुके हैं। मामले में आरोपियों के खिलाफ 4 अक्टूबर 2023 को थाना बारादरी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, लेकिन आरोपियों को पुलिस अब तक गिरफ्तार नहीं कर सकी है। अब आरोपी समझौते का दबाव बना रहे हैं। मना करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी है।

### कार्यालय ग्राम पंचायत ठिरिया खेतल, विकास खंड फतेहगंज (प.), बरेली

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ठिरिया खेतल में मनरेगा व राज्यवित्त/केंद्रीय वित्त आयोग से ग्राम पंचायत ठिरिया खेतल की वित्तीय वर्ष 2024-25 की कार्य योजना के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां केंद्रीय वित्त आयोग, मनरेगा, एस.एल.डब्ल्यू.एम, ओ.एस.आर. फण्ड आदि की धनराशि से कराये जाने वाले कार्य यथा, नाली, खड़ंजा, सी.सी. रोड, इंटरलॉकिंग, पुलिया ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन वर्षा ऋतु जल संचयन, मल्टीपल हैण्डवॉशिंग, रनिंग वाटर, प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में कायाकल्प, खेल मैदान, पार्क और ओपन जिम, टायलीकरण, स्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, बाउन्ड्रीवाल स्टेशनरी क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, ठेलिया क्रय/मरम्मत, मेडिकल उपकरण क्रय, दवा, छिड़काव, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, समर्सिबल, हैण्डपम्प रिबोर/मरम्मत, वॉलपेंटिंग, डस्टविन एवं सूचना बोर्ड की स्थापना आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रथम ईंट, खडंजा, सीमेन्ट, महीन रेता, मौरंग, बजरी ईंट, रोड़ा सरिया, इन्टरलॉकिंग टाइल्स, ह्यूम पाइप, टंकी, समर्सिवल पम्प, टाइल्स, पाइप, टोंटी, पेंट, विद्युत उपकरण फर्नीचर, त्रिनेत्र योजना के अंतर्गत सीसी टीवी कैमरे आदि के क्रय हेतु सीलबन्द निविदायें 24 जुलाई 2024 प्रात: 11:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिन्हें 24 जुलाई 2024 को दोपहर 12:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत पर खोला जायेगा। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना / कार्यों का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।

प्रधान-महेंद्र पाल | सचिव-अतुल सक्सेना

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**बरेली।** किला पुलिस ने दुष्कर्म के वांछित आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह ने बताया कि गुलाबनगर मौर्या वाली गली में रहने वाले पवन कुमार दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहा था। शुक्रवार रात आरोपी अपने परिजनों से मिलने के लिए आया था। इसी दौरान मुखबिर ने उन्हें आरोपी के आने की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद शनिवार को जेल भेज दिया गया।

### संशोधन विज्ञप्ति

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो/विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि कार्यालय ग्राम पंचायत समुलिया विकासखंड पुवायां जनपद शाहजहांपुर की निविदा आमंत्रण सूचना अमृत विचार अखबार में 19 जुलाई को प्रकाशित की गई थी, जिसमे भूलवश ग्राम पंचायत का नाम गलत प्रकाशित हो गया, जिसमें सकुलिया के स्थान पर समुलिया पढ़ा जाए।

### कार्यालय ग्राम पंचायत दलपतपुर, वि.खं. भुता (बरेली)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो के सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत दलपतपुर कार्ययोजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 में पन्द्रहवां वित्त आयोग, पंचम राज्य वित्त आयोग, ओ.डी.एफ. प्लस व मनरेगा की धनराशि से ग्राम पंचायत में सी.सी. रोड, इण्टरलॉकिंग रोड, नव निर्माण एवं मरम्मत/ नाली-खडंजा नव निर्माण/अनुरक्षण, हैण्डपंप रिबोर, हैण्डपंप मरम्मत, मिट्टी कार्य, फर्नीचर विद्युतीकरण, दरी, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाईट की स्थापना/मरम्मत, हयूम पाइप खरीद, वाल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउण्ड्रीवॉल निर्माण/मरम्मत, पंचायत घर निर्माण/मरम्मत, विद्यालयों का कायाकल्प, अम्बेडकर सामुदायिक केन्द्र की मरम्मत/रंगाई-पुताई, पंचायत भवन निर्माण, सी.एस.सी. सेन्टर निर्माण, अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराये जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यो हेतु ईट, इण्टरलॉकिंग ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, बजरफुट बजरी, सरिया, लोहा, मिट्टी/राख, टेली क्रय, पी.पी.ई. किट, सैनेटाईजर क्रय, मास्क क्रय, टाइल, पाईप, टोंटी, प्रचार-प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, फागिंग मशीन, सफाई किट, कूड़ेदान, डेस्कटॉप, प्रिन्टर, स्टेपलाईजर, बैटरी, शीशा पट्टी, पन्नी व अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 21.07.2024 को पूर्वान्ह 10 बजे से दिनांक 24.07.2024 को 4 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 25.07.2024 अपरान्ह 2 बजे खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

ग्राम प्रधान-भूदेव सिंह | सचिव-नरेशपाल

## झूठे आरोप लगाने पर महिला पर लगाया एक हजार का जुर्माना

**बरेली, अमृत विचार :** शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म, अप्राकृतिक संबंध बनाने के आरोपी सीबीगंज मथुरापुर निवासी राहुल को परीक्षण में निर्दोष पाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर ने दोषमुक्त कर दिया। वहीं महिला के विरुद्ध 1 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। महिला ने राज्य महिला आयोग में 4 अगस्त 2023 को तहरीर देकर बताया था कि उसका पति शराबी था, मारपीट करता था, इसलिए वह पति ने अलग रहने का फैसला कर लिया, तब से वह मायके में रह रही है। उसका आरोप था कि राहुल ने शादी का झांसा देकर दो वर्षों तक उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। 10 जुलाई 2023 को आरोपी ने अप्राकृतिक संबंध बनाए। आयोग के आदेश पर बारादरी पुलिस ने युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली थी।

## तहसीलदार पर रिश्वत मांगने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आरोप-पांच लाख न मिलने पर नहीं किया दाखिल खारिज
- आईजी और डीएम से शिकायत जांच के आदेश

**अमृत विचार :** एक व्यक्ति ने तहसीलदार पर दाखिल खारिज कराने के नाम पर पांच लाख रुपये मांगने का आरोप लगाया है। मामले की शिकायत आईजी डा. राकेश सिंह और जिलाधिकारी रविंद्र कुमार से की गई है। आईजी ने मामले की जांच कराने के निर्देश एसएसपी अनुराग आर्य को दिए हैं।

भुता के गांव रिछा निवासी राजप्रताप सिंह ने आईजी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उन्होंने नवादा निवासी गुड्डी देवी, उनके बेटे प्रियांशु और विमल यादव से 15 मई को जमीन खरीदी थी। यह जमीन गुड्डी देवी ने 16 मार्च को अजयपाल सिंह, बबलू देवी और रानी से खरीदी थी। उस समय तहसीदार दुष्यंत प्रताप सिंह फरीदपुर में तैनात थे। आरोप है कि तहसीलदार ने दाखिल खारिज कराने के लिए दो लाख रुपये मिलने के बाद पांच लाख रुपये और मांगे। आरोप है कि रुपये न मिलने पर तहसीलदार ने दाखिल खारिज पर स्टे लगा दिया। कई बार भाग दौड़ के बाद भी उनकी सुनवाई नहीं हुई। इस पर राजप्रताप ने शनिवार को पुलिस और प्रशासनिक अफसरों से शिकायत की।

### भू माफिया कर रहे हैं जमीन पर कब्जा

तहसीलदार दुष्यंत प्रताप सिंह ने बताया कि राज प्रताप सिंह के नाम पर उन्होंने दाखिल खारिज कर दिया था, लेकिन रिछा के ग्राम प्रधान अमित सिंह ने आपत्ति जताई। ग्राम प्रधान के अनुसार यह जमीन ग्राम समाज की है। अजयपाल सिंह आदि के पूर्वजों ने किसी तरह जमीन का बैनामा कर लिया था। अजयपाल सिंह ने यह जमीन गुड्डी देवी को बेच दी। गुड्डी देवी ने राज प्रताप सिंह को भूमि का बैनामा किया था। दाखिल खारिज होने के बाद जब प्रधान और डीसी की ओर से आपत्ति हुई तो उन्होंने स्टे लगा दिया। तहसीलदार के मुताबिक राजप्रताप सिंह व अन्य जमीनों पर कब्जा करते हैं। इसमें उनके साथ कई सफेदपोश भी जुड़े हैं। चठिया फैजू में भी सरकारी जमीन पर कब्जा करके कुछ लोगों ने कॉलेज बनवा लिया है। बताया कि यह लोग लालच देते रहे, लेकिन उन्होंने जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की बात कही। तब आरोपियों को लगा कि जमीन हाथ से निकल जाएगी और वे लोग झूठे आरोप लगाने लगे।

> शिकायत मिली है। एसएसपी को निर्देश दिए हैं कि अपने स्तर से किसी अधिकारी से जांच कराएं।
> – डॉ. राकेश सिंह, आईजी

### कार्यालय ग्राम पंचायत सतुइया खास, विकास खंड फतेहगंज (प.), बरेली

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सतुइया खास में मनरेगा व राज्यवित्त/केंद्रीय वित्त आयोग से ग्राम पंचायत सतुइया खास की वित्तीय वर्ष 2024-25 की कार्य योजना के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां केंद्रीय वित्त आयोग, मनरेगा, एस.एल.डब्ल्यू.एम, ओ.एस.आर. फण्ड आदि की धनराशि से कराये जाने वाले कार्य यथा, नाली, खड़ंजा, सी.सी. रोड, इंटरलॉकिंग, पुलिया ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन वर्षा ऋतु जल संचयन, मल्टीपल हैण्डवॉशिंग, रनिंग वाटर, प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में कायाकल्प, खेल मैदान, पार्क और ओपन जिम, टायलीकरण, स्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, बाउन्ड्रीवाल स्टेशनरी क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, ठेलिया क्रय/मरम्मत, मेडिकल उपकरण क्रय, दवा, छिड़काव, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, समर्सिबल, हैण्डपम्प रिबोर/मरम्मत, वॉलपेंटिंग, डस्टविन एवं सूचना बोर्ड की स्थापना आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रथम ईंट, खडंजा, सीमेन्ट, महीन रेता, मौरंग, बजरी ईंट, रोड़ा सरिया, इन्टरलॉकिंग टाइल्स, ह्यूम पाइप, टंकी, समर्सिवल पम्प, टाइल्स, पाइप, टोंटी, पेंट, विद्युत उपकरण फर्नीचर, त्रिनेत्र योजना के अंतर्गत सीसी टीवी कैमरे आदि के क्रय हेतु सीलबन्द निविदायें 24 जुलाई 2024 प्रात: 11:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिन्हें 24 जुलाई 2024 को सायं 04:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत पर खोला जायेगा। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना/कार्यों का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।


प्रधान-राम कुमार | सचिव-अतुल सक्सेना

## उपचुनाव के प्रत्याशियों की आज घोषणा करेगी सपा



**बरेली, अमृत विचार :** निकाय के रिक्त पदों पर होने वाले उपचुनाव के लिए समाजवादी पार्टी ने प्रत्याशी तय करने के लिए शनिवार को पार्टी कार्यालय में बैठक की। इसमें चुनाव लड़ने के इच्छुक लोगों ने अपने-अपने नाम दिये। प्रधानों के नाम तय करने की जिम्मेदारी विधायक और विधानसभा का चुनाव लड़ चुके नेताओं को दी गई है जबकि जिला पंचायत सदस्य के लिए नाम तय करने की जिम्मेदारी संगठन ने संभाली है। जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप की अध्यक्षता में हुई बैठक में तय हुआ कि प्रत्याशी चयन समिति के निर्णय के आधार पर रविवार को प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की जाएगी। जिला पंचायत सदस्य के लिए नवाबगंज के वार्ड नंबर 5 और बिथरी चैनपुर में वार्ड नंबर 59 से चुनाव लड़ने के इच्छुक पांच-पांच लोगों के नाम आए हैं। बैठक में प्रदेश सचिव शुभलेश यादव, जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र सिंह यादव, सुरेन्द्र सोनकर, मनोहर पटेल, सूरज यादव, सुजा खान, अनिल गंगवार, रमेश यादव, बृजेश श्रीवास्तव, कंबर एजाज शानू आदि मौजूद रहे।

## ब्लॉक प्रमुख निधि से कराए कार्यों की दी जानकारी



**बरेली, अमृत विचार :** ब्लॉक प्रमुख कार्यकाल के तीन साल पूरा होने के उपलक्ष्य में शनिवार को एक होटल में ब्लॉक प्रमुख संघ की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान तीन साल में ब्लॉक प्रमुख निधि से कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए सरकार तमाम योजनाएं चला रही है। आज देहात क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी, चिकित्सा आदि सुविधाएं ग्रामीणों को मिल रही हैं। इस अवसर पर सांसद छत्रपाल गंगवार, जिलाध्यक्ष पवन शर्मा, आंवला जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, विधायक राघवेंद्र शर्मा, विधायक डीसी वर्मा, विधायक एमपी आर्या, ब्लॉक प्रमुख संघ के अध्यक्ष यशवंत सिंह, ब्लॉक प्रमुख आरती यादव, ब्लॉक प्रमुख अरविंद चौहान, ब्लॉक प्रमुख हरेंद्र पटेल, ब्लॉक प्रमुख रवि गंगवार, ब्लॉक प्रमुख सतेंद्र यादव आदि उपस्थित रहे।

## रिश्वत लेने के आरोपी लेखपाल की जमानत अर्जी निरस्त

**विधि संवाददाता, बरेली :** भूमि पैमाइश करने के एवज में पट्टाधारक से 15 हजार रिश्वत लेने के आरोपी पीलीभीत सदर तहसील के लेखपाल सौरभ गंगवार की जमानत अर्जी स्पेशल जज एंटी करप्शन कोर्ट सुरेश कुमार गुप्ता ने खारिज कर दी। सरकारी वकील अवधेश कुमार शर्मा ने बताया कि शिकायतकर्ता राम लखन कश्यप ने थाना भ्रष्टाचार निवारण संगठन में तहरीर देकर बताया कि 30 जून 2023 को ग्राम कुंवरपुर स्थित तालाब का पट्टा 10 वर्ष के लिए उपजिलाधिकारी सदर पीलीभीत से नियमानुसार कराया था, तालाब पर बाड़ लगाने के लिए भूमि पैमाइश के लिए 15 जून को एसडीएम सदर को अर्जी दी थी। कार्यवाही के लिए अर्जी लेखपाल सौरव गंगवार के पास आई तो उन्होंने कहा इस काम के लिए उन्हें मिठाई खिलाना पड़ेगी। 45 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। ट्रैप टीम ने 27 जून को लेखपाल को 15 हजार की रिश्वत लेते दबोच लिया।

## दो गुटों के 10 आरोपियों की जमानत अर्जियों पर सुनवाई टली

**विधि संवाददाता, बरेली :** इज्जतनगर थाना क्षेत्र में हाईवे पर हुए गोलीकांड के मामले में दो गुटों के 10 आरोपियों की जमानत अर्जियों पर शनिवार को स्थगन अर्जी देने की वजह से सुनवाई टल गई। जिला जज की कोर्ट ने सुनवाई को 24 जुलाई की तिथि नियत की है। दोनों पक्ष के आरोपी अभिराज उपाध्याय, आदित्य उपाध्याय, आशीष, राजन राणा, अर्जुन सिंह, अनिल कुमार सन्नी, संजीव, मोहम्मद हुसैन उर्फ गोला, मनोज कटियार, गौरी शंकर आदि की जमानत अर्जी इज्जतनगर थाने में दर्ज दोनों मुकदमों में लगी है।

## जनप्रतिनिधियों की फटकार के बाद बिजली व्यवस्था में दिखा सुधार

- फाल्ट की सूचना पर तुरंत ठीक करने पहुंचे कर्मचारी, अधिकारी भी लेते रहे जानकारी

**बरेली, अमृत विचार :** बिजली समस्या पर जनप्रतिनिधियों की अफसरों पर फटकार का असर शनिवार को दिखने को मिला। शहर में लोकल फाल्ट की सूचना पर उपकेंद्रों से कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे और समस्या का समाधान किया।

शहर के किला उपकेंद्र पर लगातार बिजली का संकट बना हुआ था। उपभोक्ता हर रोज उपकेंद्र पर जाकर हंगामा कर रहे थे। इसपर वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने शुक्रवार को सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, विधायक संजीव अग्रवाल, डा. राघवेन्द्र शर्मा, महापौर डा. उमेश गौतम और जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल के साथ विकास भवन में बिजली अधिकारियों के साथ बैठक की थी। बिजली कटौती पर नाराजगी जताई थी। आपूर्ति में सुधार के निर्देश दिए थे। जनप्रतिनिधियों ने बिजली संबंधी समस्या रखी थी। जिसका असर किला और सुभाषनगर के साथ कुतुबखाना क्षेत्र में भी देखने को मिला। जहां से फाल्ट की सूचना मिलते ही मौके पर कर्मियों को भेजा गया। आपूर्ति को सुचारू किया गया। हालांकि, फाइक एन्क्लेव कब्रिस्तान वाले ट्रांसफार्मर में काम किया गया। इस वजह से कई घंटे तक सप्लाई बंद रही।

### चेयरमैन के आने की सूचना पर अधिकारी रहे अलर्ट

पावर कारपोरेशन के चेयरमैन डॉ. आशीष गोयल के आने की सूचना पर शनिवार को बिजली अधिकारी अलर्ट रहे। कार्यालय में अफसर बैठक को लेकर तैयारी करते रहे। हालांकि, देर शाम तक वह शहर में नहीं आए थे।

## बिना शटडाउन लिए खंभे पर चढ़ा था लाइन कुली

- जांच में अफसरों को क्लीनचिट संविदा कर्मी की मौत का मामला

**बरेली, अमृत विचार :** संविदा लाइनकुली बिना शटडाउन लिए फाल्ट को ठीक करने के लिए खंभे पर चढ़ा था। विभागीय जांच में यह बात सामने आई है। मृतक संविदा कर्मी के परिजनों ने अफसरों पर फाल्ट ठीक करने के लिए भेजना का आरोप लगाया था। मामले में अफसरों को क्लीनचिट दे दी गई है। जांच में बताया गया है कि संविदा कर्मी अपनी मर्जी से फाल्ट ठीक करने गया था। मढ़ीनाथ निवासी नन्हें मिशन कंपाउंड विद्युत उपकेंद्र पर संविदा लाइन कुली के पद पर तैनात थे। सोमवार रात वह चौपुला गिहार बस्ती के पास फाल्ट ठीक करने के लिए खंभे चढ़े थे। करंट लगने से उनकी मौत हो गई थी। परिजनों ने अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सर्किट हाउस के सामने मुख्य अभियंता कार्यालय के बाहर आधी रात को हंगामा किया था। परिजनों का आरोप था कि नन्हें लाइन कुली थे, लेकिन अधिकारी उनसे फाल्ट ठीक करा रहे थे। मुख्य अभियंता रणविजय सिंह ने मामले में जांच के आदेश दिए थे। अधिशासी अभियंता प्रथम महावीर सिंह ने बताया कि जांच में सामने आया है कि उपकेंद्र पर आई फाल्ट की शिकायत पर कर्मचारी खुद ही अकेले फाल्ट ठीक करने के लिए गया था। पोल पर चढ़ने से पहले कर्मचारी ने शटडाउन भी नहीं लिया था। लाइनकुली पर पोल पर काम कराने के लिए किसी तरह का दबाव नहीं बनाया गया था। वह खुद ही पोल पर चढ़कर काम कर रहा था। फिलहाल, पुलिस ने अभी तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं दी है।

## महिला कोच में बैठने वाले पुरुष यात्रियों पर कार्रवाई

**बरेली, अमृत विचार :** 22454 राज्यरानी एक्सप्रेस में सवार महिला यात्री ने एक्स के माध्यम से रेलवे से शिकायत की महिला कोच में बड़ी संख्या में पुरुष यात्री भरे हैं। मेरठ से चलकर लखनऊ को जाने वाले राज्यरानी एक्सप्रेस शनिवार सुबह जब बरेली जंक्शन पहुंची तो आरपीएफ सक्रिय हो गई। आरपीएफ के मुताबिक करीब पांच लोगों पर दिव्यांग कोच और महिला कोच में बैठने पर कार्रवाई की गई है।

# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी बीसलपुर पीलीभीत

पत्रांक : 510/निविदा/2024-25

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

दिनांक : 20.07.24

समस्त राजकीय ठेकेदारों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड बीसलपुर जनपद पीलीभीत वित्तीय वर्ष 2024-25 के क्षेत्र पंचायत के द्वारा अनुमोदित कार्ययोजना के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग एवं केन्द्रीय वित्त आयोग (अनटाइड एवं टाइड फण्ड) के अन्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार निर्माण कार्य कराने हेतु मोहर बन्द निविदायें आंमत्रित की जाती है। निविदा विकास खण्ड बीसलपुर के मुख्यालय पर दिनांक 12.08.2024 को समय अपरान्ह 02:00 बजे तक विकास खण्ड मुख्यालय पर रखे निविदा बॉक्स में निर्धारित तिथि एवं समय तक डाली जा सकती है। मोहरबन्द निविदायें उसी दिन अपरान्ह 3:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। किसी भी आकस्मिक अवकाश की स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | | माप संख्या/ मी. में | अनुमानित प्राक्कलन धनराशि (लाख रूपये में) | धरोहर राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत परेवा ता. किश्नी में मितेपुर से परेवा तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य | पंचम राज्य वित्त | 150 | 8.666 | 17500 | 900 | 3 माह |
| 2. | ग्राम पंचायत कासिमपुर में बीसलपुर मेन मार्ग से पश्चिम की ओर जाने वाले चौसर पडिया सं. मार्ग पर खडण्जा निर्माण कार्य। | पंचम राज्य वित्त | 318 | 6.487 | 13000 | 700 | 3 माह |
| 3. | ग्राम पंचायत सफौरा में मेवाराम के खेत से नहर से होते हुए सेवाराम के खेत तक खडण्जा निर्माण कार्य। | पंचम राज्य वित्त | 550 | 9.980 | 20000 | 1000 | 3 माह |
| 4. | ग्राम पंचायत रिछोला घासी में गांव से पुलिया की ओर सं. मार्ग पर खडण्जा निर्माण कार्य। | पंचम राज्य वित्त | 500 | 9.983 | 20000 | 1000 | 3 माह |
| 5. | ग्राम पंचायत ललौर गुजरानपुर के मजरा ग्राम टयूलिया में श्री राम के खेत से देवहा नदी की ओर जाने वाले सं. मार्ग पर खडण्जा निर्माण कार्य | पंचम राज्य वित्त | 500 | 9.992 | 20000 | 1000 | 3 माह |
| 6. | ग्राम पंचायत सफौरा में राजीव के घर से रामसहाय के बाग तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | पंचम राज्य वित्त | 215 | 9.962 | 20000 | 1000 | 3 माह |
| 7. | ग्राम गजरौला के मजरा ढकिया रंजीत में विनोद के घर से बेनीपुर सं. मार्ग की ओर इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | पंचम राज्य वित्त | 200 | 9.965 | 20000 | 1000 | 3 माह |
| 8. | ग्राम रसूला में बारात घर से मढ़ी की ओर इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | पंचम राज्य वित्त | 200 | 9.983 | 20000 | 1000 | 3 माह |
| 9. | ग्राम पंचायत बौनी में गांव के रोड से मढियन बाबा तक सं. मार्ग पर खडण्जा निर्माण कार्य। | 15वाँ वित्त (अनटाइड) | 500 | 9.997 | 20000 | 1000 | 3 माह |
| 10. | ग्राम पंचायत महावदेवा में नाला से सेमर के पेड़ तक सं. मार्ग पर खडण्जा निर्माण कार्य। | 15वाँ वित्त (अनटाइड) | 500 | 9.989 | 20000 | 1000 | 3 माह |
| 11. | ग्राम पंचायत लुहिचा रायपुर रोड नहर की पुलिया से शिवपुरी नवदिया की ओर तक सं. मार्ग पर खडण्जा निर्माण कार्य। | 15वाँ वित्त (अनटाइड) | 550 | 9.988 | 20000 | 1000 | 3 माह |
| 12. | ग्राम पंचायत भसूड़ा में धार्मिक स्थल तीजन में गांव की ओर सं. मार्ग पर इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 15वाँ वित्त (अनटाइड) | 180 | 9.971 | 20000 | 1000 | 3 माह |
| 13. | ग्राम पंचायत ढकवारा में कामता प्रसाद के खेत से देवस्थल नहर की पुलिया तक खडण्जा निर्माण कार्य। | 15वाँ वित्त (अनटाइड) | 340 | 6.282 | 12500 | 600 | 3 माह |
| 14. | ग्राम पंचायत कितनापुर के ग्राम महावा में सार्वजनिक शौचालय से रपटुआ की ओर नाला निर्माण कार्य। | 15वाँ वित्त (टाइड फण्ड) | 135 | 8.646 | 17500 | 800 | 3 माह |
| 15. | ग्राम पंचायत भदारा में मन्दिर से नदी की ओर नाला निर्माण कार्य। | 15वाँ वित्त (टाइड फण्ड) | 150 | 9.60 | 19500 | 900 | 3 माह |
| 16. | ग्राम पंचायत बौनी में राकेश मौर्य के खेत से रपटुआ की ओर नाला निर्माण कार्य। | 15वाँ वित्त (टाइड फण्ड) | 147 | 9.979 | 20000 | 1000 | 3 माह |
| 17. | ग्राम पंचायत रोहनिया में रेवती के खेत से बीसलपुर रोड की ओर नाला निर्माण कार्य। | 15वाँ वित्त (टाइड फण्ड) | 90 | 5.540 | 11000 | 500 | 3 माह |
| 18. | ग्राम पंचायत गोबल पतीपुरा में राधेश्याम के घर से तालाब तक नाला निर्माण कार्य। | 15वाँ वित्त (टाइड फण्ड) | 190 | 9.971 | 20000 | 1000 | 3 माह |
| 19. | ग्राम पंचायत मीरपुर मुसेली सचिवालय से मीरपुर की तरफ सं. मार्ग पर पुलिया निर्माण कार्य। (1.00 मी. स्पान आर.सी.सी. 01) | 15वाँ वित्त (टाइड फण्ड) | 1 | 6.933 | 14000 | 700 | 3 माह |

**मुख्य शर्ते :-**

01. निविदा सम्बन्धी विवरण/शर्ते कार्यालय के नोटिस बोर्ड एवं सम्बन्धित पोर्टल पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्य दिवस में विकास खण्ड कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
02. प्राक्कलन की धनराशि एवं सामग्री की मात्रा घट-बढ़ सकती है।
03. किसी एक निविदा को स्वीकार्य करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी बीसलपुर पीलीभीत में निहित होगा।
04. सार्वजनिक निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाले उप खनिजों का भुगतान सुनिश्चित किये जाने विषयक भूतत्व एवं खनिजकर्म के शासनादेशानुसार अनुपालन करना अनिवार्य होगा।
05. किसी भी वाद-विवाद के लिये न्याय क्षेत्र जनपद पीलीभीत होगा।

खण्ड विकास अधिकारी
बीसलपुर (पीलीभीत)

## अधिकारी सरकार की करा रहे हैं बदनामी : डॉ. निषाद



**अंबेडकरनगर, अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश के मंत्री और निपाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद ने अपनी ही सरकार के अधिकारियों के रवैये से नाराज हैं। विधायक इं. सरवन निषाद के आरोपों पर कहा कि उनसे बातचीत की जाएगी। कांवड़ मार्ग पर दुकानदारों द्वारा नेम प्लेट लगाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि हर आदमी को अपने धर्म और जाति पर गर्व होना चाहिए। मुसलमानों को विपक्षी टारगेट कर रहे है। दुकानों पर प्रोप्राइटर का नाम लिखने का कानून है। मंत्री संजय निपाद का कहना है कि कुछ अधिकारी ऐसे हैं, जो जानबूझ कर सरकार की बदनामी करा रहे हैं। यह लोग ऐसा कार्य कर रहे है कि जनता नाराज हो जाए।

# संत बोले- दुकानों पर मालिक का नाम लिखना जायज, मदनी ने किया विरोध

## कांवड़ यात्रा मार्ग के होटलों और ढाबों पर नेमप्लेट लगाने का मामला गरमाया


- हिन्दू-मुस्लिम धर्मगुरुओं की इस संदर्भ में मिलीजुली प्रतिक्रिया

संवाददाता, लखनऊ/ अयोध्या

**अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा के रास्ते में पड़ने वाले होटलों, ढाबों और ठेलों के मालिकों व इन पर काम करने वालों के नाम प्रदर्शित किये जाने के फैसले पर हिन्दू-मुस्लिम धर्मगुरुओं ने मिलीजुली प्रतिक्रिया दी है। जमीअत के अध्यक्ष ने फैसले को भेदभावपूर्ण, साम्प्रदायिक बताया है।

रामलला के मुख्य पुजारी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश का समर्थन करते हुए कहा कि दुकानों पर नेम प्लेट लगने से यह सबको मालूम होगा कि किस व्यक्ति की दुकान है। दुकानों पर नाम लगाए रखने से लोगों का विश्वास बना रहेगा। लखनऊ स्थित लेटे हुए हनुमान मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. विवेक तांगड़ी ने इस मुद्दे पर कहा कि अगर यह फैसला प्रशासन का है तो उचित नहीं लगता। इस मामले को जाति-धर्म से ऊपर उठकर देखना चाहिए। मुसलमान भी धार्मिक यात्रा का सम्मान करें और हिन्दुओं को भी समझने की जरूरत है।

### मुख्यमंत्री के आदेश तर्क संगत : सत्येंद्र दास



अयोध्या स्थित राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने योगी के आदेश का समर्थन करते हुए कहा कि दुकानों पर नेम प्लेट लगने से यह सबको मालूम होगा कि किस व्यक्ति की दुकान है। बीते वर्षों में कई घटनाएं सामने आई थीं, ऐसे में उठाया गया यह कदम स्वागत योग्य है।

### सावन पवित्र माह है : राम देणेशाचार्य



अयोध्या के हरि धाम पीठ के महंत राम देणेशाचार्य ने कहा कि सावन पवित्र माह है और लोग बड़े ही पवित्रता के साथ अपने धार्मिक आयोजन और यात्रा को पूरा कर सकें। इसके लिए यह कदम स्वागत योग्य है। मणिराम दास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास ने कहा कि हिंदू धर्म पर कुठाराघात हो रहा है।

### कानूनी टीम की बैठक बुलाई है : मदनी



मौलाना अरशद मदनी ने कहा है कि जमीअत ने कानूनी टीम की बैठक बुलाई है। उसमें इस पर कानूनी पहलुओं पर चर्चा होगी। पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीस मंसूरी ने कहा कि कांवड़ यात्रा में दुकानदारों का नाम उजागर करने के बहाने सरकार व्यापार को हिन्दू-मुसलमान में बांटने जा रही है।

## 3 समितियों की निगरानी में होंगे सामूहिक विवाह

**लखनऊ, अमृत विचारः** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में पिछले बार हुई गड़बड़ियों से सबक लेते हुए समाज कल्याण विभाग ने आयोजन के लिए एसओपी (मानक ऑपरेटिंग प्रक्रिया) बनाई है। गड़बड़ियां रोकने के लिए विभाग अब फूंक-फूंक कर कदम रख रहा है। इसी के मद्देनजर विभाग ने विवाह आयोजनों को लेकर एसओपी जारी की है। एसओपी में कहा गया है कि जिला स्तर पर तीन समितियां पूरे सामूहिक विवाह कार्यक्रमों पर नजर रखेंगी।

एसओपी के अनुसार पहली विवाह कार्यक्रम समिति होगी। इस समिति का अध्यक्ष जिले के मुख्य विकास अधिकारी और सचिव सदस्य जिला समाज कल्याण अधिकारी होंगे। समिति सदस्यों में मुख्य कोषाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी और पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी सहित समिति में सात सदस्य होंगे। समिति में दो सदस्य महिला अधिकारी होंगी।

## सार-संक्षेप

### मेरठ के मुशायरे में शबीना अदीब की प्रस्तुति पर भाजपा सदस्यों ने आपत्ति जताई, शायरा मंच पर नहीं आईं

**मेरठ।** उत्तर भारत के ऐतिहासिक नौचंदी मेला के पटेल मंडप में शनिवार रात आयोजित होने वाले अखिल भारतीय मुशायरे में एक कवयित्री (शायरा) को यहां प्रस्तुति देने से इसलिए रोक दिया गया, क्योंकि उन्होंने पूर्व में सरकार के खिलाफ एक आपत्तिजनक कविता पढ़ी थी। शबीना अदीब की प्रस्तुति पर भाजपा के स्थानीय सदस्यों ने आपत्ति जताई थी। मुशायरा आयोजित कर रहे राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के महासचिव मेराजुद्दीन अहमद ने कहा, 'एक साजिश के तहत शबीना अदीब का शायरी पढ़ते हुए एक पुराना वीडियो प्रसारित किया गया। उन्हें कार्यक्रम में प्रस्तुति देने से रोक दिया गया, जो बहुत बुरा है। बाद में अदीब भी सहमत हो गईं और यह कहते हुए प्रस्तुति देने नहीं आईं कि उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं है।' भाजपा के नगर अध्यक्ष सुरेश जैन रितुराज ने कहा, 'शबीना अदीब ऐसी कविताएं (शायरी) पढ़ती हैं, जो सांप्रदायिक सौहार्द्र के लिए अच्छी नहीं हैं। इससे तनाव पैदा हो सकता है।'

### नीट एमडीएस काउंसिलिंग से पांच अभ्यर्थी बाहर

**लखनऊ, अमृत विचार :** नीट एमडीएस की काउंसिलिंग में पंजीकरण कराने वालों में पांच अभ्यर्थियों को कॉलेज की प्राथमिकता लॉक न करने की वजह से शनिवार को दाखिले की प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया है। मालूम हो कि चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा नीट उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों की मेरिट जारी करने के बाद कॉलेज की प्राथमिकताएं भरने के निर्देश दिए गए थे। साथ ही अवगत कराया गया गया था कि कॉलेज की वरियता भरने के बाद लॉक करना जरूरी है।

### सांड़ के हमले में पशु चरा रहे किसान की मौत

**विजय नगला (बदायूं) अमृत विचार :** खेत पर पशु चराने के दौरान सांड़ ने किसान पर हमला करके पेट फाड़ दिया। सींग पर टांगकर कई बार जमीन पर पटका। पिछले 10 महीने में सांड़ के हमले में 15वें व्यक्ति की मौत हुई। थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव नवादा सुलहरा निवासी अजय पाल साहू (70) शुक्रवार को अपने पशु चराने के लिए गांव गुलड़िया और बारी खेड़ा सिताबनगर के जंगल में गए थे। इसी दौरान एक सांड़ ने उन पर हमला कर दिया। सांड़ ने उन्हें कई बार पटका। इससे अजय पाल का पेट फट गया। शोर सुनकर आसपास मौजूद किसान लाठी-डंडे लेकर पहुंचे और सांड़ को भगाया। परिजन उन्हें जिला अस्पताल लेकर गए लेकिन रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया।

### अभद्र टिप्पणीः 6 अगस्त को कोर्ट में गवाही देंगी जयाप्रदा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पूर्व सांसद व अभिनेत्री जयाप्रदा पर अभद्र टिप्पणी करने के मामले में आजम खां समेत अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने वाले मुंशी के बयान दर्ज किए गए। एमपी-एमएलए कोर्ट ने समन जारी करते हुए गवाही के लिए अभिनेत्री, आजम खां समेत अन्य लोगों को 6 अगस्त को तलब किया है। बता दें कि 2019 लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद कटघर थाना क्षेत्र के मुस्लिम डिग्री कॉलेज में आयोजित सम्मान समारोह में रामपुर के पूर्व सांसद आजम खां, तत्कालीन सपा सांसद डॉ. एसटी हसन समेत अन्य सपा नेता शामिल हुए थे। आरोप है कि कार्यक्रम के दौरान रामपुर की पूर्व सांसद व अभिनेत्री जयाप्रदा पर अभद्र टिप्पणी की गई थी।

### दो लाख रुपये के लिए पत्नी से मारपीट, पसली तोड़ी

**बनियाठेर/चन्दौसी, अमृत विचार :** थाना बनियाठेर के गांव मझावली स्थित ससुराल छोड़ने जा रहे पति ने पत्नी के साथ रास्ते में लात-घूंसों से मारपीट की, जिससे उसकी पसली टूट गई। पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर पति समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना बनियाठेर के गांव मझावली निवासी पीड़ित पिता वेदलाल पुत्र नन्नूराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने अपनी बेटी पूजा की शादी 13 वर्ष पहले कपिल देव पुत्र रामेश्वर गांव खड्डुआ कोतवाली बिलारी जिला मुरादाबाद से की थी। आरोप है कि शुरुआत से ही ससुराल वाले उसकी बेटी पूजा को दो लाख रुपये की मांग करते हुए परेशान करने लगे। इस मामले में पति कपिल के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी लेकिन पंद्रह दिन बाद ही फैसला हो गया। आरोप है कि 14 जुलाई को कपिल देव उसकी बेटी पूजा को लकर गांव मझावली बाइक से आया और गांव के नजदीक पहुंचने पर पूजा के साथ मारपीट की। पटक कर लात-घूसों से पीटा। सीने पर लात लगने से पूजा की पसली टूट गई।

### सपा नेता की हत्या मामले में गिरफ्तारी के लिए प्रदर्शन

**गोंडा, एजेंसी।** सपा के नेता की हत्या से गुस्साएं लोगों ने शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस के अनुसार, परसपुर कस्बे के राजा टोला इलाके के रहने वाले सपा नेता ओम प्रकाश सिंह (45) की शुक्रवार दोपहर बाद उनके घर में घुसकर धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। परिजनों ने नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी होने तक शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। परिजनों का कहना था कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो जाती, तब तक वह अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। परिजनों ने शव परसपुर कस्बे में सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। सपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह सहित कई नेता मौके पर पहुंचे और मामले में निष्पक्ष एवं त्वरित कार्रवाई की मांग की। अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) राधेश्याम राय व कर्नलगंज के पुलिस क्षेत्राधिकारी चन्द्रपाल शर्मा तत्काल मौके पर पहुंचे और कार्रवाई का आश्वासन देकर परिजनों को दाह संस्कार के लिए राजी किया।

## युवक के आत्महत्या मामले में आरोपियों की संपत्ति होगी कुर्क

**बदायूं।** युवक को पेशाब पिलाकर उसके साथ मारपीट की गई थी। आत्मगिलानी में उसने फंदा लगाकर जान दे दी। एक महिला समेत चार आरोपी अभी तक फरार चल रहे हैं। शनिवार को पुलिस ने आरोपियों के घर पर कुर्की नोटिस चस्पा किया। मूसाझाग थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक के साथ जुगेंद्र, उनकी पत्नी मिथलेश, बेटा आकाश, बेटी नीरज ने 14 नवंबर को मारपीट की थी। इसके बाद ग्रामीणों के सामने युवक को पेशाब पिलाई। युवक आत्मगिलानी से भर गया और उसने फंदा लगाकर जान दे दी। युवक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने जगह-जगह दबिश दी लेकिन आरोपियों का कुछ पता नहीं चल सका है। पुलिस ने संपत्ति कुर्की के लिए कोर्ट से अनुमति मांगी। कुर्की से पहले आरोपियों के घर पर चेतावनी नोटिस चस्पा किया है। साथ ही राशन विक्रेता की दुकान पर भी एक सार्वजनिक नोटिस लगाया है। इसके अलावा थाना हजरतपुर क्षेत्र के गांव हरजतपुर निवासी फूल सिंह के खिलाफ जुलाई 2023 में भैंस चोरी की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। वह भी अभी तक फरार है।

## जितिन प्रसाद के काफिले की 3 गाड़ियां टकराईं

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



क्षतिग्रस्त केंद्रीय राज्यमंत्री की कार।

**अमृत विचारः** संसदीय क्षेत्र के दौरे पर आए केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद के काफिले में शामिल तीन गाड़ियां आपस में टकरा गई। बताते हैं कि हादसे में केंद्रीय मंत्री के सिर में गुम चोट भी आई। जबकि चालक का दांत टूट गया। दूसरे वाहन में सवार होकर केंद्रीय मंत्री अपने तय कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए निकल गए।

हादसा शनिवार दोपहर करीब एक बजे के आसपास हुआ। पीलीभीत में आयोजित कार्यक्रम संपन्न होने के बाद जितिन प्रसाद मझोला क्षेत्र में बाढ़ ग्रस्त इलाकों का दौरा करने के लिए रवाना हुए। उनके काफिले में आधा दर्जन से अधिक वाहन थे। अन्य जनप्रतिनिधि व भाजपा नेता भी अपने-अपने वाहन से जा रहे थे। इस बीच मार्ग पर अचानक एक कार बीच में आ गई। जिसके चलते केंद्रीय मंत्री की कार चला रहे चालक को अचानक ब्रेक लेना पड़ा। जिसके बाद एक-एक कर काफिले में शामिल तीन वाहन आपस में टकरा गए। हादसे में केंद्रीय मंत्री के सिर में गुम चोट आई, जबकि चालक का दांत टूट गया। हालांकि किसी को कोई गंभीर चोट नहीं आई। कुछ देर के लिए काफिला रुका रहा फिर दूसरे वाहन में सवार होकर केंद्रीय राज्यमंत्री कार्यक्रमों में शामिल हुए। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने बताया कि अचानक एक कार के सामने आने पर चालक को ब्रेक लेना पड़ा था। केंद्रीय मंत्री के सिर में गुम चोट आई।

## गोकशी में एसओजी ने गैंगस्टर समेत चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** एसओजी और पुलिस की टीम ने भोजपुर थाना क्षेत्र से गोकशी करने वाले गैंगस्टर समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी गोवंशीय पशुओं को काटकर महंगे दामों में बेचते थे। गैंगस्टर पर पहले से 11 मुकदमे दर्ज हैं। आरोपियों के पास से दो वाहन समेत अन्य सामग्री जब्त की गई है। भोजपुर थाना क्षेत्र के इस्लाम नगर के जंगल में आरोपियों ने 18 जुलाई की रात को गोवंशीय पशुओं को काट दिया था। इसके बाद गांव के लोगों ने अवशेष देखकर हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने अवशेषों को बरामद कर जांच के लिए भेज दिया। एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार ने एसओजी और पुलिस की टीम गठित की। शनिवार को घटना में शामिल गैंगस्टर समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान मझोला के गांगनवाली मैनाठेर निवासी गुलाब नबी और भाई समीर व रामपुर के टोडीपुरा का निवासी नदीम व गलशहीद के असालतपुरा निवासी सलमान के रूप में हुई है। गुलाब नबी के खिलाफ 11 और नदीम पर पशु क्रूरता समेत छह मामले दर्ज हैं।

## गोंडा में मां के सामने बेटी से सामूहिक दुष्कर्म

- ग्रामीणों ने एक आरोपी को दबोचा, दूसरा फरार

संवाददाता, बभनजोत (गोंडा)

**अमृत विचारः** खोंडारे थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार की रात शौच के लिए गईं मां-बेटी को बाइक सवार दो युवकों ने दबोच लिया और मां के सामने ही बेटी से सामूहिक दुष्कर्म किया। मां ने विरोध किया तो उसकी बेरहमी से पिटाई की, जिससे वह बेहोश हो गई।

मां-बेटी की चीख सुनकर पिता अन्य ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचा और एक आरोपी को दबोच लिया, जबकि दूसरा भाग निकला। पुलिस ने मौके से बाइक, जूते, पर्स और घड़ी बरामद की है। आरोपी दूसरे समुदाय के हैं और पीड़िता के गांव के ही रहने वाले हैं। पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर दोनों आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने बताया आरोपी सादाब पुत्र अली हसन को पुलिस ने हिरासत में लिया गया है। दूसरे आरोपी की तलाश में पुलिस टीम में लगाई गई है। सूचना मिलने पर सीओ मनकापुर आरके सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और अस्पताल में भर्ती पीड़िता से मुलाकात की।

## मासूम पर पिस्तौल तानकर व्यापारी के घर डाली डकैती

**शाहजहांपुर।** नकाबपोश बदमाशों ने मुर्गी दाना व्यापारी के घर धावा बोल दिया। व्यापारी की पत्नी ने अलमारी की चाभी देने से मना किया तो सात वर्ष मासूम बेटे पर तमंचा तान दिया। इसके बाद अलमारी से 1.70 लाख रुपये और आठ लाख के जेवर समेट ले गए। एसपी अशोक कुमार मीणा, सीओ सिटी सौम्या पांडेय ने मौका मुआयना किया। थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के मोहल्ला मिश्रीपुर निवासी व्यापारी लईक, पत्नी व बच्चे के साथ शुक्रवार रात सो रहे थे। उनकी तीन बेटियां फरीन, फलक अरसीन दूसरे कमरे में सो रही थीं। पांच नकाबपोश बदमाश छत से नीचे उतरे और लईक के कमरे में घुस गए।

## झोपड़ी पर पलटा डंपर दंपती व दो बेटों की मौत

- अयोध्या हाईवे पर बीबीडी विवि के सामने हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** अयोध्या हाईवे पर बीबीडी विश्वविद्यालय के सामने शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार डंपर डिवाइडर तोड़ते हुए झोपड़ी पर पलट गया। हादसे में आठ माह की गर्भवती पत्नी, पति व दो बच्चों की मौत हो गई। डंपर चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

इंस्पेक्टर अजय नारायण के मुताबिक, टाइल्स कारीगर उमेश (35) बाराबंकी के शाहकटरा जैदपुर देहात का निवासी था। वह बीबीडी विश्वविद्यालय के सामने फुटपाथ पर झोपड़ी में पत्नी नीलम (35), बेटे सनी (13), गोलू (4) और बेटी वैष्णवी (10) के साथ रहता था। रात करीब 2 बजे तेज रफ्तार मौंरग से भरा डंपर झोपड़पट्टी पर पलट गया। उमेश, पत्नी और बच्चे नीचे दब गए। धमाका सुन भाई अमर सिंह समेत आसपास के लोग पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने क्रेन से डंपर का पिछला हिस्सा उठाकर सभी को निकाल कर अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने उमेश, पत्नी नीलम, गोलू और सनी को मृत घोषित कर दिया।

## कार ने स्कूटी को रौंदा पोते की मौत, दादा घायल

**मसवासी (रामपुर), अमृत विचारः** बेकाबू कार ने गलत साइड आकर सामने से स्कूटी को रौंद दिया। दुर्घटना में पोते की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दादा गंभीर रूप से घायल हो गए। आक्रोशित लोगों ने स्वार-बाजपुर मार्ग पर दोनों ओर से जाम लगा दिया।

नगर के मोहल्ला भूबरा निवासी 60 वर्षीय भगवत सरन मुख्य बाजार में सब्जी की दुकान चलाते हैं। शनिवार सुबह स्वार की मंडी से सब्जी लेकर भगवत सरन अपने पोते 17 वर्षीय जय सिंह पुत्र संजीव कुमार के साथ स्कूटी से घर लौट रहे थे। मोतीपुरा गांव के नजदीक अचानक सामने से आई बेकाबू कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी।

# उत्तराखंड

## मवेशी चराने गए व्यक्ति को मगरमच्छ ने निवाला बनाया

**नानकमत्ता, अमृत विचार :** मवेशी चराने गए व्यक्ति को नानकसागर कामन नदी से निकले मगरमच्छ ने निवाला बना लिया। तराई पूर्वी वन प्रभाग जौलासाल के वन क्षेत्राधिकारी केआर टम्टा ने बताया कि शनिवार करीब दो बजे मुड़िया निवासी अजय सैनी अपनी पत्नी के साथ नानकसागर डैम में मवेशियों को चराने गया था। इस दौरान नदी में मवेशी पानी पीने लगे। तभी मवेशियों के पास एक मगरमच्छ आ गया। अजय सैनी मवेशियों को बचाने के लिए मगरमच्छ को भगाने के लिए डंडे से मारने लगा लेकिन मगरमच्छ ने उसका हाथ अपने जबड़े में ले लिया। पत्नी जब तक गांव वालों को मौके पर बुलाकर लाई तब तक मगरमच्छ अजय को गहरे पानी में खींच ले गया।

## रामनगर में दरोगा व हेड कांस्टेबल रिश्वत लेते गिरफ्तार, रिपोर्ट दर्ज

- विजिलेंस ने एलआईयू कार्यालय में छापा मारकर दोनों को पकड़ा

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** विजिलेंस टीम ने शनिवार को कोतवाली परिसर में स्थित एलआईयू कार्यालय में छापा मारकर उपनिरीक्षक एवं हेड कांस्टेबल को दो हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। कोतवाली परिसर में विजिलेंस की छापेमारी से अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

पुलिस उपाधीक्षक सतर्कता अधिष्ठान सेक्टर हल्द्वानी अनिल सिंह मनराल के निर्देशन और निरीक्षक ललिता पाण्डे के नेतृत्व में विजिलेंस टीम द्वारा शनिवार को कोतवाली परिसर स्थित एलआईयू कार्यालय में छापा मारा। टीम ने एलआईयू के उपनिरीक्षक सौरभ राठी निवासी आस्थान कालोनी, तेलीपुरा रोड रामनगर और मुख्य आरक्षी गुरप्रीत सिंह निवासी ग्राम जोगीपुरा, बाजपुर को शिकायतकर्ता से 2,000 रूपये रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। विजिलेंस टीम का छापा पड़ने से कोतवाली परिसर में हड़कंप मच गया।

शिकायतकर्ता ने विजिलेंस में शिकायत की थी कि पासपोर्ट बनाने के लिए उसका सत्यापन एलआईयू रामनगर से होना था। सत्यापन कराने के एवज में उपनिरीक्षक सौरभ राठी द्वारा उससे 2,500 रूपये रिश्वत की मांग की जा रही थी। पीड़ित ने बताया कि शुक्रवार को वह दोबारा उपनिरीक्षक से मिलने गया। तब उपनिरीक्षक ने शिकायतकर्ता से 2000 रूपये की मांग की। पीड़ित व्यक्ति रिश्वत देना नहीं बल्कि कानूनी कार्रवाई चाहता था। पुलिस उपाधीक्षक अनिल सिंह मनराल ने शिकायती प्रार्थना पत्र की जांच कराई, तथ्य सही पाए जाने पर निरीक्षक ललिता पाण्डे के नेतृत्व में ट्रैप टीम का गठन किया। जिस पर ट्रैप टीम ने दोनों आरोपियों को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## उत्तराखंड में दो दिनों तक अत्याधिक बारिश के लिए रेड अलर्ट

**हल्द्वानी, अमृत विचारः** मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने उत्तराखंड में अगले दो दिनों तक कई जिलों में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार रविवार और सोमवार को नैनीताल, चम्पावत, ऊधमसिंह नगर, देहरादून आदि जिलों में अत्यंत भारी बारिश हो सकती है। इन जिलों में कहीं-कहीं 24 घंटे के अंदर 175 मिमी से ज्यादा बारिश हो सकती है। इसके अलावा बाकी जिलों में भी अधिकांश जगह भारी बारिश होने का अनुमान है। मंगलवार को भारी बारिश का ओरेंज अलर्ट रहेगा। इधर, रविवार को राजधानी देहरादून में दिन के समय उमस भरी गर्मी रही और अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। वहीं हल्द्वानी में बादल छाए रहे।

## तलवारबाजी प्रकरण में तीन सगे भाई गिरफ्तार

- महिला की तहरीर पर हुआ था मुकदमा दर्ज

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** रंपुरा बस्ती में हुई तलवारबाजी और पेट्रोल पंप पर युवक से मारपीट प्रकरण के तीन सगे भाइयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से तलवार बरामद कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

शनिवार को खुलासा करते हुए सीओ सदर निहारिका तोमर और कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी ने बताया कि वार्ड आठ रंपुरा की रहने वाली सीमा देवी ने तहरीर देकर बताया था कि उसके बेटे आयुष का वार्ड-24 के रहने वाले सगे भाई पप्पू, रवि उर्फ मखन और अनिल कुमार के साथ विवाद हो गया था। 15 जुलाई की दोपहर को तीनों भाई अपने साथियों के साथ तलवार लेकर घर पर आए और उसकी गर्दन पर तलवार रखकर जान से मारने की धमकी देने लगे। युवकों ने मारपीट की और चाऊमीन के ठेले में भी तोड़फोड़ की। बाद में तीनों भाइयों ने किच्छा रोड स्थित पेट्रोल पंप पर बाइक में तेल भरवा रहे बेटे आयुष को बेरहमी से पीटा। इसका वीडियो वायरल होने के बाद दोनों घटनाओं की जानकारी हुई। सीओ सदर ने बताया कि पेट्रोल पंप प्रकरण में फिलहाल मारपीट प्रकरण की पुष्टि हुई है और प्रारंभिक पड़ताल में युवक के साथ अमानवीय व्यवहार की कोई पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस प्रकरण की जांच कर रही है।

## पति ने पत्नी पर कुल्हाड़ी से किया वार, हालत नाजुक

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में विवाहिता द्वारा जमीन बेचने से इनकार करने पर पति ने पत्नी पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। विवाहिता की हालत नाजुक बनी है और आंख की रोशनी चली गई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना मीरगंज बरेली निवासी बुजुर्ग रामभरोसे ने बताया कि उसकी बेटी शादी के बाद अपने पति हरपाल के साथ शिमला बहादुर में रहती है। आरोप था कि दामाद शराब का लती है और आधा बीघा जमीन बेच चुका है। पिछले कई दिनों से दामाद की ओर से बेटी पर मायके की जमीन बेचने का दबाव बनाया जा रहा था। बेटी ने इंकार कर दिया तो दामाद ने बेटी पर कुल्हाड़ी से सिर पर कई वार कर दिए।

## टेंडर लेकर लापता हुईं पांच कंपनियां

**सितारगंज, अमृत विचार :** विकास कार्यों का टेंडर लेने के बाद पांच कंपनियां लापता हो गई हैं। स्थानीय लोगों की लगातार बढ़ती परेशानी और शिकायतों के बाद हरकत में आई नगर पालिका ने इन कंपनियों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। बीते गुरुवार को पांचों कंपनियों को नोटिस जारी कर जल्द काम शुरू नहीं करने पर ब्लैकलिस्ट करने की चेतावनी दी है। नगर पालिका परिषद ने बीते दिनों कस्बे के अलग-अलग वार्डों में 55 लाख से अधिक धनराशि से सड़क, नाली व अन्य विकास कार्यों के लिए निविदा आमंत्रित की थी, जिसमें भाग लेने वाली पांच कंपनियों ने वर्कआर्डर जारी होने के बाद जल्द विकास शुरू करने का दावा किया था, मगर कई माह बीत जाने के बाद भी कार्य शुरू नहीं किया।

## किशोरी को भगा ले गया युवक, बहन ने मांगी फिरौती

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** एक युवक किशोरी को लेकर फरार हो गया। पीड़ित परिवार ने जब युवक की बहन से बात की तो उसने किशोरी के बदले में उसके भाई से शादी कराने और पांच हजार रुपये की मांग कर दी। मामला पुलिस के पास पहुंचने पर जैसे ही युवक को मुकदमा दर्ज होने की खबर मिली तो वह किशोरी को बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में छोड़कर फरार हो गया। काठगोदाम थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला ने बताया कि पड़ोस में रहने वाला हिमांशु 17 जुलाई को उनकी 15 वर्ष की बेटी को शादी का झांसा देकर अपने साथ कानपुर भगा ले गया। युवक की बहन से जब उन्होंने शिकायत की तो उसने भी किशोरी की शादी हिमांशु से कराने का दबाव बनाया और किशोरी को वापस लाने के एवज में पांच हजार रुपये की मांग की। जिसके बाद महिला काठगोदाम पुलिस के पास पहुंच गई।

## गुरुग्रंथ साहिब की बेअदबी करने वालों को मिले फांसी

- गुरुग्रंथ साहिब सत्कार कमेटी आल इंडिया अमृतसर के प्रभारी भाई बलवीर सिंह पहुंचे बाजपुर

संवाददाता, बाजपुर



बाजपुर गुरुद्वारा साहिब में जानकारी देते गुरुग्रंथ साहिब सत्कार कमेटी आल इंडिया अमृतसर के प्रभारी भाई बलवीर सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** गुरुग्रंथ साहिब की बेअदबी करने वालों को फांसी की सजा होनी चाहिए जिससे आगे कोई ऐसा कृत्य न कर सके। यह बात गुरुग्रंथ साहिब सत्कार कमेटी आल इंडिया अमृतसर के प्रभारी भाई बलवीर सिंह ने अपनी टीम के साथ तराई के अनेक गुरुद्वारा साहिबों का निरीक्षण करने के बाद गुरुद्वारा साहिब बाजपुर में कही।

शनिवार को बाजपुर पहुंचे बलवीर सिंह ने कहा कि हमें अकाल तख्त साहिब के सिद्धांतों पर चलते हुए मर्यादा का पालन करना चाहिए। मर्यादानुसार गुरुग्रंथ साहिब का जहां-जहां भी प्रकाश है वहां प्रतिदिन नितनेम के पाठ के साथ ही आशां दी वार का पाठ होना चाहिए। प्रत्येक गुरुद्वारा साहिब में सीसीटीवी कैमरों के साथ ही सेवादार होना चाहिए। एक ही गांव में अनेक गुरुद्वारा साहिब स्थापित हो जाने के कारण इसका संचालन सही से नहीं हो पा रहा है। ऐसे में हमें चाहिए कि यदि हम सेवा करने में सक्षम नहीं हैं, तो गुरुग्रंथ साहिब जी को निकटवर्ती अथवा मुख्य गुरुद्वारा साहिब में पहुंचा देना चाहिए। उन्होंने गुरुद्वारा कमेटियों को भी दोषी ठहराते हुए कहा कि जहां-जहां कमेटी बनी है और वहां उनकी लापरवाही से घटना होती है तो उसमें कमेटी के लोगों पर भी मामला दर्ज होना चाहिए। गंभीर घटना के दोषी लोगों को उम्रकैद अथवा फांसी की सजा होनी चाहिए।

सिंह ने कहा कि पंजाब से आते-आते उन्होंने अनेक ग्रामीण परिपेक्ष के गुरुद्वारा साहिबों को देखा है जिनकी न तो चहारदीवारी है और न ही किसी की गुरुघर में मौजूदगी दिखी।

## देहरादून में बस ने स्कूटी सवार दो महिला पुलिस कर्मियों को रौंदा

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** अजबपुर फ्लाई ओवर पर निजी बस ने स्कूटी सवार दो महिला पुलिस कर्मियों को रौंद डाला। जिसमें महिला दरोगा की मौत हो गई, जबकि महिला सिपाही घायल हो गई। दोनों कांवड़ ड्यूटी के लिए हरिद्वार जा रही थीं। बस चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार मल्लीताल (नैनीताल) निवासी महिला दरोगा कांता थापा उत्तरकाशी के बड़कोट थाने में तैनात थी। सिपाही शकुंतला देहरादून कैंट थाने में तैनात है। शनिवार सुबह दोनों एक ही स्कूटी पर सवार होकर कांवड़ ड्यूटी पर हरिद्वार जाने के लिए निकली थीं। अजबपुर फ्लाई ओवर के पास एक निजी बस ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। नीचे गिरने से दरोगा कांता थापा का सिर बस के पीछे के टायर की चपेट में आ गया। जिससे कांता थापा की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि सिपाही शकुंतला भी घायल हो गई। घटना होते ही आसपास ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी और लोग मौके पर पहुंच गए। दुर्घटना करने वाली बस के चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

# अब पालिकाओं में भी आयोजित होगा नागरिक सुविधा दिवस

**लखनऊ, अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद की सीमा में रहने वाले लोगों को अब अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए विभाग के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। प्रत्येक माह के अंतिम मंगलवार को नागरिक सुविधा दिवस आयोजित कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने रायबरेली, उन्नाव, सीतापुर, हरदोई और खीरी के डीएम समेत अन्य अधिकारियों को आदेश दिए हैं। पालिका परिषद की सीमा क्षेत्र में रहने वाले लोगों को स्ट्रीट लाइट, रोड/नाली निर्माण, जलापूर्ति, सीवेज, ट्रैफिक, नालियों में साफ-सफाई की समस्या, आवासित स्थलों में जलभराव, हाउस टैक्स, म्युटेशन, जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र समेत अन्य समस्याओं से जूझना पड़ता है। समस्याओं के निदान के लिए लोग विभागों के चक्कर काटते हैं। पालिका स्तर पर मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कई काम इस प्रकार के होते हैं कि जिनमें एक से अधिक कार्यदायी संस्थाओं की सहभागिता होती है। जिसकी जानकारी आम लोगों को नहीं होती है।

# अब किसान अनुमति लेकर खेतों से कर सकेंगे सौ घन मीटर मिट्टी का खनन

## ऑनलाइन आवेदन पर जिलाधिकारी द्वारा दिया जाता है अनुमोदन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** जन सामान्य और किसानों को सीमित मात्रा में मिट्टी का खनन करने के लिए राज्य सरकार की हरी झंडी मिल गई है। इसके लिए ऑनलाइन सूचना प्रेषित करनी होगी और 100 घन मीटर मिट्टी स्वयं के खेतों से खनन व मिट्टी का परिवहन कर सकते हैं। इसके लिए राज्य सरकार ने शनिवार को सभी जिलाधिकारियों और पुलिस कमिश्नर व एसएसपी और एसपी को निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने निर्देश में कहा है कि भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के द्वारा 100 घनमीटर तक खनन के परिवहन के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की व्यवस्था की गई है। इसके लिए व्यक्ति को upminemitra.in पर रजिस्टर करना है। मगर, 100 घनमीटर मिट्टी से अधिक खनन के लिए परमिट लेना होगा। उन्हें उसी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना है। मालूम हो कि सामान्यतः एक ट्रैक्टर ट्राली से तीन घनमीटर मिट्टी आती है, इस आधार पर लगभग 33 ट्रैक्टर ट्रालियों का प्रयोग किया जा सकता है। दरअसल, शासन में शिकायतें आ रही थीं कि जन-सामान्य द्वारा अपने खेत से अपने निजी कार्य के लिए मिट्टी खुदाई कर ले जाने पर पुलिस व प्रशासन के द्वारा परमिट की मांग करते हुए रोका जा रहा है। किसानों को होने वाली दिक्कतों को खत्म करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। उप्र.उपखनिज (परिहार) नियमावली 1963 के नियम-3 के अंतर्गत दो मीटर की गहराई तक सामान्य मिट्टी की खुदाई को खनन के अंतर्गत नहीं माना गया है।



### इन मामलों में मिलती है पर्यावरणीय अनापत्ति से छूट

उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) नियमावली 1963 के नियम-3 के अंतर्गत 2 मीटर की गहराई तक सामान्य मिट्टी को निकालने को खनन के अंतर्गत नहीं माना गया है। इस कार्य पर पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का भी पर्यवेक्षण रहता है। विभाग के द्वारा कई तरह के कार्यों के लिए पर्यावरणीय अनापत्ति से छूट प्रदान की गई है। कुम्हारों द्वारा मिट्टी के घड़े, लैंप, खिलौने आदि बनाने के लिए मैनुअल खनन द्वारा साधारण मिट्टी या बालू की निकासी। मैनुअल खनन द्वारा मिट्टी की टाइल्स बनाने के लिए साधारण मिट्टी या बालू की निकासी। किसानों द्वारा बाढ़ के बाद कृषि भूमि से बालू के जमाव को हटाने और ग्राम पंचायत में अवस्थित स्रोतों से बालू और साधारण मिटटी को वैयक्तिक उपयोग या ग्राम में समुदाय कार्य के लिए प्रथा के अनुसार खनन की छूट।

# मेजा और बारा की दो इकाइयां ठप बिजली संकट बढ़ा

**लखनऊ, अमृत विचार :** मेजा व बारा बिजलीघरों की दो इकाइयां ठप होने से प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया है। दोनों इकाइयों के जल्द चालू होने की संभावना जताई जा रही है। उधर, गांवों में छह घंटे की घोषित कटौती के कारण ग्रामीण परेशान रहे। स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रही।

यूपी पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों ने बताया कि मेजा व बारा की 660 मेगावाट क्षमता की दो इकाइयां बंद हो गई हैं। इससे उत्पादन बिजलीघरों में 1122 मेगावाट बिजली का उत्पादन कम हो गया है, जबकि उमस के कारण बिजली की मांग लगातार बढ़ती जा रही है। शनिवार को बिजली की अधिकतम मांग 29303 मेगावाट दर्ज की गई, जबकि न्यूनतम मांग 19,481 मेगावाट रही। सूत्रों ने बताया कि शाम के वक्त राज्य के बिजलीघरों में 4746 मेगावाट तापीय उत्पादन व 685 मेगावाट पनबिजली उत्पादन होता रहा। मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्त्रोतों से बिजली आयात की जा रही थी।

## सार-संक्षेप

### उद्धव से मिलने मातोश्री पहुंचे फैजाबाद सांसद अवधेश



**अयोध्या, अमृत विचार :** महाराष्ट्र यात्रा पर सपा सांसदों के दल के साथ गए अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद का पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के आवास मातोश्री पर स्वागत किया गया। 19 जुलाई को समाजवादी पार्टी महाराष्ट्र के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी नवनिर्वाचित सांसदों का स्वागत कार्यक्रम आयोजित था, जिसमें अयोध्या की ऐतिहासिक जीत पर सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव का अंगवस्त्र पहना कर मंच पर स्वागत किया गया। वहीं शनिवार को उद्धव ठाकरे के आवास पर महाराष्ट्र के प्रदेश अध्यक्ष अबू आसिम आजमी, फैजाबाद (अयोध्या) के सांसद अवधेश प्रसाद एवं आजमगढ़ के सांसद धर्मेंद्र यादव ने मुलाकात कर भविष्य में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा की।

### फूड पॉइजनिंग से आवासीय विद्यालय के 19 बच्चे बीमार

**फर्रुखाबाद, अमृत विचार :** थाना मऊ दरवाजा क्षेत्र के आवासीय विद्यालय में फूड पॉइजनिंग से 19 बच्चे बीमार हो गए। लंच में बने चावल खाने के बाद बच्चों के पेट में दर्द शुरू हुआ और उल्टियां होने लगीं। दोपहर दो बजे तक 14 बच्चों को लोहिया अस्पताल तथा पांच बच्चों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शाम को एसडीएम और बीएसए ने अस्पताल पहुंचकर बच्चों के हालचाल जाने। अधिकारियों के आने पर स्कूल प्रबंधक के बड़े भाई शिवकुमार को जिला अस्पताल लोहिया बुलाया गया। थाना मऊ दरवाजा के जसमई बाईपास स्थित श्रीबनवारी लाल इंटरनेशनल आवासीय विद्यालय कक्षा 1 से 8 तक संचालित है। इसमें 200 से अधिक बच्चे पढ़ते हैं। शनिवार को लंच में मसूर की दाल, आलू की सब्जी, चावल, रोटी बना था। जब बच्चों ने खाना खाया तो चावल खाने के बाद उनकी हालत बिगड़ने लगी।

### मुजफ्फरनगर में ट्रक पलटने से 14 कांवड़िये घायल

**मुजफ्फरनगर, एजेंसी।** रतनपुरी थाना क्षेत्र के सथेरी गांव के पास एक ट्रक शनिवार सुबह पहिया फटने के कारण पलट गया, जिससे उसमें सवार कम से कम 14 कांवड़िये घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह हादसा सुबह साढ़े 8 बजे उस समय हुआ, जब गंगा जल लेने के लिए आगरा से हरिद्वार जा रहे कांवड़ियों के ट्रक का एक पहिया सथेरी गांव के पास से गुजरते समय फट गया। क्षेत्राधिकारी (अपराध) रामाशीष यादव ने बताया कि पहिया फटने के कारण ट्रक पलट गया और उसमें सवार 14 कांवड़िये घायल हो गए। घायल कांवड़ियों को पास के अस्पताल ले जाया गया। यादव के मुताबिक, हादसे से मेरठ-मुजफ्फरनगर मार्ग पर यातायात कुछ समय के लिए प्रभावित हुआ, लेकिन इसे जल्द सामान्य कर दिया गया।

### रेलवे क्रॉसिंग तोड़कर ट्रैक्टर-ट्रॉली ट्रेन से टकराई

**भदोही, एजेंसी।** भदोही जिले में शनिवार तड़के एक ट्रैक्टर-ट्रॉली रेलवे क्रॉसिंग तोड़कर एक ट्रेन से जा टकराई। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई और करीब एक घंटे तक रेल घटनास्थल पर ही रुकी रही। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना शनिवार तड़के करीब 5 बजे भदोही जिले के ऊंज थानाक्षेत्र के राम किशुनपुर बसहीं गांव में हुई। पुलिस के अनुसार, मिट्टी से लदी एक ट्रैक्टर ट्रॉली प्रयागराज-वाराणसी रेलखंड के ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन की एक क्रासिंग तोड़कर आनंद विहार से सीतामढ़ी जा रही लिच्छवी एक्सप्रेस ट्रेन के सामने आ गई और ट्रेन से टकरा गई। पुलिस ने बताया कि ट्रैक्टर ट्रेन के इंजन के नीचे आकर फंस गया और करीब पांच किलोमीटर तक ट्रेन के साथ घसीटता चला गया।

# की-मैन ने दी थी ट्रैक में खराबी की सूचना

गोंडा रेल हादसा

- अवर अभियंता व की-मैन की बातचीत का ऑडियो हुआ वायरल

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ रेल हादसे को लेकर एक बड़ा खुलासा सामने आया है। गुरुवार को जिस ट्रैक पर हादसा हुआ, वह डेंजर जोन में था। ट्रैक की निगरानी करने वाले रेलवे के की-मैन ने एक दिन पहले ही अपने सीनियर्स को अलर्ट किया था, ट्रैक के खराब होने की जानकारी दी थी। हादसे वाले दिन भी ट्रेन के आने से आधे घंटे पहले भी वह चिल्लाता रहा कि ट्रैक खराब है, लेकिन किसी ने उसकी बात नहीं सुनी। नतीजा चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस डिरेल हो गई।

कीमैन व जेई के बीच की बातचीत का ऑडियो वायरल हो रहा है। इस वायरल ऑडियो को लेकर रेल महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। वायरल ऑडियो में की-मैन आसने अपने सीनियर अधिकारियों से चिल्ला चिल्ला कर कह रहा है कि ट्रैक खराब है, आगे खतरा हो सकता है, गाड़ी पटरी से उतर सकती है। लेकिन कर्मचारी



की बात नहीं सुनी गई और चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन इस जगह पर डिरेल हो गई।

आसने ने बताया कि उसने एक दिन पहले ही रेलवे के अवर अभियंता रंजन कुमार को इस ट्रैक की खराबी की जानकारी देते हुए उन्हें सतर्क किया था। उसने कहा कि हादसे के एक दिन पहले जब वह ट्रैक चेक कर रहा था, तब उसे पटरियों के बीच बकलिंग (गैप) दिखाई दिया था। उसने तत्काल इसकी जानकारी अपने सीनियर अफसर को दी। गुरुवार को भी दोपहर में वह ट्रैक देखने गया था। उसे ट्रैक में खराबी दिखाई दी। वह तुरंत भाग कर गेट पर पहुंचा और अपने अधिकारी को फोन किया। उन्हें ट्रैक के खराबी की जानकारी देते हुए पूछा कि कॉशन लगा है कि नहीं। दूसरी तरफ से अधिकारी ने कहा कि कॉशन लगने वाला है। इस पर की मैन ने कहा कि बहुत डेंजर स्थिति है। आसने ने जेई से कॉशन लगाने के लिए कहा था, लेकिन उसकी बात नहीं सुनी गयी। हालांकि रेल अधिकारियों का कहना है कि कॉशन लगाया गया था और ट्रेन को 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गुजरना था। लेकिन उसकी स्पीड 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से अधिक थी। रेलवे की जांच टीमें इन बिंदुओं की गहनता से पड़ताल कर रही हैं।

### सेक्शन इंजीनियर ने किया था ट्रैक का निरीक्षण

की- मैन आसने के अलर्ट पर सेक्शन इंजीनियर पीके सिंह एक दिन पहले बुधवार को ट्रैक चेक करने भी गए थे। उन्होने ट्रैक का निरीक्षण किया था। तब भी की-मैन आसने ने उन्हे बताया था कि पटरियों में गैप है। हादसा हो सकता है। इसके बावजूद कोई ठोस पहलनहीं कियागया।

# बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, एजेंसी।** चार वर्ष की एक बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने बताया कि बच्ची अपने परिवार के साथ एक शादी समारोह में आई थी। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पैर में गोली लगी और उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी (मोहम्मदाबाद) अरुण कुमार ने बताया कि आरोपी डब्ल्यू को पखना रेलवे स्टेशन के पास मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

# बाइक सवार युवक की धारदार हत्या कर निकाल ली आंखें

संवाददाता, नवाबगंज (उन्नाव)

- सड़क किनारे खेत में शव फेंक हत्यारे फरार, जांच में जुटी पुलिस

**अमृत विचार :** नवाबगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात एक बाइक सवार युवक की धारदार हथियार से नृशंस हत्या कर दी गई। हत्यारों ने उसकी आंख भी निकाल ली और उसका शव सड़क के किनारे खेतों में फेंक कर फरार हो गए। सुबह ग्रामीणों ने खेत में शव पड़ा देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। घटनास्थल से मृतक की बाइक बरामद हुई है। बाइक के आधार पर पुलिस मृतक के शिनाख्त करने में जुटी है।

युवक का शव देखकर लग रहा था कि बेरहमी से उसकी हत्या की गई है। शरीर पर कई जगह धारदार हथियार से वार किए जाने के निशान थे। उसकी आंख भी निकाल ली गई थी। खेत में भी काफी दूर तक खून बिखरा पड़ा था। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि बाइक बस्ती जिले के थाना रुदौली क्षेत्र के राम लगन चौधरी के नाम पर रजिस्टर्ड है। इस पते की जांच कराई जा रही है।

### राजा भैया की पत्नी भानवी सिंह के खिलाफ एफआईआर

**लखनऊ, अमृत विचार :** हजरतगंज कोतवाली में कुंडा सीट से विधायक रघुराज प्रताप सिंह की पत्नी भानवी सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी, साजिश समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामला प्रतापगढ़ भदरी हाउस में रहने वाले एवं द प्रापर्टीज कंपनी के पूर्व निदेशक आशुतोष सिंह ने दर्ज कराया है। आशुतोष ने भानवी सिंह पर कंपनी के शेयर में हेराफेरी कर साजिश के तहत उनके फर्जी हस्ताक्षर बना कंपनी के निदेशक पद से हटाने का आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि भानवी हजरतगंज शाहनजफ रोड भदरी हाउस में रहती हैं। 17 नवंबर 2007 को भानवी ने अपने आवास को कार्यालय दिखाकर दा प्रापर्टीज कंपनी बनाई थी। कंपनी में भानवी व अन्य के साथ ही वह भी निदेशक नियुक्त हुए थे। कंपनी का पंजीकरण कानपुर रजिस्ट्रार कार्यालय में हुआ था। कंपनी में लगातार वृद्धि एवं लाभ देखकर भानवी लालच आ गईं। कंपनी पर एकाधिकार करने की मंशा से भानवी उन पर इस्तीफा देने का दबाव बनाने लगीं। विरोध पर धमकी देती थीं।

# सॉफ्टवेयर में खराबी: दूसरे दिन भी विमान सेवाएं बाधित

**सरोजनीनगर, अमृत विचार :** माइक्रोसॉफ्ट सॉफ्टवेयर में तकनीकी खराबी से लखनऊ एयरपोर्ट पर विमान सेवाओं में आई बाधा शनिवार को भी बरकरार रही। सुबह 9 बजे तक आठ उड़ानों को रद कर दिया गया। लखनऊ एयरपोर्ट से सुबह 6 बजे और 7 : 40 बजे दिल्ली और 7:15 बजे मुंबई जाने वाली इंडिगो की उड़ान रद की गई। इसके साथ ही 8:50 बजे फ्लाइनेस की रियाद जाने वाली उड़ान भी रद की गई। दूसरी ओर मुंबई से 6:45 बजे और दिल्ली से 6:55 बजे व 8:55 बजे लखनऊ आने वाली इंडिगो की उड़ान के साथ-साथ रियाद से सुबह 8 बजे लखनऊ आने वाली फ्लाइनेस की उड़ान भी रद रही।

# बांग्लादेशी घुसपैठियों को बांट दिए निवास प्रमाणपत्र

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** रायबरेली के सलोन स्थित पाल्हीपुर में 19 हजार के करीब निवास प्रमाण पत्र बन जाना सामान्य घटना नहीं है। यह देश को अस्थिर करने की एक सुनियोजित योजना लगती है। नींद में रहा रायबरेली प्रशासन उस समय जगा, जब केरल की सुरक्षा एजेंसी के साथ देश की कई सुरक्षा एजेंसियों ने इस गांव में चहलकदमी शुरू कर दी। इस घटना के तार प्रतिबंधित संगठन पीएफआई से जुड़ते हुए नजर आ रहे हैं।

खुलासे की धुंधली शुरुआत तबसे हुई, जब असम की जेल में बंद एक कथित पीएफआई सदस्य की आईडी में सलोन के पाल्हीपुर गांव के नाम का जिक्र मिला और केरल की सुरक्षा




एजेंसियां पाल्हीपुर गांव पहुंची।

सलोन विधायक अशोक कुमार को घटना का अंदाजा उसी समय लग गया था, जब केरल की सुरक्षा एजेंसियों ने पूछताछ शुरू की थी। विधायक ने शक के आधार पर पहले रियाज नामक व्यक्ति को गिरफ्तार कराने का प्रयास किया, लेकिन बीडीओ और एसडीएम ने उस समय घटना की संवेदनशीलता नहीं समझी। रियाज जो कि ग्राम पंचायत अधिकारी विजय यादव के आईडी पर लगातार निवास प्रमाणपत्र बना रहा था, उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए कोई तैयार नहीं हो रहा था। बाद में विधायक स्वयं कोतवाली पहुंचे और मौके पर बीडीओ से विजय यादव और रियाज के खिलाफ तहरीर मंगाई और एफआईआर दर्ज कराया।

### कहां से हुई चूक

जानकारी के मुताबकि ग्राम विकास अधिकारी विजय सिंह यादव उसी क्षेत्र में जीशान के घर पर किराए पर रहता था। विजय के मोबाइल पर ही ओटीपी आती थी। नासमझी में विजय ने जीशान को ओटीपी बता देता था। सूत्रों के मुताबिक जीशान प्रत्येक प्रमाणपत्र के लिए उसे रिश्वत देता था, जिसे पाकर वह खुश हो जाता था। लेकिन उसे यह नहीं पता था कि इसकी आड़ में देश विरोधी गतिविधियां चल रही हैं। हजारों की संख्या में अवैध प्रमाणपत्र जारी होकर गंतव्य तक पहुंच चुके हैं। एटीएस और एनआईए ने अपने स्तर पर जांच शुरू कर दी है। सभी रिकॉर्ड जांच के लिए मंगाए जा रहे हैं।

> इसमें अब कोई शक नहीं है कि यह सभी प्रमाणपत्र घुसपैठियों के लिए बनाए गए हैं। 3 दिन तक प्रयास करता रहा फिर जाकर कार्रवाई शुरू हुई। मैं विभिन्न जांच एजेंसियों में कार्यरत रहा हूं। काफी प्रयास के बाद जांच शुरू करा पाया हूं। सलोन में जो कांड हुआ है वह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बहुत बड़ी साजिश है। मैं सुरक्षा एजेंसियों के लगातार संपर्क में हूं।
>
> – **अशोक कुमार**, विधायक, सलोन


## वर्ग पहेली-137

**बाएं से दाएं**

1. नित्य और सदा दूध देने वाली गाय 2. अच्छी गाय।
3. 1. जलाना, भस्म करना 2. नष्ट करना 3. बहुत कष्ट या दुख देना, संतप्त करना।
4. 1. कुल, सब 2. इकट्ठा किया हुआ, एक में मिलाया हुआ, सामूहिक।
6. 1. असावधानी या उदासीनता के कारण होने वाली भूल, त्रुटि 2. भूलने की क्रिया 3. भूल या चूक से शेष रह गया काम।
8. 1. बाज़ार का; बाज़ार से संबंधित, बाज़ार में होने वाला 2. बाज़ारू, साधारण, मामूली।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. चतुरता, होशियारी 2. विवेकशीलता, बुद्धिमत्ता।
4. कब्ज़ा किया हुआ, अधिकृत, अधीन।
5. 1. मूल रूप से, आदि में 2. संपूर्णतः।
7. किसी को कुछ ताड़ने में प्रवृत्त करना, ताड़ने का काम कराना, किसी को किसी के कार्य को भांपना



### वर्ग पहेली -136 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 आ | जा | नु | 2 बा | हु | ■ |
| इं | ■ | ■ | ज़ा | ■ | 3 सं |
| दा | ■ | ■ | र | ■ | चे |
| ■ | 4 अ | नु | वा | दि | त |
| ■ | नु | ■ | द | ■ | ना |
| 5 क़ | रा | र | ■ | 6 धा | ■ |
| ■ | धा | ■ | 7 ना | न | क |

## सुडोकू -50

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 8 | | | | 3 |
| | | | 6 | 1 | | 4 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | | 1 | | |
| 1 | 2 | | | 5 | | 9 | | |
| 9 | | 3 | | | | 8 | | 2 |
| | | 8 | | 4 | | | 6 | 1 |
| | | 7 | | | 3 | | 8 | |
| 5 | | 2 | | 9 | 1 | | | |
| 6 | | | | 2 | | 7 | | |

### सुडोकू -49 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 7 | 8 | 9 | 6 | 4 | 2 | 3 |
| 3 | 2 | 6 | 4 | 1 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 9 | 4 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 6 | 1 |
| 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 | 8 | 7 | 9 |
| 8 | 3 | 2 | 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 |
| 7 | 9 | 1 | 5 | 6 | 8 | 3 | 4 | 2 |
| 1 | 6 | 9 | 7 | 8 | 4 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 1 | 3 | 2 | 6 | 9 | 8 |
| 2 | 8 | 3 | 6 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 21 जुलाई रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पूर्णिमा 15 .46 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 22 जुलाई 12 .14 तक तत्पश्चात श्रवण।

**मेष** – आज निजी व्यापार में कुछ बदलाव कर सकते हैं। कमीशन संबंधी कार्यों से धन लाभ होगा। आपको अपना मन शांत रखने की आवश्यकता है। यदि आप प्राइवेट जॉब करते हैं तो आपको किसी बड़े प्रोजेक्ट्स में भेजा जा सकता है।

**वृष** – आज बच्चे घर के बड़े बुजुर्गों के साथ समय बिताएंगे। आपको नए कार्यों में जुटना पड़ सकता है। आपका मन शांत रहेगा। आपको कार्यक्षेत्र में यश और सम्मान प्राप्त होगा। फिल्म कारोबार से जुड़े लोगों को उच्च आर्थिक लाभ हो सकता है।

**मिथुन** – आज संवादहीनता के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है। इसीलिए आपको अपनी बात सावधानी से रखनी चाहिए। दूसरों की कमियों पर ज्यादा ध्यान न दें। धर्म-कर्म में आप रुचि लेंगे। महिला जातकों का स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**कर्क** – आज आपको कोई शुभ सूचना मिल सकती है। परिवार में आपके अधिकार बढ़ेंगे। कार्यकुशलता के कारण कार्यक्षेत्र में बहुत ही अच्छा प्रदर्शन करेंगे। दांपत्य संबंधों का आनंद उठाएंगे। बच्चे आपकी आज्ञा का पालन करेंगे।

**सिंह** – आज लवमेट्स के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। कारोबार की बाधाओं को निपटाने में व्यस्त रहेंगे। बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिल सकती है। परिजन आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे।

**कन्या** – आज व्यापार में प्रतिद्वंदिता बढ़ने की आशंका है। मित्रों से अपने मन की बातें अवश्य शेयर करें। बच्चे अपनी माता का अनुकरण करेंगे। अटके हुए कार्यों को पूरा करने का दबाव रहेगा। प्रेम संबंधों में अनबन हो सकती है।

**तुला** – आज सहकर्मी आपसे काफी अपेक्षा रखेंगे। बेवजह गुस्से के कारण आपको कठिनाई झेलनी पड़ेगी। संपत्ति में निवेश करने वालों को अच्छी डील मिल सकती है। सोशल मीडिया के माध्यम से आपको अच्छी खबर मिल सकती है।

**वृश्चिक** – आज मार्केटिंग क्षेत्र में नौकरी कर रहे लोगों की आय बढ़ सकती है। धर्म-शास्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। जीवनसाथी को कुछ उपहार दे सकते हैं। कारोबार में मित्रों की मदद लेनी पड़ सकती है। आपको मनचाहा काम मिल सकता है।

**धनु** – आज आपको उधार वापस लौटाना पड़ सकता है, जिसके कारण आपके कुछ काम रुक भी सकते हैं। आपके द्वारा की गई छोटी-छोटी गलती को लोग बड़ा करके दिखाने का प्रयास करेंगे। अपनी कार्यक्षमता को सिद्ध करने का दबाव रहेगा। प्रेम संबंध मुश्किल में पड़ सकते हैं।

**मकर** – आज अटके हुए काम बनने से खुशी मिलेगी। नए वस्त्र और आभूषण खरीद सकते हैं। बुद्धिमान लोगों का मार्गदर्शन अवश्य लें। आपके विचारों का लोग आदर करेंगे। जीवनसाथी से उपहार प्राप्त हो सकता है।

**कुंभ** – आज पारिवारिक कलह से छुटकारा मिलेगा। तनाव से बचने के लिए अच्छी नींद अवश्य लें। आप नए परिवर्तनों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। कड़वी भाषा का प्रयोग करने से संबंध बिगड़ सकते हैं। जीवनसाथी का मूड खराब हो सकता है।

**मीन** – आज अधीनस्थ कर्मचारियों के सहयोग से आपके काम हो जाएंगे। आपका दिन बहुत ही शुभ रहने वाला है। कारोबार में बड़ा निवेश कर सकते हैं। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा को लेकर थोड़े विचारशील होंगे।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
हैसियत – सुबह : 10 .42
भारत – रात : 07 .41

SONY PIX
द मैकेनिक – सुबह : 11 .29
जॉन रैम्बो – रात : 07 .33

&pictures
रक्षाबंधन – सुबह : 11 .37
साइना – रात : 08 .00

ZEE CINEMA
रमैया वस्तावैया – सुबह : 11 .23
जवान – रात : 08 .00

colors CINEPLEX
एसीपी शिवा – दोपहर : 12 .47
ना सामी रंगा – रात : 07 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टिंकू-क्या कर रहे हो?
पिंकू-मक्खियां मार रहा हूं।
टिंकू- कितनी मारी?
पिंकू-तीन मेल और दो फीमेल
टिंकू-कैसे पता मेल थी या फीमेल?
पिंकू-तीन शराब की बोतल पे थी और दो फोन पर।

बहू को खाली बैठे देखकर सास (अपने बेटे से)- तुम्हारी बीवी में बहुत सारी कमियां हैं।
सास की ये बात दूर खड़ी बहू सुन रही थी।
बहू तपाक से बोली- तभी तो मुझे अच्छा ससुराल नहीं मिला।

## एक नजर

### सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सुकमा के जगरगुंडा थाना क्षेत्र में जगरगुंडा एरिया कमेटी के नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर शुक्रवार रात डीआरजी के दल को गश्त पर रवाना किया गया। गश्ती दल शनिवार सुबह तुमार गट्टा और सिंगावराम गांव के जंगल में पहुंचा तो नक्सलियों ने उस पर गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई के बाद नक्सली भाग निकले।

### दाऊद इब्राहिम गिरोह के दो सदस्यों को जमानत

**मुंबई।** मुंबई हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की खंडपीठ ने 11 जुलाई के आदेश में महाराष्ट्र एटीएस की ओर से अगस्त 2022 में गिरफ्तार किए गए दो लोगों को जमानत दे दी है। एटीएस ने दावा किया है कि फैज भिवंडीवाला और परवेज वईद, दाऊद इब्राहिम गिरोह के सदस्य है। पीठ ने कहा कि सरकारी वकील ने एटीएस के निर्देश पर बयान दिया कि आरोपपत्र में यूएपीए के तहत आरोपों को स्थापित करने वाली कोई सामग्री नहीं है जो आतंकवादी कृत्य करने और अपराध के लिए धन एकत्र करने से संबंधित है।

### अंधविश्वास के खिलाफ याचिका दाखिल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है, जिसमें अंधविश्वास, जादू-टोने और ऐसी अन्य कुप्रथाओं को समाप्त करने के लिए उचित कदम उठाने के उद्देश्य से केंद्र और राज्यों को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। याचिका में कहा गया है कि समाज में प्रचलित अवैज्ञानिक कृत्यों को समाप्त करने के लिए अंधविश्वास एवं जादू-टोना रोधी कानून की आवश्यकता है। इसमें फर्जी संतों को लोगों का शोषण करने से रोकने के संबंध में भी कदम उठाने के लिए अनुरोध किया गया है।

### बीएसएफ के अधिकारी और जवान की गर्मी से मौत

**अहमदाबाद।** गुजरात में भारत-पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर गश्त के दौरान हरामी नाला क्षेत्र में अत्यधिक गर्मी से बीएसएफ के एक अधिकारी और एक जवान की मौत हो गई। यह घटना शुक्रवार को हुई और सहायक कमांडेंट विश्व देव और हेड कांस्टेबल दयालराम को तापघात हो गया था। विश्व देव बीएसएफ की 59वीं बटालियन से थे। दोनों को भुज के स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी।

# खनन मामले में विधायक पंवार गिरफ्तार

## गुरुग्राम से गिरफ्तार किए गए कांग्रेस नेता, हिरासत के लिए कोर्ट से अनुरोध करेगी ईडी

नई दिल्ली, एजेंसी




- प्रतिबंध के बाद भी खनन करने के आरोप में दर्ज हुईं कई प्राथमिकी
- 400 से 500 करोड़ रुपये का अवैध धन अर्जित करने का आरोप

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस नेता एवं हरियाणा के विधायक सुरेंद्र पंवार (55) को अवैध खनन से जुड़े धन शोधन मामले में गुरुग्राम से शनिवार तड़के गिरफ्तार कर लिया। उन्हें अंबाला में धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा, जहां से हिरासत में भेजने का अनुरोध किया जाएगा।

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के बाद भी यमुनानगर और उसके आसपास के जिलों में पत्थर, बजरी और रेत के कथित अवैध खनन को लेकर हरियाणा पुलिस ने कई प्राथमिकी दर्ज की थी। धन शोधन का यह मामला भी इसी से संबंधित है। केंद्रीय एजेंसी ई-रवाना योजना में कथित धोखाधड़ी की भी जांच कर रही है। ई-रवाना एक ऑनलाइन पोर्टल है, जिसे हरियाणा सरकार ने रॉयल्टी और कर संग्रह आसान बनाने तथा खनन क्षेत्रों में कर चोरी रोकने के लिए 2020 में शुरू किया था। अनुमान लगाया गया है कि कथित अवैध खनन के जरिये कुछ वर्षों में लगभग 400-500 करोड़ रुपये का अवैध धन अर्जित किया गया है।

### 1.42 करोड़ नकद, फ्लैट तथा जमीन के दस्तावेज जब्त

ईडी ने कहा कि उसने बैंक-ऋण धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन की जांच में हरियाणा कांग्रेस विधायक राव दान सिंह, उनके बेटे और कुछ व्यावसायिक इकाइयों के खिलाफ छापेमारी में 1.42 करोड़ नकद, 30 से अधिक अघोषित फ्लैट और जमीन से संबंधित दस्तावेज जब्त किए हैं। विधायक, उनके परिवार, एक संबद्ध कंपनी सनसिटी प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, एलाइड स्ट्रिप्स लिमिटेड (एएसएल) और इसके प्रवर्तक मोहिंदर अग्रवाल, गौरव अग्रवाल और कुछ अन्य के खिलाफ दिल्ली, जमशेदपुर (झारखंड), हरियाणा के महेंद्रगढ़ और गुरुग्राम में 18 जुलाई को छापेमारी की। धन शोधन की जांच आरोपियों के खिलाफ दर्ज सीबीआई की प्राथमिकी पर आधारित है। इसमें आरोपियों पर धन की धोखाधड़ी करने, आपराधिक धांधली, आपराधिक विश्वासघात और ठगी कर केनरा बैंक के नेतृत्व वाले बैंकों के संघ को 1,392 .86 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान पहुंचाने का आरोप है।

# माइक्रोसॉफ्ट आउटेज में दिखा तकनीक पर अतिनिर्भर होने का दुष्परिणाम : सीजेआई

मदुरै (तमिलनाडु), एजेंसी



- सीजेआई ने मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै पीठ के 20 वर्ष पूरे होने पर हुए समारोह को किया संबोधित

देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि माइक्रोसॉफ्ट आउटेज में दिखा कि तकनीकी निर्भरता के क्या-क्या दुष्परिणाम हो सकते हैं। सीजेआई चंद्रचूड़ ने मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै पीठ की स्थापना के 20 वर्ष पूरे होने पर आयोजित समारोह को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि हर कोई जानता है कि मैं प्रौद्योगिकी के लाभों का समर्थक हूं। कल ही हमने तकनीकी निर्भरता के प्रतिकूल प्रभाव देखे। माइक्रोसॉफ्ट आउटेज से पूरे देश में उड़ानें रद कर दी गईं लेकिन मुझे लगता है कि यह मदुरै के लोगों का प्यार है जो मेरी पिछली यात्रा के दौरान मुझ पर बरसाया, जिसने आज आप सभी के बीच मेरी उपस्थिति सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि मदुरै को थुंगा नगरम या ऐसा शहर कहा जाता है, जो कभी नहीं सोता, क्योंकि इसके बाजार हमेशा लोगों के लिए खुले रहते हैं। यह इस महान शहर की आमंत्रित और मेहमाननवाज़ संस्कृति को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि मद्रास उच्च न्यायालय की स्थायी पीठ के लिए मदुरै को चुना गया। इस अर्थ में, मदुरै शाश्वत प्रतीक है कि न्याय कभी नहीं सोता है। सीजेआई ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 214 में कहा गया है कि प्रत्येक राज्य के लिए एक उच्च न्यायालय होगा, लेकिन यह सोचना बहुत बड़ी गलती होगी कि मद्रास उच्च न्यायालय विशेष रूप से मदुरै बेंच से आने वाले निर्णयों का प्रभाव तमिलनाडु राज्य तक ही सीमित है। देश भर के वकील, न्यायाधीश और नागरिक मदुरै बेंच से आने वाले निर्णयों को बहुत प्रशंसा के साथ देखते हैं। बार के साथ-साथ उच्च न्यायालय की पीठ के न्यायाधीश केवल 20 वर्षों की छोटी अवधि में ऐसी प्रतिष्ठा स्थापित करने में सक्षम हुए हैं।

# घाटी में तालमेल से अभियान होगा संचालित

जम्मू, एजेंसी



- उच्च स्तरीय बैठक में सेना प्रमुख ने उप राज्यपाल को आतंकवाद से निपटने का दिया आश्वासन

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा को आश्वासन दिया कि सशस्त्र बल और सुरक्षा एजेंसियां जम्मू में बढ़ती आतंकवादी गतिविधियों से निपटने और शांति एवं स्थिरता बनाए रखने के लिए तालमेल से अभियान संचालित करेंगी। आतंकवादी घटनाओं और सीमापार से घुसपैठ को लेकर चिंता के बीच, जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी द्वारा शनिवार को यहां एक उच्च स्तरीय संयुक्त सुरक्षा समीक्षा बैठकों में यह आश्वासन दिया गया।

अधिकारियों ने बताया कि राजभवन और पुलिस मुख्यालय में हुई बैठक में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), जम्मू कश्मीर पुलिस के महानिदेशकों, खुफिया एजेंसियों के प्रमुखों और अन्य वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी भी शामिल हुए। जनरल द्विवेदी ने पहले पुलिस मुख्यालय में एक घंटे से अधिक समय तक चली बैठक की अध्यक्षता की। इसके बाद लगभग सभी लोग बैठक के दूसरे दौर के लिए राजभवन गए। सिन्हा ने सुरक्षा स्थिति पर सेना प्रमुख, विभिन्न सुरक्षा एवं कानून प्रवर्तन एजेंसियों के प्रमुखों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की और उनसे जम्मू संभाग में समन्वित आतंकवाद रोधी अभियान सक्रियता से चलाने को कहा। उपराज्यपाल ने कहा कि हमें आतंकवादियों और उन्हें सहायता देने वालों का सफाया करने के लिए एजेंसियों के बीच तालमेल के साथ आतंकवाद रोधी अभियान शुरू करना चाहिए। एक आधिकारिक बयान के अनुसार सिन्हा ने यह भी निर्देश दिया कि सीमा पार से घुसपैठ को रोकने के लिए सुरक्षा-व्यवस्था को मजबूत किया जाना चाहिए। तीस जून को सेना के 30वें प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने के बाद तीन सप्ताह से भी कम समय में सेना प्रमुख का जम्मू का यह दूसरा दौरा है।

## उज्जैन में दुकानदारों को नाम और सम्पर्क नम्बर प्रदर्शित करने का निर्देश

**भोपाल।** उज्जैन नगर निगम ने दुकानदारों को प्रतिष्ठानों के बाहर नाम और मोबाइल नंबर प्रदर्शित करने का शनिवार को निर्देश दिया। यह निर्देश उप्र सरकार द्वारा कांवड़ यात्रा मार्ग स्थित भोजनालयों के लिए दिए आदेश के बाद आया है। उज्जैन के महापौर मुकेश टटवाल ने कहा कि उल्लंघन करने वालों को पहली बार 2,000 और दूसरी बार में 5,000 रुपये का जुर्माना देना होगा। इसका उद्देश्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है और मुस्लिम दुकानदारों को निशाना बनाना नहीं है।

# आप ने की हरियाणा में केजरीवाल की पांच गारंटी की घोषणा

चंडीगढ़, एजेंसी


- मुफ्त बिजली, चिकित्सा, शिक्षा, हर महिला को 1,000 रुपये प्रतिमाह और रोजगार

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने शनिवार को चुनावी राज्य हरियाणा के लिए केजरीवाल की पांच गारंटी की घोषणा की। इसके तहत मुफ्त बिजली, मुफ्त चिकित्सा उपचार, मुफ्त शिक्षा, हर महिला को 1,000 रुपये प्रति माह देना और युवाओं के लिए रोजगार मुहैया कराना शामिल है।

साल के अंत में हरियाणा विधानसभा का चुनाव होना है। पंचकूला में घोषणा के दौरान सुनीता के अलावा पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, संजय सिंह और संदीप पाठक मौजूद थे। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल आबकारी नीति से जुड़े मामले में फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। हरियाणा विधानसभा चुनाव में आप के लिए समर्थन मांगते हुए सुनीता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने मोदी पर दिल्ली के मुख्यमंत्री को सलाखों के पीछे डालने का आरोप लगाया। केजरीवाल की गारंटी के बारे में सुनीता ने कहा कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आई तो घरेलू बिजली मुफ्त होगी और 24 घंटे मिलेगी। दिल्ली और पंजाब की तरह हरियाणा में भी मोहल्ला क्लीनिक होगी। सरकारी स्कूलों की स्थिति में सुधार कर मुफ्त शिक्षा दी जाएगी। हर महिला को प्रति माह 1,000 रुपये मिलेंगे।

# अंग्रेजों ने परंपराओं और पूर्वजों में आस्था को कम करने की कोशिश की : भागवत

पुणे, एजेंसी



- आरएसएस प्रमुख बोले- कुछ प्रथाएं एवं रिवाज गलत हो सकते हैं और उन्हें बदलने की जरूरत

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को दावा किया कि 1857 के बाद अंग्रेजों ने देशवासियों की अपनी परंपराओं और पूर्वजों में आस्था कम करने का व्यवस्थित तरीके से प्रयास किया। भागवत ने कहा कि अंधविश्वास तो होता है लेकिन आस्था कभी अंधी नहीं होती।

उन्होंने कहा कि कुछ प्रथाएं और रीति-रिवाज, जिनका पालन किया जा रहा है, वे आस्था हैं। कुछ प्रथाएं एवं रिवाज गलत हो सकते हैं और उन्हें बदलने की जरूरत होती है। अंग्रेजों ने 1857 के बाद हमारे मन से आस्था को खत्म करने के लिए व्यवस्थित प्रयास किए। उन्होंने हमारी अपनी परंपराओं और पूर्वजों में जो आस्था थी, उसे खत्म कर दिया। भागवत ने जीबी देगलुरकर की पुस्तक के विमोचन पर कहा कि भारत में जो मूर्ति पूजा होती है, वह आकार से परे जाकर निराकार से जुड़ती है। इसीलिए मूर्तियों के रूप में एक आकार बनाया जाता है। भारत में मूर्तियों के चेहरों पर भावनाएं होती हैं, जो कहीं और देखने को नहीं मिलतीं हैं।

## रीट-2021 प्रश्न पत्र लीक में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** ईडी ने शनिवार को कहा कि उसने 2021 में राजस्थान शिक्षक योग्यता परीक्षा (रीट) का प्रश्न पत्र में कथित तौर पर लीक होने से संबंधित धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

एजेंसी ने बताया कि राजू राम इराम को शुक्रवार को हिरासत में लिया गया था। जयपुर में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज मामलों की सुनवाई करने वाली विशेष अदालत ने उसे तीन दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। ईडी ने इससे पहले सहायक प्रोफेसर प्रदीप पाराशर और उनके सहायक रामकृपाल मीणा को गिरफ्तार किया था। इराम ने एक आरोपी से रीट-2021 का लीक हुआ प्रश्नपत्र प्राप्त कर परीक्षार्थियों को बांटने के लिए साथियों को दे दिया था। आरोपी ने सहयोगियों की मदद लेकर जोधपुर में बड़ी राशि के बदले पेपर पढ़ाने की व्यवस्था की।

# जेल में कम कैलोरी ले रहे केजरीवाल : सक्सेना

- उपराज्यपाल ने मुख्य सचिव को लिखे पत्र में लगाया आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने आरोप लगाया कि तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भोजन की चिकित्सकीय खुराक और दवाएं संभवतः जानबूझकर नहीं ले रहे। उपराज्यपाल ने मुख्य सचिव नरेश कुमार को लिखे पत्र में केजरीवाल के स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में जेल अधीक्षक की रिपोर्ट का हवाला देते हुए आरोप लगाया है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के जानबूझकर कम कैलोरी लेने के कई उदाहरण हैं, जबकि उन्हें घर का खाना उपलब्ध कराया जा रहा है। उपराज्यपाल कार्यालय ने कहा कि सक्सेना ने जेल प्राधिकारियों को सुझाव दिया कि वे मुख्यमंत्री को तय आहार के अलावा दवा और इंसुलिन लेने की सलाह दे सकते हैं, क्योंकि केजरीवाल टाइप-2 मधुमेह से पीड़ित हैं। आप ने केंद्र सरकार पर जेल में बंद केजरीवाल के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने की साजिश रचने का आरोप लगाया है और दावा किया है कि आप प्रमुख का वजन कम हो गया है तथा रक्त शर्करा स्तर में गिरावट आई है।

### आप ने की उपराज्यपाल के पत्र की आलोचना

**नई दिल्ली।** आप ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना के उस पत्र की आलोचना की, जिसमें कथित तौर पर कहा गया है कि अरविंद केजरीवाल जानबूझकर खुद को बीमार कर रहे हैं। आप ने भाजपा पर केजरीवाल की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया। आप नेता संजय सिंह ने इस दावे पर निराशा जताते हुए उपराज्यपाल पर निशाना साधते हुए कहा, यह कैसा मजाक है? क्या कोई आदमी रात में अपना शुगर लेवल कम कर सकता है? जो खतरनाक है। एलजी सर, अगर आपको बीमारी के बारे में नहीं पता है तो आपको ऐसा पत्र नहीं लिखना चाहिए।

## कारोबार/कृषि

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 2075, राज श्री 1390, फ़ॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 1975, फॉर्चुन ली. 1610, जय जवान 1525, सचिन 1510, सूरज 1550, अवसर 1650, राग गोल्ड 1605, गृहणी 1495, क्लासिक (किलो) 1715, मोर 1590, चक्र टिन 1890, ब्लू 1615, आशीर्वाद मस्टर्ड 1920, स्वास्तिक 2045 । किराना- ( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 35000, लाल मिर्च 19500-25000, धनिया 9000-11000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-900 । चावल-( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10150, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4800, खजाना 4800 । दाल दलहन-मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा काला क्राउन 10800, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7575-7900, मलका छाँटी 7500, दाल उड़द बिलासपुर 10200-10900, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8300, लाल हिंदुस्तान 8400, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9000, चना अकोला 8200, डबरा 9500-11700, सच्चा हीरा 11300, मोटा हीरा 13100, अरहर गोला मोटा 15300, अरहर पटका मोटा 16100, अरहर कोरा मोटा 16400, अरहर पटका छोटा 16000-16200, अरहर कोरी छोटी 17000 । चीनी - डालमियां 4020, पीलीभीत 4000, नवाबगंज 3990, बहेड़ी 4000 ।

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 73700 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 72700 |
| सिल्वर ( पक्की) | 900 (अनुमानित) |

# घर खरीदने वालों के लिए कर में छूट बिल्डरों को प्रोत्साहन की सिफारिश

## रियल एस्टेट कंपनियों के संगठन क्रेडाई ने बजट से पहले सरकार से किया अनुरोध

नई दिल्ली, एजेंसी



- परियोजनाओं को शुरू करने की प्रक्रिया को आसान बनाने का आग्रह

रियल एस्टेट कंपनियों के संगठन क्रेडाई ने शनिवार को सरकार से आम बजट में घर खरीदने वालों को कर में छूट देने का अनुरोध किया। साथ ही निकाय ने बिल्डरों को प्रोत्साहन देने और रियल एस्टेट परियोजनाओं को शुरू करने की मंजूरी की प्रक्रिया को आसान बनाने का आग्रह किया।

क्रेडाई ने कहा कि उसने रियल एस्टेट क्षेत्र की वृद्धि के लिए सरकार को विभिन्न सिफारिशें दी हैं। ये किफायती आवास परियोजनाओं में निवेश करने वाले डेवलपर के लिए मंजूरी प्रक्रियाओं को आसान बनाने और सब्सिडी जैसे उपायों के महत्व पर जोर देती हैं। क्रेडाई अध्यक्ष बोमन ईरानी ने कहा कि जीडीपी, रोजगार सृजन और बुनियादी ढांचे के विकास में अपने महत्वपूर्ण योगदान के चलते भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र एक अनुकूल बजट की उम्मीद करता है। यह ऐसा बजट होना चाहिए जो दीर्घकालिक चुनौतियों का समाधान करे और टिकाऊ वृद्धि का आधार हो। हमने घर खरीदारों के लिए ब्याज छूट में वृद्धि, सीएलएसएस (क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी योजना) को फिर से शुरू करने और किफायती आवास को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक कदम उठाने की बात कही है।

### स्वास्थ्य क्षेत्र में बुनियादी ढांचे और नवाचार को बढ़ावा दे सरकार

**नई दिल्ली।** बजट से पहले स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के विशेषज्ञों ने भारत में मजबूत स्वास्थ्य सेवा प्रणाली तैयार करने के लिए सरकारी खर्च में वृद्धि, बुनियादी ढांचे और नवाचार की जरूरत पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा उद्योग को बजट से अधिक उम्मीद है। इसमें अच्छे इलाज, गुणवत्ता में वृद्धि और शोध तथा विकास पर जोर देना चाहिए। एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स - इंडिया (एएचपीआई) के महानिदेशक डॉ गिरधर ज्ञानी ने कहा, उभरते स्वास्थ्य खतरों से निपटने और सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज हासिल करने के लिए सरकारी खर्च में वृद्धि जरूरी है। सरकार को स्वच्छता, स्वच्छ पेयजल और पोषण पर ध्यान केंद्रित करते हुए स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण को प्राथमिकता देनी चाहिए।

## रसायन उद्योग की चुनौतियों के समाधान को हस्तक्षेप जरूरी : नड्डा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को कहा कि सरकार रसायन एवं पेट्रोरसायन उद्योग की चुनौतियों का समाधान करने के लिए हस्तक्षेप करेगी। इस क्षेत्र की वृद्धि के लिए नीतियों एवं कार्यक्रमों के जरिए जरूरी उपाए किए जाएंगे।

नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री की इच्छा है कि हमें 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना है। यदि हमें इसको हासिल करना है तो हमें अपने कार्यक्रमों या नीतियों को उसी के अनुसार बनाना होगा। पेट्रो रसायन उद्योग को भी इसी के अनुरूप योजना बनानी होगी। मंत्री ने कहा कि उद्योग प्रतिनिधियों ने रसायन एवं पेट्रोरसायन उद्योग के समक्ष चुनौतियों के बारे में बात की है तथा उन मुद्दों के समाधान के लिए विभिन्न सुझाव भी दिए हैं।

# ईपीएफओ ने अपर्याप्त आईटी बुनियादी ढांचे पर जताई चिंता

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्रीय श्रम मंत्री को पत्र लिखकर हस्तक्षेप करने की मांग की, पुराने तंत्र से कर्मचारियों पर पड़ रहा भारी दबाव

कर्मचारी भविष्य निधि अधिकारी संघ ने सेवानिवृत्ति निधि निकाय के सूचना प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए केंद्रीय श्रम मंत्री से हस्तक्षेप की मांग की है। मंत्री को लिखे पत्र में ईपीएफ अधिकारी संघ (ईपीएफओए) ने कहा कि वह ईपीएफ आईटी बुनियादी ढांचे- सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर, आईटी जनशक्ति को उन्नत करने के लिए तत्काल हस्तक्षेप के लिए नियमित रूप से अनुरोध कर रहा है।

पुराने तंत्र से ईपीएफ के कर्मचारियों पर भारी दबाव पड़ रहा है और ईपीएफओ सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। संघ ने कहा कि स्थिति अब गंभीर हो गई है, क्योंकि अधिकारी और कार्यालय प्रतिदिन महत्वपूर्ण प्रणालीगत खामियों के बारे में बता रहे हैं। इसमें कहा गया कि ईपीएफओ का अपर्याप्त आईटी तंत्र और इससे सेवा संबंधी बाधाएं ईपीएफ सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही हैं। ईपीएफओ एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर इसकी सेवा वितरण अवसंरचना के आधारभूत घटक के रूप में कार्य करता है।

### ईपीएफओ ने रिकॉर्ड 19.5 लाख सदस्य जोड़े

**नई दिल्ली।** सेवानिवृत्ति कोष का प्रबंधन करने वाले निकाय ईपीएफओ ने मई 2024 में शुद्ध रूप से रिकॉर्ड 19 .50 लाख सदस्यों को जोड़ा। श्रम मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अप्रैल 2018 में जब पहली बार पेरोल आंकड़े जारी हुए तब से समीक्षाधीन महीने में सबसे अधिक सदस्य बढ़े।

# बारिश से आपूर्ति प्रभावित, दिल्ली में टमाटर 100 रुपये प्रति किलो

नई दिल्ली, एजेंसी



देश के विभिन्न हिस्सों में बारिश से खाद्य पदार्थों की आपूर्ति प्रभावित होने से शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी में टमाटर का भाव 100 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गया। दिल्ली में मदर डेयरी के खुदरा बिक्री केंद्र सफल पर टमाटर 100 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर उपलब्ध हैं। उपभोक्ता मामलों के विभाग के आंकड़ों के अनुसार शनिवार को दिल्ली में टमाटर की खुदरा कीमत 93 रुपये प्रति किलोग्राम थी।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार 20 जुलाई को टमाटर का अखिल भारतीय औसत मूल्य 73.76 रुपये प्रति किलो था। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अत्यधिक बारिश से आपूर्ति में व्यवधान के चलते पिछले सप्ताह कीमतों में तेज वृद्धि हुई। दिल्ली और कुछ अन्य शहरों में टमाटर, आलू और प्याज की कीमतें बहुत ज्यादा हैं। पश्चिमी दिल्ली में मदर डेयरी स्टोर पर शनिवार को प्याज 46.90 रुपये प्रति किलो और आलू 41.90 रुपये प्रति किलो था। दिल्ली में प्याज 50 रुपये प्रति किलोग्राम और आलू 40 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से मिल रहा है।

## डाटा खपत में रिलायंस जियो बना दुनिया का नंबर 1 नेटवर्क

- चीनी कंपनियों को पीछे धकेल कर जियो बढ़ा आगे

**नई दिल्ली।** चीनी कंपनियों को पीछे धकेल कर रिलायंस जियो दुनिया भर में डाटा खपत के मामले में नंबर वन कंपनी बन गई है। कंपनी के जून तिमाही के नतीजों में इस बात का खुलासा हुआ कि जियो नेटवर्क पर डाटा खपत तिमाही में 44 एक्साबाइट यानी 4400 करोड़ जीबी से आगे है। यह पिछले साल के मुकाबले करीब 33 फीसदी का उछाल है।

देश में पहली बार किसी टेलीकॉम नेटवर्क पर ग्राहक औसतन प्रतिदिन 1 जीबी से कुछ अधिक डाटा का इस्तेमाल कर रहे हैं। कंपनी की शनिवार को जारी तिमाही रिपोर्ट के अनुसार जियो 5जी नेटवर्क से जुड़े 13 करोड़ ग्राहक बड़ी तादाद में डाटा का उपयोग करते हैं। जियो के 49 करोड़ ग्राहक हैं, जिनमें से चार करोड़ ग्राहक पिछले एक साल में जियो नेटवर्क से जुड़े हैं। रिलायंस जियो इन्फोकॉम के अध्यक्ष आकाश एम अंबानी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण उच्च कवरेज़ वाला, किफायती इंटरनेट डिजिटल इंडिया की रीढ़ है।

# निर्यात को प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए दरों में वृद्धि चाहता है चाय उद्योग

कोलकाता, एजेंसी



- आरओडीटीईपी योजना के तहत आईटीए ने की वृद्धि की मांग

चाय उद्योग ने विदेशी बाजारों में निर्यात को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए आरओडीटीईपी योजना के तहत दरों में वृद्धि की मांग की है। अग्रणी उद्योग निकाय भारतीय चाय संघ (आईटीए) ने बजट पूर्व कहा कि थोक चाय के लिए वर्तमान आरओडीटीईपी दर 1.7 प्रतिशत (फ्री ऑन बोर्ड) है, जिसकी अधिकतम सीमा 6.70 रुपये प्रति किलोग्राम है।

एसोसिएशन ने सरकार से आग्रह किया कि अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए थोक में काली चाय के लिए निर्यात उत्पादों पर शुल्क और करों में छूट (आरओडीटीईपी) के तहत प्रोत्साहन आधारित दर को बढ़ाए। आरओडीटीईपी योजना सुनिश्चित करती है कि निर्यातकों को उन करों और शुल्कों पर रिफंड मिले जो पहले वसूल नहीं किए जा सकते थे।

एक अन्य उद्योग संगठन भारतीय चाय संघ (टीएआई) ने सरकार को बजट पूर्व सौंपे अपने प्रस्ताव में कहा कि चाय के लिए आरओडीटीईपी दर पूर्व की पांच प्रतिशत की एमईआईएस (वाणिज्य निर्यात प्रोत्साहन योजना) से अधिक होनी चाहिए, ताकि भारतीय चाय वैश्विक बाजार में अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता बरकरार रख सके।

# बेटी की कमी खलेगी, पर पदक ज्यादा जरूरी : दीपिका

## भारतीय तीरंदाज 19 माह की बेटी को घर छोड़कर देश का मान बढ़ाने पहुंची पेरिस, बोलीं- मानसिक दबाव तो रहेगा

PARIS 2024
ओलंपिक 5 दिन शेष



समझ नहीं आता कि हमारे देश में ओलंपिक को लेकर इतनी बातचीत क्यों होती है। ओलंपिक नजदीक आने पर हर कोई तीरंदाजी की ओर देखता है और इससे अनावश्यक दबाव पैदा होता है। हमें इसे किसी अन्य प्रतियोगिता की तरह ही लेना होगा। भारतीयों पर मानसिक दबाव काफी अधिक है।
- दीपिका कुमारी, तीरंदाज

पेरिस (फ्रांस), एजेंसी

अगले सप्ताह शुरू हो रहे ओलंपिक में चुनौती पेश करने को तैयार दीपिका कुमारी को अपनी 19 महीने की बेटी की कमी यहां खल रही है लेकिन इस भारतीय तीरंदाज के लिए दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित खेल आयोजन में पदक के सपने को पूरा करने के सामने यह बहुत छोटा सा त्याग है। दीपिका चौथी बार ओलंपिक खेलों में हिस्सा ले रही है लेकिन उन्हें अब भी इन खेलों में अपने पहले पदक का इंतजार है। दीपिका को बेटी से दूर रहने की निराशा है लेकिन ओलंपिक पदक के सामने उन्हें इससे कोई शिकायत नहीं है।

दीपिका ने साक्षात्कार में कहा अपनी बेटी से दूर होने के दर्द को बयां करना मुश्किल है लेकिन यह उस चीज को हासिल करने के बारे में भी है जिसके लिए हम इतने वर्षों से लगातार मेहनत कर रहे हैं। दीपिका ओलंपिक की तैयारियों के लिए लगभग दो महीने तक बेटी से दूर रही। पेरिस के लिए उड़ान भरने से पहले पुणे के सेना खेल संस्थान में वह कुछ समय के लिए अपने पति तीरंदाज अतनु दास और अपनी बेटी के साथ रही। मुझे उसकी काफी कमी खलती है, लेकिन इसमें कुछ नहीं कर सकते है। दीपिका ने हालांकि हिम्मत नहीं हारी और कड़ी मेहनत के साथ पिछले साल गोवा में हुए राष्ट्रीय खेलों में दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर वापसी की। उन्होंने इसके बाद कोरिया के दिग्गज कोच किम ह्युंग-टाक की देखरेख में अभ्यास करने का फैसला किया। तोक्यो ओलंपिक में क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय करने वाली दीपिका ने पेरिस में कई यादगार परिणाम हासिल किए है।

### पेरिस ओलंपिक 2024 में होने वाली स्पर्धाओं का कार्यक्रम

- **25 जुलाई :** महिला तीरंदाजी- अपराह्न एक बजे से, पुरुष वर्ग में शाम 4 .45 बजे।
- **26 जुलाई :** उद्घाटन समारोह रात 11 बजे से।
- **27 जुलाई :** नौकायन (पुरुष एकल), निशानेबाजी (एयर राइफल)- अपराह्न 12 .30 बजे से, बैडमिंटन (एकल महिला)- अपराह्न 12 .50 बजे से, टेनिस (पुरुष) टेबल टेनिस, मुक्केबाजी, पुरुष हॉकी- भारत और न्यूजीलैंड के बीच मैच।
- **28 जुलाई :** बैडमिंटन (महिला)- अपराह्न 12 बजे से, निशानेबाजी (एयर पिस्टल)- दोपहर 12 .45 बजे में, तीरंदाजी (महिला)- दोपहर एक बजे से, नौकायन (पुरुष एकल), टेबल टेनिस, मुक्केबाजी (50 किग्रा)- दोपाहर 3 .50 से, टेनिस।
- **29 जुलाई :** निशानेबाजी (एयर राइफल)- दोपहर 12 .30 से, 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम क्वालिफिकेशन अपराह्न 12 .45 बजे, 10 मीटर एयर राइफल महिला फाइनल (अपराह्न एक बजे), 10 मीटर एयर राइफल पुरुष फाइनल (अपराह्न 3 .30 बजे) तीरंदाजी (पुरुष) - दोपहर एक बजे से बैडमिंटन, हॉकी( भारत अर्जेंटीना)- शाम 4 .15 से, नौकायन (पुरुष एकल सेमीफाइनल), टेबल टेनिस राउंड 64 टेनिस, तैराकी।
- **30 जुलाई :** बैडमिंटन- अपराह्न 12 से, निशानेबाजी (ट्रैप)- अपराह्न एक बजे से, टेबल टेनिस, नौकायन, मुक्केबाजी (75 किग्रा)- अपराह्न तीन बजे से, घुड़सवारी, टेनिस, तीरंदाजी व्यक्तिगत, हॉकी (भारत आयरलैंड)- शाम 4 .45 से।
- **31 जुलाई :** बैडमिंटन- अपराह्न 12 से, निशानेबाजी (ट्रैप फाइनल)- अपराह्न 12 .30 बजे से, नौकायन, घुड़सवारी टेबल टेनिस- राउंड 16, मुक्केबाजी (75 किग्रा)- दोपहर 3 बजे से, तीरंदाजी राउंड 32- दोपहर 3 .30 बजे से, टेनिस सेमीफाइनल- दोपहर 3 .30 बजे से।
- **1 अगस्त :** 20 किमी रेस वॉक, बैडमिंटन अंतिम- 8 अपराह्न 12 बजे से, गोल्फ, तीरंदाजी, निशानेबाजी (50 मी राइफल)- दोपहर एक बजे से, हॉकी (भारत बेल्जियम)- दोपहर 1.30 बजे से, मुक्केबाज, टेबल टेनिस, टेनिस।
- **2 अगस्त :** बैडमिंटन- अपराह्न 12 बजे से, गोल्फ, नौकायन, निशानेबाजी (50 मी राइफाल)- दोपहर एक बजे से तीरंदाजी (मिश्रित)- दोपहर एक बजे से, जुडो, टेबल टेनिस ,टेनिस, नौकायन, हॉकी (भारत ऑस्ट्रेलिया)- शाम 6,45 से, 5000 मीटर (महिला) गोला फेंक।
- **3 अगस्त :** बैडमिंटन (युगल)- अपराह्न 12 से, गोल्फ, नौकायन, निशानेबाजी, तीरंदाजी (महिला)- अपराह्न एक बजे से, नौकायन, टेबल टेनिस, मुक्केबाजी।
- **4 अगस्त :** बैडमिंटन (अंतिम-4)- अपराह्न 12 बजे से, गोल्फ, निशानेबाजी (स्कीट)- दोपहर 12 .30 बजे से तीरंदाजी, घुड़सवारी, हॉकी क्वार्टर फाइनल- अपराह्न 1 .30 बजे से, 3000 मीटर स्टीपलचेज (महिला),लंबी कूद- अपराह्न 2 .30 बजे से, मुक्केबाजी (अंतिम-8)- दोपहर 2 .30 बजे से, नौकायन।
- **5 अगस्त :** निशानेबाजी (25 मी पिस्टल)- अपराह्न एक बजे से बैडमिंटन- दोपहर 1 .15 से, टेबल टेनिस, नौकायन 400 मीटर (महिला), कुश्ती (68 किग्रा)- शाम 6 .30 बजे से, 3000 मीटर स्टीपल चेज (पुरुष)- रात 10 .35 बजे से 5000 मीटर महिलाएं।
- **6 अगस्त :** भाला फेंक रैंकिंग (पुरुष)- दोपहर 1.50 बजे से, कुश्ती (50 किग्रा)- दोपहर 2 .30 बजे से, 400 मीटर नौकायन, टेबल टेनिस, हॉकी (सेमीफाइनल)- शाम 5 .30 बजे से, लंबी कूद- रात 11 .50 बजे से, मुक्केबाजी।
- **7 अगस्त :** पैदल चाल मिश्रित रिले- सुबह 11 बजे से, नौकायन, गोल्फ- सुबह 12 .30 बजे से, टेबल टेनिस, ऊंची कूद (पुरुष)100 मीटर हर्डल्स- दोपहर 1 .45 बजे से, भाला फेंक रैंकिंग (महिला), कुश्ती (महिला)- दोपहर 2 .30 बजे से ट्रिपल जंप (पुरुष), भारोत्तोलन (महिला)- रात 11 बजे से, 400 मीटर (महिला), 3000 मीटर स्टीपलचेज फाइनल (पुरुष)- देर रात 1 .10 बजे से।
- **8 अगस्त :** गोला फेंक महिला, टेबल टेनिस- दोपहर 1 .30 बजे से, 100 मीटर हर्डल्स- दोपहर 2 .05 बजे से, कुश्ती (53 किग्रा)- सुबह 2 .30 बजे से हॉकी (गोल्ड मेडल)- शाम 5 .30 बजे से, भाला फेंक फाइनल (पुरुष)- रात 11 .55 बजे से, मुक्केबाजी।
- **9 अगस्त :** गोल्फ, टेबल टेनिस, 4गुणा400 रिले (महिला)- अपराह्न 2 .10 बजे से, 4गुणा400 रिले (पुरुष)- अपराह्न 2 .35 बजे से, कुश्ती (57 किग्रा)- अपराह्न 2 .30 बजे से, 100 मीटर हर्डल्स- अपराह्न 3 .35 बजे से, गोला फेंक (फाइनल), 400 मीटर रेस (महिला), ट्रिपल जंप फाइनल (पुरुष), मुक्केबाजी (50 किग्रा)- देर रात एक बजे से।
- **10 अगस्त :** गोल्फ, टेबल टेनिस (कांस्य पदक), गोल्फ फाइनल- अपराह्न 12 .30 से, कुश्ती (76 किग्रा)- अपराह्न तीन बजे से, ऊंची (पुरुष)- रात 10 .40 बजे में, भाला फेंक (महिला), 100 मीटर हर्डल्स- रात 11 .15 बजे से, 4 गुणा 400 रिले (पुरुष-महिला) का फाइनल- रात 12 .40 बजे से, मुक्केबाजी (57 किग्रा) देर रात एक बजे से।
- **11 अगस्त :** कुश्ती (76 किग्रा)- दोपहर 2 .30 बजे से शुरू होगा।

## एक्रीडिटेशन नहीं मिलने पर भारत के तीरंदाजी कोच नाराज

पेरिस, एजेसी



पेरिस खेलों के लिए एक्रीडिटेशन नहीं मिलने से नाराज भारत के कोरियाई तीरंदाजी कोच बाएक वूंग की ने शनिवार को कहा कि 30 अगस्त को उनका अनुबंध खत्म हो जाएगा जिसके बाद वह इस पद पर जारी नहीं रहेंगे। साथ ही उन्होंने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के खराब प्रशासन की आलोचना की।

मार्सिले में भारतीय टीम की तैयारी की देखरेख के बाद फ्रांस की राजधानी पहुंचे वूंग की ने कहा कि उन्हें महत्वपूर्ण समय पर ओलंपिक कोचिंग की भूमिका से हटा दिया और अब वह वापसी की टिकट बुक किए जाने के बाद भारत लौटेंगे। 61 वर्षीय कोच ने कहा, मैं एक कोरियाई कोच हूं और मैंने पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय तीरंदाजों की तैयारी के लिए अनुबंध किया था, लेकिन ऐसे महत्वपूर्ण समय पर मुझे ओलंपिक कोचिंग की भूमिका से हटा दिया गया और मेरे उड़ान कार्यक्रम ने मुझे घर लौटने की जानकारी दी। वह पेरिस के एक होटल में ठहरे हुए हैं और ओलंपिक के लिए अपने 'एक्रीडिटेशन' (मान्यता कार्ड) का इंतजार कर रहे हैं। मेरा अनुबंध 30 अगस्त तक है और मैंने ओलंपिक के लिए ही इस करार पर हस्ताक्षर किये थे। वूंग की ने स्पष्ट करते हुए कहा कि वह अपने अनुबंध को आगे नहीं बढ़ाएंगे।

### तीरंदाजी और नौकायन टीम पेरिस खेल गांव पहुंची

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक के लिए भारत के दल प्रमुख गगन नारंग ने शनिवार को सूचित किया कि तीरंदाजी और नौकायन दल खेल गांव पहुंच गई हैं और खिलाड़ी खेलों के इस महासमर में अपना अभियान शुरू करने के लिए उत्सुक हैं। तीरंदाजी और नौकायन दल ने पेरिस खेल गांव में प्रवेश किया और अपनी अंतिम तैयारियों में जुटी भारतीय पुरुष हॉकी टीम नीदरलैंड से आज खेल गांव पहुंचेगी। लंदन ओलंपिक 2012 के कांस्य पदक विजेता निशानेबाज नारंग ने कहा मैंने भारतीय दल के लिए खेल गांव के अंदर इंतजामों का जायजा लिया। तीरंदाजी और नौकायन वहां पहुंचने वाली पहली भारतीय टीम थीं। खिलाड़ी धीरे-धीरे खेल गांव में सहज हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय खिलाड़ी काफी रोमांचित हैं और उत्साह से भरे हैं। चार बार के ओलंपियन नारंग ने कहा काफी उत्साह का माहौल है और खिलाड़ी भी स्पर्धाओं के एरीना में कुछ गेम टाइम चाहते हैं।

## खेल डायरी

### 100 साल पुराना हुआ मोहरों का खेल...



रूस के सेंट पीटर्सबर्ग स्क्वायर में 20 जुलाई को फिडे विश्व शतरंज 1999 चैंपियनशिप के विजेता अलेक्जेंडर खलीफमैन (दाएं) और यूरोपीय व्यक्तिगत शतरंज चैंपियनशिप 2017 के विजेता मैक्सिम मैटलाकोव ने शतरंज का खेल खेला। जहां ड्वोर्तसोवाया पैलेस में अंतर्राष्ट्रीय शतरंज दिवस समारोह के दौरान शतरंज के मोहरों के रूप में सजे अभिनेता एक विशाल हेसबोर्ड पर इस खेल का प्रदर्शन किया। बता दें कि अंतर्राष्ट्रीय शतरंज दिवस 1966 से प्रतिवर्ष 20 जुलाई को मनाया जाता है, और यह इस दिन को चिह्नित करता है जब 100 साल पहले 20 जुलाई 1924 को अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) की स्थापना हुई थी।

### भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच बने मनोलो

**नई दिल्ली।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) टीम एफसी गोवा के वर्तमान प्रभारी स्पेन के मनोलो मार्केज को शनिवार को भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। वह बर्खास्त इगोर स्टिमक की जगह लेंगे। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की कार्यकारी समिति की शनिवार को यहां हुई बैठक में 55 साल के मार्केज को शीर्ष पद के लिए नियुक्त किया। मार्केज वर्तमान में आईएसए मुंबई के खिलाड़ियों ने राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस में जीते 17 पदक टीम एफसी गोवा के मुख्य कोच हैं। एआईएफएफ ने कहा समिति ने दिन के पहले फैसले में सीनियर पुरुष राष्ट्रीय टीम के लिए नए मुख्य कोच की नियुक्ति पर विचार-विमर्श किया और तत्काल प्रभाव से इस पद के लिए मनोलो मार्केज का चयन किया। भारतीय टीम के 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में जगह बनाने में असफल रहने के बाद स्टिमक को 17 जून को मुख्य कोच के पद से बर्खास्त कर दिया गया था।

### नडाल 2022 के बाद पहली बार फाइनल में पहुंचे




**बस्ताड (स्वीडन)।** राफेल नडाल नॉर्डिया ओपन में डुजे अजदुकोविच को शनिवार को यहां 4-6, 6-3, 6-4 से हराकर 2022 फ्रेंच ओपन के बाद अपने पहले फाइनल में पहुंचे। नडाल ने क्ले कोर्ट पर खेले जा रहे इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में इससे पहले 36वीं रैंकिंग पर काबिज मारियानो नवोन को चार घंटे तक चले मुकाबले में 6-7, 7-5, 7-5 से हराया था। उन्होंने अजदुकोविच के खिलाफ भी पहले सेट में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की। नडाल ने 2005 में 19 वर्ष की उम्र में यहां खिताब जीता था जिसके बाद वह पहली बार यहां खेल रहे हैं। वह पेरिस में रोलां गैरो पर ओलंपिक में खेलने की तैयारी में हैं। उन्होंने पहले दौर में स्वीडन के महान खिलाड़ी ब्योर्न बोर्ग के बेटे लियो बोर्ग को हराया। 38 वर्ष के नडाल ने विंबलडन में भाग नहीं लिया था। वह पिछले डेढ़ साल से कूल्हे और पेट की चोटों से जूझ रहे हैं।

## इंग्लैंड ने चाय तक बनाए 116 रन, 75 रन की बढ़त

नाटिंघम (इंग्लैंड), एजेंसी

इंग्लैंड ने बेन डकेट के अर्धशतक से वेस्टइंडीज के खिलाफ शनिवार को यहां दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन चाय ब्रेक तक दूसरी पारी में एक विकेट पर 116 रन बनाकर 75 रन की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड ने दूसरे ही ओवर में जाक क्राउले का विकेट गंवा दिया जो रन आउट हुए। इसके बाद डकेट और ओली पोप ने मिलकर चाय ब्रेक तक बल्लेबाजी की। डकेट 61 रन और पोप 48 रन बनाकर खेल रहे हैं।

वेस्टइंडीज ने अंतिम विकेट के लिए 71 रन की साझेदारी से पहली पारी में 457 रन बनाकर इंग्लैंड के खिलाफ 41 रन की बढ़त हासिल की थी। जोश डा सिल्वा (नाबाद 82 रन) ने 11वें नंबर के बल्लेबाज शमार जोसफ (33 रन) के साथ अंतिम विकेट के लिए यह साझेदारी बनाकर पहली पारी की बढ़त हासिल की। इंग्लैंड को गेंदबाजी में विफलता का खामियाजा



दूसरे टेस्ट में अर्धशतक बनाने के बाद दर्शकों का अभिवान करते जोश डा सिल्वा। ● एजेंसी

भुगतना पड़ा। वेस्टइंडीज ने सुबह पांच विकेट पर 351 रन से खेलना शुरू किया लेकिन 35 रन के अंदर चार विकेट गंवा दिए। क्रिस वोक्स ने जेसन होल्डर, अल्जारी जोसफ और जेडन सील्स के विकेट झटके। गुस एटकिन्सन ने केविन सिन्क्लेयर का विकेट हासिल किया। लेकिन इसके बाद इंग्लैंड की टीम वेस्टइंडीज की पारी जल्द खत्म नहीं कर सकी। इंग्लैंड ने पहली पारी में 416 रन बनाये थे।

## पिता की सलाह पर अपनाई कुश्ती : रीतिका



अपने कोच मनदीप के साथ रितिका हुड्डा। ● एजेंसी

नई दिल्ली, एजेंसी

● **कुश्ती में पदक लाने की है उम्मीद, बचपन में हैंडबॉल खिलाड़ी रहीं हैं रीतिका हुड्डा**

पिता की सलाह पर कुश्ती को अपनाने वाली रीतिका हुड्डा महिला हैवीवेट (76 किग्रा) भार वर्ग में भारत की पहली ओलंपिक क्वालीफायर बनने के बाद अगले सप्ताह से पेरिस में शुरू हो रहे खेलों में पदक का दबाव लिए बिना अपनी तैयारियों को पुख्ता कर रही है। किस्मत पर भरोसा करने वाली रीतिका उन चीजों (कड़ी मेहनत) को पूरे जी-जान से करना चाहती है जो उनके हाथ में है।

रोहतक की 22 साल की इस पहलवान के लिए कुश्ती पहली पसंद नहीं थी। रीतिका बचपन में हैंडबॉल खेलती थी और यहां तक कि जूनियर राष्ट्रीय स्तर पर वह राज्य टीम में जगह बनाने में सफल रही। उन्होंने राज्य टीम में जगह बनाने की खुशी को जब अपने परिवार के साथ साझा किया तो उनके पिता ने उनसे टीम खेल के बजाय व्यक्तिगत खेल चुनने का सुझाव दिया। इसके बाद रीतिका की कुश्ती की यात्रा की शुरुआत 2015 में हुई। उन्होंने साक्षात्कार में कहा, मेरे पिता मुझे छोटू राम अखाड़े में ले गए। मेरे कोच मनदीप ने मुझे एक खास आक्रमण करने के लिए कहा और वह मेरे प्रदर्शन से खुश थे, इसलिए उन्होंने मुझे इसमें ले लिया। मेरे लिए अब कुश्ती ही सब कुछ है। मैं कुश्ती के बारे में सोचती हूं, उसी के सपने देखती हूं।

रीतिका की मां नीलम ने बताया उनके पिता जगबीर चाहते थे कि उनकी बेटी व्यक्तिगत खेल चुने। नीलम ने कहा उसे राज्य हैंडबॉल टीम के गोलकीपर के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए चुना था। उसने अपने चयन के बारे में बताया। उसके पिता ने पूछा कि क्या वह वास्तव में खेल को गंभीरता से लेना चाहती है और जब रीतिका ने हां में सिर हिलाया, तो उन्होंने कहा कि तुम्हें कोई व्यक्तिगत खेल खेलना चाहिए। नीलम ने कहा तब जगबीर ने रीतिका से उसका पसंदीदा खेल पूछा और उसने जूडो और कबड्डी का जिक्र किया लेकिन उसके पिता ने उसे कुश्ती खेलने का सुझाव दिया और वह मान गई। रीतिका को 15 अगस्त 2015 को अखाड़े में नामांकित किया गया था। रीतिका ने कहा, मैं पूरी मेहनत कर रही हूं।

## पीसीबी का तीन खिलाड़ियों को एनओसी देने से इंकार

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने व्यस्त कार्यक्रम का हवाला देते हुए कनाडा में होने वाले ग्लोबल टी-20 टूर्नामेंट के लिए शाहीन शाह अफरीदी, बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) देने से इनकार कर दिया है। पीसीबी ने कहा कि उसने तीनों खिलाड़ियों और चयन समिति से परामर्श करने के बाद एनओसी नहीं जारी करने का फैसला किया है। इससे पहले पिछले सप्ताह पीसीबी नेद हंड्रेड खेलने के लिए नसीम शाह के एनओसी देने से इंकार कर दिया था। पीसीबी ने कहा, यह याद रखना चाहिए कि अगस्त 2024 और मार्च 2025 के बीच पाकिस्तान क्रिकेट टीम को आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के नौ टेस्ट, आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी, 14 एकदिवसीय और नौ टी-20 खेलने हैं। तीनों क्रिकेटर तीनों प्रारूपों में खेलते हैं और पाकिस्तान को अगले आठ महीनों में उनकी सेवाओं की आवश्यकता होगी। पिछले वर्ष पीसीबी और खिलाड़ियों ने तीन साल के केंद्रीय अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत उन्हें प्रति वर्ष दो विदेशी फ्रेंचाइज प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति है बशर्ते कि अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम आपस में ना टकराए।

## थाईलैंड ने मलेशिया को 22 रन से हराया

**महिला एशिया कप**

दांबुला, एजेंसी

नन्नाफट कोंचारवेंकै (40), फननीता माया (29) की शानदार पारियों के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत महिला एशिया कप टी-20 मुकाबले में शनिवार को थाईलैंड टीम ने मलेशिया को 22 रनों से हरा दिया है।

थाईलैंड की कप्तान थिपाचा पुट्ठावोंग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी थाईलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 22 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। थाईलैंड की महिला टीम ने नन्नाफट कोंचारवेंकै (40) और फननीता माया के (29) रनों की पारी की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 133 रन बनाए। नन्नाफट ने 40 रन बनाए। सुवानान (13) और रोसेनान (13) रन बनाकर नाबाद रहीं और 134 रनों का लक्ष्य दिया। वहीं, मलेशिया की वान जूलिया और कप्तान विनिफ्रेंड की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट लिए 68 रनों की साझेदारी की। पहले विकेट के रूप में कप्तान दुरइसिंगम (22) रन बनाकर आउट हुई। कप्तान के आउट होने के बावजूद जूलिया ने 53 गेंदों में 52 रन बनाए। आखिरी आठ बल्लेबाजों ने मात्र 26 रन बनाए। मलेशिया की टीम निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 111 रन ही बना सकी और 22 रन से मुकाबला हार गई।

### श्रीलंका ने बांग्लादेश को सात विकेट से हराया

**दाम्बुला (श्रीलंका)।** मेजबान श्रीलंका ने महिला टी-20 एशिया कप के मैच में बांग्लादेश को सात विकेट से हराकर अपने अभियान का आगाज किया। बांग्लादेश को आठ विकेट पर 111 रन पर रोकने के बाद श्रीलंका ने 17 गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 114 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। बांग्लादेश का टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला गलत साबित हुआ और टीम ने 17 रन तक चार तथा 48 रन तक पांच विकेट गंवा दिए। कप्तान निगार सुल्ताना ने नाबाद 48 रन की पारी खेल टीम को संकट से बाहर निकाला। वहीं, श्रीलंका की सलामी बल्लेबाज विशमी गुणरत्ने 48 में 51 रन बनाकर टीम की आसान जीत सुनिश्चित की।



### यूएई को हराकर सेमीफाइनल में जाना चाहेगी भारतीय टीम

**दाम्बुला।** आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय महिला क्रिकेट टीम रविवार को संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ जीत दर्ज करके महिला एशिया कप सेमीफाइनल में जगह पक्की करने उतरेगी। गत चैंपियन भारत ने शनिवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को सात विकेट से हराया। यूएई को हरमनप्रीत कौर की टीम को हराने के लिये चमत्कारिक प्रदर्शन करना होगा। भारत के फिलहाल दो अंक और प्लस 2 .29 का नेट रनरेट है और अमीरात को हराने से उसके चार अंक हो जाएंगे। पाकिस्तान के खिलाफ दीप्ति शर्मा, रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर ने अच्छी गेंदबाजी की । टीम प्रबंधन को बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू शृंखला के जरिए वापसी की है। बांग्लादेश में भी हालात ऐसे ही होंगे लिहाजा हमें इस टूर्नामेंट से काफी मदद मिलेगी। दूसरे मैच में पाकिस्तान का सामना नेपाल से होगा। आज का मैच दोपहर दो बजे से शुरू होगा।

## बॉलीवुड हलचल



### फिल्म धुरंधर में नजर आएंगी यामी गौतम

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम फिल्म धुरंधर में काम करती नजर आ सकती हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि उरी द सर्जिकल स्ट्राइक फेम निर्देशक आदित्य धर एक फिल्म बना रहे है, जिसका नाम धुरंधर है। बताया जा रहा है कि इस फिल्म के लिए आदित्य धर ने रणवीर सिंह, संजय दत्त, आर माधवन और अर्जुन रामपाल से बात की है। अब इस लिस्ट में आदित्य धर की पत्नी यामी गौतम का नाम भी जुड़ गया है। कहा जा रहा है कि इस फिल्म में यामी गौतम लीड रोल में नजर आने वाली हैं। कहा जा रहा है कि फिल्म धुरंघर में रणवीर सिंह, पाकिस्तान में तैनात एक खुफिया ऑफिसर के किरदार में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म अभी प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है। आदित्य धर फिल्म धुरंधर को जियो स्टूडियो के साथ मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म धुरंधर अगले साल यानी 2025 के सेकंड हाफ में रिलीज हो सकती है।

### ड्यून प्रोफेसी से तब्बू का फर्स्ट लुक रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तब्बू की आने वाली हॉलीवुड फिल्म ड्यून प्रोफेसी से उनका फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। लाइफ ऑफ पाई, ए सूटेबल ब्वॉय और द नेमसेक के बाद तब्बू इंटरनेशनल फिल्म ड्यून प्रोफेसी में नजर आने वाली हैं। वर्ष 2021 में ड्यून किताब पर आधारित ड्यून पार्ट 1 बनाई गई जो ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। इसी साल मार्च में ड्यून पार्ट 2 प्रदर्शित हुई, जो सुपरहिट हुई। अब ड्यून का प्रीक्वल आ रहा है। कुछ समय पहले ही ड्यून के प्रीक्वल ड्यून प्रोफेसी का एलान हुआ था। इस सीरीज में तब्बू की अहम भूमिका होगी। ड्यून प्रोफेसी का दूसरा टीजर रिलीज हो गया है, जिसमें तब्बू का पहला लुक दिखाई दिया है। वह इस सीरीज में सिस्टर फ्रांसेस्का के किरदार में नजर आएंगी। उनकी यह सीरीज इसी साल नवंबर में रिलीज होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

